रांची का तापमान
कांके: अधिक. 29.0° न्यून. 23.5°
रांची: अधिक. 29.7° न्यून. 23.6°
रांची, रविवार
29 जून 2025
वर्ष-26, अंक-147, पृष्ठ-12

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12



## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए मांगी जा रहीं विशेष दुआएं, हो रही प्रार्थना

# दिशोम गुरु के स्वास्थ्य में तेजी से हो रहा सुधार : संजय सेठ

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए शनिवार को मस्जिदों में विशेष दुआ का आयोजन किया गया। अन्य जगहों पर दुआ करने का आह्वान किया गया है। कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की अपील पर यह आयोजन हो रहा है। वहीं, लोग मंदिरों में उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना भी कर रहे हैं। राज्य के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि गुरुजी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के अभिभावक हैं। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होना पूरे राज्य के लिए चिंता का विषय है। इसलिए हर सुबह वे मां दुर्गा भवानी से प्रार्थना कर रहे हैं कि गुरुजी शिबू सोरेन जल्द ठीक हो जाएं।



- दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले संजय सेठ, अन्नपूर्णा देवी, कुणाल सारंगी
- प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलेश भी मिले

वहीं, रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के संजय सेठ ने शनिवार को नई दिल्ली में सर गंगाराम अस्पताल जाकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के बाद संजय सेठ ने बताया कि दिशोम गुरु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। बहुत जल्द ही वे झारखंड को आशीर्वाद देने के लिए हम सबके बीच होंगे।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बताया कि दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। ईश्वर से प्रार्थना है कि 'गुरुजी' शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ हों।





इधर, झामुमो नेता कुणाल सारंगी ने भी दिल्ली में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की और गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। कुणाल सारंगी ने भी कहा कि गुरुजी का स्वास्थ्य स्थिर है और चिंता की बात नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, बाबा का स्वास्थ्य बिल्कुल स्थिर है और किसी तरह की चिंता की कोई बात नहीं है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी दिल्ली पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मिलकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात करने वाले में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह एवं अन्य शामिल थे। शेष पेज 11 पर

## भारतीय शूरवीरों शत-शत नमन

राष्ट्रीय नवीन मेल




पुष्पांजलि मिश्रा

हे भारत के प्रहरी! हमारे जल-थल-नभ सेना के शूरवीरों, आपके अदम्य साहस, इच्छाशक्ति और पराक्रम के समक्ष हम नतमस्तक हैं। आप हमारे देश की आन-बान-शान हैं। पड़ोसी देश से संचालित, घटित आतंकवाद की घटना के विरोध में सभी भारतवासियों का खून खौल रहा था। सभी प्रतिशोध चाहते थे और हम सबके प्रतिनिधिस्वरूप जिस तरह आपने इस सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया, दुश्मन के आतंकी ठिकाने को ध्वस्त किया, यह काबिलेतारीफ है। आपने पूरे विश्व के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत किया कि जब बात देश और देशवासियों की होगी, तो भारतीय सेना हुंकार भरेगी और सिंह गर्जना के साथ दुश्मन का नामो निशान मिटा देगी। आपने अपना लोहा मनवाया, दिखा दिया कि भारतीय सेना सक्षम है, उनमें समन्वय है, साहस है, धैर्य है।

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## इंचैम हनोई से एमओयू के बाद एफजेसीसीआई अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा

# झारखंड-हनोई में समझौते से बढ़ेंगे व्यापार के अवसर

- अंतराष्ट्रीय दौरे पर निकला एफजेसीसीआई का प्रतिनिधिमंडल आमंत्रण पर गया था हनोई

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** अंतराष्ट्रीय दौरे में शामिल फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) का विशेष प्रतिनिधिमंडल शनिवार को वियतनाम के हनोई में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन वियतनाम, हनोई (इंचैम हनोई) के आमंत्रण पर पहुंचा था। एफजेसीसीआई और इंचैम हनोई के साथ एक बैठक भी हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों संगठनों के बीच व्यापारिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को सुदृढ़ करना था।

ज्ञात हो कि इंचैम हनोई वियतनाम में भारतीय व्यापारिक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है। इसका उद्देश्य भारत और वियतनाम के बीच व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना है। यह संस्था भारतीय दूतावास के सहयोग से व्यापारिक गतिविधियां, नेटवर्किंग इवेंट्स और द्विपक्षीय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रही है।

प्रवक्ता सुनील सरावगी के अनुसार, इस अवसर पर एफजेसीसीआई और इंचैम हनोई के बीच एक औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इसका उद्देश्य झारखंड और वियतनाम के व्यापारिक समुदाय के बीच दीर्घकालिक सहयोग की नींव रखना है। एफजेसीसीआई के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि झारखंड चैंबर और इंचैम हनोई के बीच हुआ यह समझौता न केवल द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा, बल्कि दोनों देशों के लघु, मध्यम और स्टार्टअप उद्यमों को वैश्विक अवसरों तक पहुंच प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे राज्य के उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे।

एफजेसीसीआई अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में इंचैम हनोई के साथ हुई वार्ता में झारखंड चैंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, रंजीत गाड़ोदिया और सदस्य मनोज मिश्रा शामिल थे।

एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर इंचैम हनोई की ओर से चेयरमैन नवेंदु कुमार, वाइस चेयरमैन चैतन्य रेड्डी, जनरल सेक्रेटरी प्रभज्योत शर्मा और अन्य सदस्य मौजूद थे। उन्होंने झारखंड चैंबर के साथ इस साझेदारी को दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई देनेवाला कदम बताया।




### झारखंड को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम : मल्होत्रा

एफजेसीसीआई महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि यह पहल झारखंड को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता दोनों संगठनों को व्यापारिक मेल, निवेश सम्मेलनों, प्रतिनिधिमंडल यात्रा, तकनीकी सहयोग, स्टार्टअप एक्सचेंज और सांस्कृतिक साझेदारी जैसे विविध क्षेत्रों में साथ मिलकर कार्य करने की दिशा में प्रतिबद्ध करता है। एफजेसीसीआई के सह सचिव विकास विजयवर्गीय और नवजोत अलग ने संयुक्त रूप से कहा कि यह समझौता झारखंड के उद्यमियों के लिए वैश्विक मंचों पर प्रतिस्पर्धा करने का एक सुनहरा अवसर है। यह पहल झारखंड चैंबर की दूरदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में समर्पण को दर्शाता है।

### यह व्यापार और सांस्कृतिक समृद्धि की नई मिसाल बनेगा : नवेंदु कुमार

इंचैम हनोई के चेयरमैन नवेंदु कुमार ने झारखंड के साथ सहयोग को लेकर गहरी रुचि और उत्साह प्रकट करते हुए कहा कि भारत और वियतनाम के बीच संबंधों का यह नया अध्याय व्यापार और सांस्कृतिक समृद्धि की नई मिसाल बनेगा।

### वियतनाम में व्यापार स्थापित करना सरल : संदीप आर्य

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में एफजेसीसीआई के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने वियतनाम में भारतीय दूतावास में भारत के राजदूत संदीप आर्य से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर भारतीय राजदूत आर्य ने वियतनाम के सामाजिक, आर्थिक एवं व्यापारिक परिदृश्य की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पेशल इकोनॉमिक जोन में प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना करते हुए बताया कि वियतनाम में व्यापार स्थापित करना सरल और सुविधाजनक है। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने वियतनाम में भारतीय राजदूत के साथ संपन्न हुई बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे झारखंड के विकास के लिए सहायक बताया। भारतीय राजदूत ने वियतनाम के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और देश के एकीकरण की पृष्ठभूमि की जानकारी साझा करते हुए वर्तमान राजनीतिक एवं कारोबारी स्थिरता को भारत के निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया। उन्होंने झारखंड के उद्यमियों को वियतनाम में व्यापारिक विस्तार, साझेदारी तथा निर्यात के लिए प्रोत्साहित किया। वार्ता के क्रम में उन्होंने विशेष रूप से उन क्षेत्रों का उल्लेख किया, जिनमें झारखंड के व्यापारी व उद्यमी वियतनाम के साथ मिलकर कार्य कर सकते हैं, जैसे खनिज आधारित उद्योग, कृषि प्रसंस्करण, हैंडीक्राफ्ट, फार्मास्युटिकल्स और शिक्षा सेवाएं। शेष पेज 11 पर

## पीएम ने की आईएसएस पर गए शुभांशु से बात

# आपकी यात्रा भारत के लिए नए युग का शुभारंभ : मोदी



- शुभांशु ने कहा, अंतरिक्ष से भारत माता की जय
- सभी का प्यार पाकर बहुत अच्छा लग रहा है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष में गए भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से शनिवार को बात की। इस बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने उनका हालचाल जाना और कहा कि उनकी यह यात्रा नए युग का शुभारंभ है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय ने देश के लिए इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताया। बातचीत के अंत में उन्होंने 'अंतरिक्ष से भारत माता की जय' कहा।

पीएम मोदी ने शुभांशु शुक्ला से कहा, आप भारतभूमि से दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। जब हम दोनों बात कर रहे हैं, लेकिन मेरे साथ 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाएं भी हैं, मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई देता और शुभकामना देता हूं।

पीएम मोदी ने शुभांशु से पूछा कि वहां सब कुशल मंगल तो है, इस पर शुभांशु ने पीएम मोदी का धन्यवाद देते हुए कहा कि वहां सब ठीक है। उन्होंने कहा, सभी के आशीर्वाद और प्यार पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। मेरी यात्रा पृथ्वी से ऑर्बिट तक की 400 किमी की यात्रा बेहद अहम है। आज मैं गर्व महसूस कर रहा हूं कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं।

शेष पेज 11 पर

### हर भारतीय देख रहा है शुभांशु कितने 'डाउन टू अर्थ' हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने अपनी बातचीत में कहा कि हर भारतीय देख रहा है कि शुभांशु शुक्ला कितने 'डाउन टू अर्थ' हैं। पीएम ने पूछा कि उन्होंने अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों को भी गाजर का हलवा खिलाया या नहीं? उन्होंने शुभांशु से पूछा कि अंतरिक्ष की विशालता देखकर पहला ख्याल क्या आया? इसके जवाब में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि अंतरिक्ष से कोई सीमा दिखाई नहीं देती, हम भारत को मैप पर देखते हैं, भारत सच में बहुत भव्य दिखता है। शुभांशु ने बताया कि उन्होंने अपने पैर बांध रखे हैं, क्योंकि वहां जीरो गुरुत्वाकर्षण है। चुनौतियों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में सोना बहुत बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चंद्रयान की सफलता के बाद देशभर के बच्चों में अंतरिक्ष को एक्सप्लोर करने का जज्बा बढ़ा है और शुभांशु की यात्रा बच्चों को जज्बा देती है। प्रधानमंत्री के आग्रह पर देश की युवा पीढ़ी के लिए संदेश में शुभांशु ने कहा, हमने बड़े सपने देखे हैं, उन्हें पूरा करने के लिए कहूंगा कि सफलता का कोई एक रास्ता नहीं होता। इसलिए, कभी प्रयास करना मत छोड़िए, सफलता जरूर मिलेगी।

## बिहार बना देश का पहला राज्य

# छह नगरपालिका उपचुनाव में मोबाइल से हुआ मतदान




- पहली महिला ई-वोटर बनी विभा, पुरुष मतदाता बने मुन्ना कुमार

**पटना (हि.स.)**

बिहार ने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नई डिजिटल क्रांति की शुरुआत कर दी है। देश में पहली बार मोबाइल से ई-वोटिंग की सुविधा को जमीनी हकीकत में बदलते हुए, तीन जिलों की 6 नगरपालिका में हुए उपचुनावों में हजारों मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ी दयाल की निवासी विभा देवी ने देश की पहली महिला ई-वोटर बनकर इतिहास रच दिया, जबकि मुन्ना कुमार पहले पुरुष ई-वोटर के रूप में वोट डाला। ई-वोटिंग के माध्यम से कुल 67 प्रतिशत लोगों ने अपने मातधिकार का प्रयोग किया।

बक्सर जिले की प्रेमावती देवी, जो उम्र के कारण पहले मतदान केंद्र नहीं जा पाती थीं, उन्होंने भी आज मोबाइल से पहली बार वोट डालकर गर्व महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, मोबाइल से वोट डालना आसान नहीं था, पर बच्चों ने सिखाया और मैंने घर बैठे ही लोकतंत्र में हिस्सा ले लिया।

ई-वोटिंग सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# वो फिरायालाल चौक वाला परमवीर अलबर्ट एक्का

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का बाक़ी यही निशां होगा। पर बिना शहीद हुए बिना किसी योगदान के राजनीतिक दबाव में ऐसे लोगों के नाम पर सड़क, फ्लाईओवर या मूर्तियां यदि कहीं लगें तो युवा पीढ़ी सवाल करती है कि ये महापुरुष कौन थे? स्थिति यह है कि रांची के मेन रोड को महात्मा गांधी रोड के रूप में कोई नहीं जानता, धुर्वा इलाके में कैलाशपति मिश्र की मूर्ति पर भी कुछ लोगों ने विवाद किया था। इसी तरह झारखंड के प्रायः सभी शहरों में मनमाने ढंग से प्रमुख स्थलों के नामकरण किए गए और अभी भी विभिन्न पार्टियों सहित अनेक प्रभावशाली लोग अपने चेहेतों के नाम सड़क, चौक चौराहों का नामकरण कराने के लिए दबाव बना रहे हैं। कुछ लोग खुद से ही किसी भी चौराहे पर नाम पोत कर इसकी घोषणा कर रहे हैं। नामकरण का अचानक होना इंगित करता है कि इसकी कोई स्पष्ट नीति नहीं बनी हुई है जिससे यह हास्यास्पद स्थिति बनी हुई है या नगर निकायों के नियमों की अनदेखी की जा रही है। 3 दिसंबर 1971 को 20 गोलियां लगने के बाद भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की बाजी लगाकर दुश्मन पाकिस्तान के बंकर को नष्ट करनेवाले बिहार झारखंड के एकमात्र परमवीर अलबर्ट एक्का की मूर्ति राजधानी रांची के महात्मा गांधी सड़क के चौराहे पर लगी है पर इस चौराहे को राजनीतिक झंडों से विकृत करने वाले नेताओं, सरकारों और मीडिया ने भी पांच दशकों बाद भी चौराहे को फिरायालाल चौक के रूप में ही याद रखा है, जो शहीदों का अपमान लगता है। इसी प्रकार रिम्स बने दो दशक से अधिक हो गए पर आरएमसीएच का बोर्ड सड़क पर अभी भी मुंह चिढ़ा रहा है। कांके रोड सीएम आवास के पास जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक अभी भी हॉट लिप्स चौक के रूप में याद किया जाता है, महात्मा गांधी रोड की तरह इसपर स्थापित लाला लाजपत राय चौक शायद ही कोई बता सके। सुजाता चौक सभी जानते हैं, महाराजा अग्रसेन चौक अभी भी लालपुर चौक ही है। इन सभी चौक चौराहों को पर्व त्योहारों के समय सरकारी विज्ञापनों में पुराने नामों से ही याद किया जाता है। अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते गुमला के उनके जन्मस्थान जारी को 19 मार्च 2010 को अलबर्ट एक्का प्रखंड बनाया गया जिसके पांच पंचायतों में 60 गांव हैं। 30 हजार 926 आबादी वाले कुछ गांवों में सोलर से बिजली जलती है। पर ग्रामीण विद्युतीकरण अधिकांश गांवों में बिजली नहीं ठीक से नहीं पहुंचा पाई है। टेन प्लस टू स्कूल में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा जैसे विभाग पूर्व के डुमरी से संचालित हो रही हैं, लोग 70 किमी दूर गुमला या छत्तीसगढ़ के जशपुर में जाकर इलाज कराते हैं। अस्पताल भी अधूरा है। परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का के नाम से बने गुमला के जारी प्रखंड में अभी भी बहुत सारी कमियां हैं। सबसे घनी जनजातीय आबादी वाला गुमला जिला का यह क्षेत्र परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर बहादुर सैनिकों की भर्ती का बड़ा केंद्र हो सकता था और लोगों का प्रेरणा स्त्रोत भी लेकिन दिखावटी राजनीति और सरकारों की उपेक्षा के कारण सिर्फ सजावटी विकास का प्रतीक बनकर रह गया है अल्बर्ट एक्का प्रखंड।पंजाब को वीर भूमि कहा जाता है और वहां शहीदों को सम्मान देने के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों जैसे प्रमुख स्थलों में शहीदों के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाती हैं और लोग बहुत श्रद्धा से उन्हें याद करते हैं जबकि झारखंड, बिहार जैसे राज्यों में मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में अपनी नाम पट्टिका लगाने की होड़ मची रहती है जिसमें नेता सबसे आगे रहते हैं।उसके लिए लड़ाई हो जाती है। जिस समाज में शहीदों का सम्मान न होता हो शहीदों की शहादत को प्रेरणा न माना जाता हो और उनकी विधवाओं या आश्रितों को मिलने वाले मुआवजे या अन्य लाभ के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हो वहां नौकरी की इच्छा करने वाले सैनिक तो शायद बहुत मिल जाएंगे लेकिन अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए अपना बलिदान देने वाला अल्बर्ट एक्का शायद दुर्लभ हो सकता है। यह अलग बात है कि झारखंड भी वीरों की भूमि है और अपने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और देश की रक्षा के लिए कुर्बानी देने वालों का बहुत बड़ा इतिहास है लेकिन सवाल समाज, सरकारों और मीडिया से भी जो इन शहीदों के प्रतीकों को आज भी पुराने व्यावसायिक नामों से याद करते हैं और इसीलिए नई पीढ़ी के बच्चे पूछते हैं कौन अल्बर्ट एक्का फिरायालाल चौक वाला?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक






घंटों जाम था एनएच 75, फंसी रही एंबुलेंस, प्रशासन हुआ सक्रिय

# नाले के उपर बने अवैध निर्माण टूटे तो बनेगा इतिहास

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** डालटनगंज, लोहरदगा रूट का प्रवेश द्वार पंडरा के पास स्थित पंचशील नगर चौक है जहां पिछले 17 वर्षों से प्रशासन की कारवाई का इंतजार करते लोगों की आंखे पथरा गई है वहीं वे निराश भी हैं। उनका कहना है कि वे वर्ष 2008 से ही नगर निगम को लिखित सैकड़ों बार सूचना दिए थे कि पंचशील नगर के नाले का अतिक्रमण हो रहा है जिसपर नगर निगम कारवाई करे। मगर हुआ ठीक इसके विपरीत शिकायतें जाती रही और अतिक्रमण बढ़ता रहा। एक दो कर दर्जनों अतिक्रमण हुए अब हजारों घर बन गए और बड़ी बस्ती बन गई। पंचशील नगर, शाहदेव नगर, शांति नगर, राधानगर में कई ऐसे घर है जो नाले का अतिक्रमण कर बनाए गए हैं। इसमें से सबसे प्रमुख पंचशील नगर चौक पर बनी घर- दुकानें हैं प्रमुख इसलिए कहा जाता है कि ये एनएच 75 के ठीक किनारे स्थित हैं और चंद लोगों के स्वार्थ ने पूरी राजधानी या यूं कहे आधे से अधिक झारखंड का बंटाधार कर रखा है। इधर प्रशासन शनिवार से इस मामले को लेकर सक्रिय हो गया है।

एनएच 75 में स्थित पंचशील नगर चौक के ठीक किनारे हुए अतिक्रमण में बरसात के मौसम में भारी जलजमाव होता है। वहीं पंचशील नगर, शाहदेव नगर, शांति नगर और राधा नगर के घरों से लेकर सड़कों में पांच फीट तक पानी जमा हो जाता है ,लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। घरों में पानी घुसने की घटना दूर से दिखाई देती है मगर अनेक घरें बनहोरा नदी के बहाव में बनी है जिस कारण उनके घरों में पानी घुसता है। दूसरी ओर अगर आगे के हिस्से को अतिक्रमण कर दिया जाए तो पानी पीछे के क्षेत्र को डुबाएगी ही, पानी इक्ट्ठा होगा ही। अब भी अगर नाले को अवरूद्ध मुक्त न कराया गया तो भविष्य में बड़े खतरे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। खतरा अभी भी है लोग बह रहे हैं अब तक चार लोगों की जानें भी जा चुकी है मगर सबको लगता है कि मुझे क्या होगा मेरे घर को क्या होगा। खुद तो नुकसान कर ही रहे हैं लोगों की जानें भी संकट में डाल रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले हुई बारिश के पहले झोंके ने पंचशील नगर चौक में बाढ़ ला दी, हजारों गाड़ियां रातू रोड से लेकर पंडरा तक में फंसी रही इसमें एंबुलेंस भी थी। एंबुलेंस राजधानी में मरीजों के अच्छे इलाज के लिए ला रही थी मगर भारी जल-जमाव में फंस गई, इनके तकलीफों का अंदाजा लगाना भी बेहद पीड़ादायक होता है । 17 साल पहले की शिकायत पर कारवाई अब तक नहीं हुई है, वहीं नदी -नाले पर घर बनाकर रहने वालों का जीवन नर्क बन गया है जो रोज-रोज भयावह होता जा रहा है। इस पर राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र ने मौनसून से पहले से अब तक लगातार खबरें प्रकाशित की है जिसके बाद से विभागीय बड़ी सक्रियता बढ़ी है और अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया है, उनके कागजातों को हेहल अंचल में जांच की गई है। कागजात के फर्जी पाए जाने पर हेहल अंचल ने जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव एलआरडीसी को भेजा है। आइए जानते हैं कि अग्रतर कारवाई में क्या होगा और एलआरडीसी ने नदी नाले के उपर बने मकान दुकानों के बार में क्या कहा। वहीं पूरे क्षेत्र में चर्चा की जा रही है कि अगर नाले के उपर अवैध निर्माण टूटेंगे तो यह इतिहास बनेगा और नदी नाले के उपर अतिक्रमण करने के बारे में लोग सौ बार सोचेंगे वहीं अतिक्रमण किए लोगों के लिए एक साफ संदेश होगा।

### अगर जमाबंदी अवैध पायी जाएगी तो जमाबंदी रद्द कर होगी कारवाई : एलआरडीसी



भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता (एलआरडीसी)सदर, रांची मुकेश कुमार से राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने प्रश्न किया कि खतियान में नदी नाले का जिक्र हो और उसपर मकान दुकानें बनायी गई हो। जमीन का रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज हुआ हो और लगान रशीद कट रही हो तो क्या यह मान्य होगा। इस पर मुकेश कुमार ने कहा कि अगर जमाबंदी अवैध पायी जाएगी तो जमाबंदी रद्द कर कारवाई होगी लेकिन यह सब्जेक्ट ऑफ वैरिफिकेशन पर निर्भर करेगा।

### आज से अगले दिनों तक कई जिलों में भारी बारिश की संभावना

**रांची।** झारखंड में अगले चार दिनों तक भारी बारिश होने कि संभावना है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जारी अलर्ट में कहा है कि राज्य में 29 जून से 2 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 29 जून से एक जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि दो जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी रांची सहित कई जिलों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर का क्षेत्र बनने की संभावना है, जो झारखंड की ओर बढ़ेगा। इसके अलावा, एक पूर्वी और पश्चिमी ट्रफ झारखंड के ऊपर से गुजरेगा, जो भारी बारिश का कारण बनेगी। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट्स के अनुसार रविवार को रांची, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, गुमला, लोहरदगा के लिए अलर्ट जारी कर सावधान रहेने कि अपील की है।

# चुनाव आयोग की नई प्रक्रिया से भाजपाई वोटर बढ़ेंगे, घटेंगे ईसाई-मुस्लिमों की वोटर : सुप्रियो

- व्यवस्था समाज को मतदान से वंचित करने, और राष्ट्रपति शासन की जमीन तैयार करने की कोशिश है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की सोची-समझी साजिश चल रही है। बिहार से शुरू हुई नई वोटर सत्यापन प्रक्रिया का मकसद साफ है किसी हाल में भाजपा समर्थकों की संख्या बढ़ाना और दलित, आदिवासी, ईसाई व मुस्लिम समुदाय के वोटरों को सूची से बाहर करना। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि आगामी अगस्त 2025 से झारखंड में भी इसी तरह की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इसमें नागरिकों से ऐसे दस्तावेज मांगे जाएंगे, जो ग्रामीण और गरीब तबके के पास नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूआईडी या ईपीआईसी कार्ड मान्य नहीं होंगे। वर्ष 2003 के बाद के मतदाताओं को अपने निर्वाचन मंडल और माता-पिता की जन्मस्थली तक साबित करनी होगी।

उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था समाज को मतदान से वंचित करने, और राष्ट्रपति शासन की जमीन तैयार करने की कोशिश है। उन्होंने आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबोले के बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को हटाने की बात संविधान की आत्मा पर प्रहार है।

## कुचल दिए गए नौकरी की आस लगाए बैठे हजारों युवाओं के सपने

- बाबूलाल मरांडी ने लगाया राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र में मिलीभगत का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर शनिवार को लिखा है कि राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत ने झारखंड के नौकरी की आस लगाए बैठे हजारों युवाओं के सपनों को कुचल कर रख दिया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा है, एक ओर जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम पर उच्च न्यायालय की रोक अब तक जारी है, और सीआईडी हर बार अधूरी जांच का बहाना बनाकर समय को घसीटती जा रही है। दूसरी ओर, सरकार ने जिस परीक्षा कैलेंडर को बड़े दावे के साथ जारी किया था, उस पर अमल करने की जिम्मेदारी निभाने में अधिकारी पूरी तरह नाकाम रहे हैं। हर बीतता दिन युवाओं की उम्मीदों को कमजोर कर रहा है, लेकिन बीते साढ़े पांच साल तो मानो उनके भविष्य पर एक भारी बोझ बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता का परिचय दे और जल्द से जल्द बहाली की प्रक्रिया शुरू करे।

### डालसा ने किया मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची ने शनिवार को दिन में 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय, रांची में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया। इसके लिए 8 बेंच का गठन किया गया था। आज के इस लोक अदालत में कुल 6,757 वादों का निष्पादन किया गया एवं विभिन्न वादों में 75,53,454 रुपए का निष्पादन किया गया। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि मासिक लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पूर्व से ही न्यायालयों द्वारा वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा था, ताकि अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

### 50 डिग्री तापमान में भी हमारी मेडिकल टीम तत्पर रही : डॉ. साकिब जमाल

**रांची।** झारखंड से हज यात्रा 2025 में गए हाजियों को चिकित्सीय सुविधा प्रदान कर झारखंड की मेडिकल टीम शुक्रवार रात वापस आ गई। ज्ञात हो कि भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा हज यात्रा 2025 के लिए हजयात्रियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए पूरे भारत से चिकित्सकों का चयन किया गया था ।इसी कड़ी में इटकी निवासी डॉ. साकिब जमाल जो गिरिडीह के बिरनी प्रखंड के प्रभारी हैं उनको झारखंड की मेडिकल टीम में भेजा गया था ।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने कहा

# मुसलमानों को वोट बैंक समझा

- संशोधित वक्फ कानून गरीब मुसलमानों के हित में

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य जफर इस्लाम ने शनिवार को जमकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। भाजपा किसी का तुष्टीकरण नहीं करती। जो जरूरतमंद हैं उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह मोदी सरकार की सोच है। आज केंद्र सरकार की योजनाएं बिना भेदभाव के मुस्लिम समाज तक पहुंच रही है। इस्लाम आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

जफर इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक अपने शासन काल में मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा और आज भी ऐसा ही समझ रही है। लेकिन, आज समाज जाग चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब मुस्लिम समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना चाहते हैं। इसलिए धार्मिक मामलों में बिना हस्तक्षेप किए समाज के हित में कानून बनाए जा रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता इस्लाम ने कहा कि वक्फ संशोधित कानून में धार्मिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है। केवल कानून के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में संशोधन किए गए हैं, जिससे करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ में मुस्लिम समाज के लोग गरीबों के कल्याण केलिए दान देते हैं। लेकिन, चंद लोग उसपर मनमानी करते हुए उसका या तो निजी उपयोग करते हैं, यह फिर औने-पौने दाम पर करोड़ों की संपत्ति को लीज में दे देते है। इस कारण जो लाभ समाज को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पाता।

पूर्व राज्यसभा सदस्य इस्लाम ने कहा कि जितनी संपत्ति वक्फ के पास है, उससे करोड़ों गरीब मुसलमानों तक स्कूल, अस्पताल, यूनिवर्सिटी, कॉलेज की सुविधा पहुंचाई जा सकती है, लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। आज मोदी सरकार ने इस दिशा में कानून के माध्यम से पहल की है।

जफर इस्लाम ने कहा कि वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में गैर मुस्लिम को शामिल किया गया, जो बिल्कुल सही है। योग्य लोगों की सहायता से वक्फ संपत्ति का प्रबंधन ठीक होगा। आय में कई गुना वृद्धि होगी, जिसका फायदा समाज को मिलेगा। धार्मिक मामले तो मुस्लिम समाज के लोग ही देखेंगे। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय ने भी नए कानून को सही ठहराते हुए केवल कुछ जानकारियां चाही है।



### संशोधित वक्फ कानून संसद के दोनों सदनों में लोकतांत्रिक तरीके से पारित

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी भले शायरी के माध्यम से शब्दों का खेल खेल सकते हैं, लेकिन संशोधित वक्फ कानून का विरोध कर मुस्लिम समाज का भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार और विरोध के बावजूद यह संसद के दोनों सदनों में लोकतांत्रिक तरीके से पारित और महामहिम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बना हुआ कानून है। और , यह गरीब मुस्लिम समाज के चेहरों पर मुस्कान लाने वाला है। कांग्रेस पार्टी को लोगों को गुमराह करने से बाज आना चाहिए।

## वीरों की इस धरती से एक बार फिर हूल होगा : चंपाई सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को कहा कि वीरों की इस धरती से एक बार फिर हूल होगा।

सोशल मीडिया 'एक्स' पर शनिवार को लिखा है कि आदिवासी अस्मिता एवं अस्तित्व को लेकर चल रहे आंदोलन को एक नई दिशा देने के लिए हम लोग इस बार हूल दिवस भोगनाडीह में मनाएंगे। उन्होंने लिखा है, आज से 170 साल पहले, जब फोन नहीं था, संवाद के साधन नहीं थे, गाड़ी नहीं थी, तब भी हमारे समाज के इन नायकों ने आदिवासी समाज को, हमारी परंपरा को और हमारी संस्कृति को बचाने के लिए हजारों-लाखों लोगों को एकजुट कर के अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है, आज हमारे समाज की जमीन पर बांग्लादेशी घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं। हमारी बहु-बेटियों की अस्मिता खतरे में है। संथाल परगना समेत पूरे झारखंड में हमारा अस्तित्व खतरे में है। राज्य सरकार पेसा को लागू नहीं करना चाहती है। सरकारी योजनाओं का लाभ हमारे समाज को नहीं मिल पा रहा है, इस परिस्थिति को बदलना होगा। इसलिए हम लोग भोगनाडीह में वीर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो और बाबा तिलका मांझी समेत सभी वीरों को नमन कर के, उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे।

## बस और ट्रक की सीधी टक्कर में काई हताहत नहीं



**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के समीप आचार्यकुलम स्कूल के सामने बस व ट्रक में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक का चालक केबिन में फंस गया। मौके पर पुलिस पहुंची और चालक को बाहर निकालने में जुटी।

### रांची विवि में कल हूल दिवस का अवकाश

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में संथाल हूल दिवस का अवकाश 30 जून 2025 को रहेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के 31 दिसंबर 2024 की अधिसूचना में संशोधन करते हुए यह निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि हूल दिवस 30 जून 1855 को सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के नेतृत्व में हुए संथाल विद्रोह की याद में मनाया जाता है।



मेन रोड में खड़ी गाड़ी के ऊपर गिरा पेड़, गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त

प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्साय से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, कहा

# भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार

**नवीन मेल संवाददाता**

- मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ पर पीएम मोदी की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार (27 जून) को एंटानानारिवो में मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्साय से मुलाकात की। उन्होंने मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने 'विजन महासागर' के अनुरूप भारत के साथ विकास संबंधी अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने की मेडागास्कर की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। यह मुलाकात आने वाले दिनों में भारत और मेडागास्कर के संबंधों को और भी दृढ़ता प्रदान करेगा।

ज्ञात हो कि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मेडागास्कर के सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन के निमंत्रण पर 25 से 27 जून 2025 तक एंटानानारिवो की आधिकारिक यात्रा पर एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

रक्षा राज्य मंत्री ने विगत 25 जून को एंटानानारिवो में दूतावास द्वारा आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। उन्होंने मेडागास्कर में भारतीय प्रवासियों के सदस्यों और भारत के मित्रों को भारत में हाल के घटनाक्रमों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत में चल रहे आर्थिक परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उसी दिन शाम को एंटानानारिवो में आयोजित आतिशबाजी का प्रदर्शन भी देखा।

संजय सेठ ने विगत 26 जून को मेडागास्कर के स्वतंत्रता दिवस की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के गठन के समारोहों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 26 जून 2025 की शाम को सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भी भाग लिया।

रक्षा राज्य मंत्री ने 27 जून (शुक्रवार) को सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की और भारत और मेडागास्कर के बीच रक्षा सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में। उन्होंने 27 जून को ही मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्साय से भी शिष्टाचार भेंट की। हिंद महासागर क्षेत्र में निकटतम पड़ोसी और साथी विकासशील देशों के रूप में, भारत और मेडागास्कर के बीच दोस्ती और नागरिकों के बीच लंबे समय से संबंध हैं। उन्होंने कहा, भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध भागीदार बना रहेगा। रक्षा राज्य मंत्री की यात्रा ने 'विजन महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र उन्नति) के अनुरूप मेडागास्कर के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने की भारत की इच्छा की पुष्टि की है।

# नालसा व झालसा स्कीम की जानकारी ग्रामीणों को दें पीएलवी : आरके भास्कर

**नवीन मेल संवाददाता**

- डालसा सचिव की अध्यक्षता में पीएलवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न
- साथी, जागृति आशा और डॉन स्कीम पर किया गया फोकस



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के सचिव रवि कुमार भास्कर ने शनिवार को कांफ्रेंस हॉल, रांची में लगभग 70 कार्यरत पीएलवी के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने उपस्थित पीएलवी के किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं कार्यरत सभी पैरा लीगल वॉलेंटियर्स (पीएलवी) की क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत उन्हें कई दिशा-निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए सचिव रवि कुमार भास्कर ने सभी पीएलवी से कहा कि गांवों, कस्बों व मुहल्लों में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) स्कीम की समुचित जानकारी ग्रामीणों व असहाय लोगों को दें। उन्होंने कहा कि साथी, आशा, जागृति एवं डॉन योजनाओं की जानकारी लोगों को दें। लोग जागरूक होंगे, तभी उक्त योजनाओं का लाभ उन्हें मिलेगा।

रवि कुमार भास्कर ने कहा कि साथी अभियान के तहत अगर कोई निराश्रित बच्चे को आपके द्वारा चिह्नित किया जाता है, तो उन्हें समुचित सहायता मुहैया कराएं एवं डालसा कार्यालय को सूचना दें। उन्होंने यह भी कहा कि अक्सर कम उम्र के बच्चे नशे के आदि हो जाते है, उन्हें चिह्नित करें और नशा उन्मूलन अस्पताल में पहुंचाएं। नशा के लिए जहरीले पेय पदार्थों को भी उपयोग में लाया जा रहा है, जिसके कारण हमारे समाज में कम उम्र के बच्चे नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं, अगर इसे अभी से ही नहीं रोका गया, तो ये आगे चल कर यह बिकराल रूप धारण कर सकता है।

कानून के रक्षकों को भी बारिश से करनी पड़ती है अपनी रक्षा

# पुलिस लाइन में झुग्गी-झोपड़ी

## जैसे बदहाल बैरक में रहते हैं पुलिसकर्मी

काजल मेहता

**रांची।** झारखण्ड की राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था के रक्षकों को मौसम के मार से अपनी ही रक्षा करनी पड़ रही है। दरअसल, पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मियों की हालत बुरी से भी बदतर है। भवन जर्जर हो चुके हैं बैरक की दीवारें पानी से सैदी रहती है। शौचालय के अंदर और बाहर दोनों ही तरफ से हालत खस्ता है। मजबूरी में जवान शौचालय जाते हैं। वहीं परिवार के साथ रहने वाले पुलिस कर्मियों के भी क्वार्टर के साथ साथ रास्ते भी खस्ताहाल है। वहीं, जो पुलिस कर्मी अपने परिवार के साथ रहते हैं उनका पद के अनुसार क्वार्टर का रेंट, मेंटेनेंस काटा जाता है। बावजूद इसके जवानों के परिवार वालें जर्जर भवनों में रहने को मजबूर हैं। जवान के परिजनों ने बताया कि कई बार शिकायत की जा चुकी है सम्बंधित अधिकारियों से लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। बारिश के दिनों में पानी गिरता है, गलियारों में घुटनों तक पानी जम जाता है। बच्चों को परेशानी होती, पानी जमने से कीचड़ होता है जिस से मच्छर पनपते हैं। बीमारियों के घेरे में रह कर नौकरी कर रहे हैं। वहीं, नाम ना छापने कि शर्त पर जवानों ने बताया कई बार शिकायत की है के शौचालय को व्यवस्थित किया जाए लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं की गई। जवानों का कहना है लम्बे समय से मांग हो रही कि रहने की सुविधा मानवीय अधर पर अच्छी हो ताकि दिन रात काम करने वाले लोग आराम कर सकें।




### नहीं मिला लापरवाही का जवाब

पुरे विषय पर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारीयों से संपर्क कर लापरवाही का कारन पूछने कि कोशिश कि गई मगर किसी से भी संपर्क नहीं हो पाया। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सह डीजी अजय सिंह को फोन, मैसेज दोनों उपायों से संपर्क करने कि कोशिश कि गई मगर उनके और से कोई जवाब नहीं मिल पाया। वहीं झारखण्ड दूरभाष निर्देशिका में दर्ज अन्य सदस्यों से बात करने पर पता चला किन्ही का स्थानांतरण हो चूका है तो कोई अवकाश प्राप्त हो चुके हैं।

### पत्राचार से सुधार की कर रहे कोशिश सार्जेंट मेजर आनंद राज

वहीं, सार्जेंट मेजर आनंद राज का कहना है कि पिछले डेढ़ वर्षों से जबसे उन्होंने कार्यभार संभाला है तब से पत्राचार किया है ताकि जवानों के रहने कि व्यवस्था को सुवयव्स्थित किया जाए। हालांकि पिछले डेढ़ वर्षों में पुलिस लाइन में रहने वाले जवानों के भवनों या बैरक कि कुछ खास मरम्मत नहीं हो पाई है। वहीं, सार्जेंट मेजर यह भी स्पष्ट नहीं कर पाए की कब तक इन भवनों की हालत सुधारी जाएगी।















# अभिभावक बच्चों को नशे से दूर रखें : स्वीकृति विनाया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

- जगरनाथपुर रथ मेला में डालसा के जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- एलएडीसीएस अधिवक्ता शिवानी सिंह ने नालसा की 10 स्कीमों पर डाला प्रकाश

न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची एवं सचिव रवि कुमार प्रकाश के दिशा-निर्देश में टीम का गठन कर शनिवार को जगरनाथपुर रथ मेला परिसर में डालसा का स्टॉल लगाकर आने-जाने वाले लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी सहायक, स्वीकृति विनया, पीएलवी पिंकु कुमारी, संगीता सिंह, स्नेहलता दुबे, विधि के छात्र-छात्राएं बिट्टू कुमारी, सुमन डेन, अयान राज एवं खुशी मिश्रा एवं चालक राजा वर्मा उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जगरनाथपुर रथ मेला के अवसर पर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों के बीच जागरूता फैलाने का निर्णय हुआ था।
स्वीकृति विनया ने साथी अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) द्वारा संचालित साथी अभियान के तहत निराश्रित बच्चों को मदद पहुंचाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची प्रयासरत है। आपके ईद-गिर्द अगर कोई असहाय निराश्रित बच्चा दिखे, तो अविलंब डालसा कार्यालय में सूचित करें। ताकि, उन्हें मदद पहुंचाया जा सके। नालसा स्कीम 'डॉन' पर फोकस करते हुए उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को नशा के सेवन से दूर रखें। नशा से तन-मन-धन की हानि होती है और युवक अपराध की ओर बढ़ते है।पैरा लीगल वॉलेंटियर्स (पीएलवी) स्नेहलता दुबे एवं पिंकु कुमारी ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या आदि में न्याय प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। नालसा 10 स्कीम यथा तृप्ती, चेतना, आत्मनिर्भरता, निरोगी भव, शक्ति, चेतना, मानवता वात्सल्य सहयोग के बारे में मेला देखने आए लोगों के बीच रखा। संगीता सिंह ने गरीब व असहाय लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में भी बताया। डालसा के पीएलवी द्वारा मेला परिसर में आए लोगों के बीच कानूनी संबंधी पंपलेट और लिफलेट का वितरण भी किया गया।

## श्रमिक और उद्योग दोनों के हितों की रक्षा करें : लीलाधर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

- कहा, एचईसी पुनरुद्धार को लेकर यूनियनों की भी है अहम भूमिका

हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री और इंटक के राष्ट्रीय संगठन सचिव लीलाधर सिंह ने शनिवार को कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, वित्तीय संकट और एचईसी की बदहाली को देखते हुए ट्रेड यूनियनों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। यूनियन का उद्देश्य श्रमिक और उद्योग दोनों के हितों की रक्षा करना है। लीलाधर सिंह यूनियन की ओर से आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।
लीलाधर सिंह ने कहा कि ठेका कामगारों को रविवार छोड़कर किसी भी अवकाश (ईएल या सीएल) में कटौती नहीं होगी। हर समस्या का समाधान द्विपक्षीय वार्ता से निकलता है, बार-बार हड़ताल से नहीं। सितंबर 2023 से वेतन का भुगतान कराया जाएगा, लेकिन हड़ताल के दौरान अनुपस्थित रहे ठेका कामगारों को जो नुकसान हुआ है, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने हड़ताल को अंतिम हथियार बताया और कहा कि यह असफल होने पर मजदूरों को ही भारी नुकसान पहुंचाती है। बैठक में गिरीश चौहान, दिलीप सिंह, भोला साव, राजेंद्र कांत, राम मोहन बैठा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## नेतृत्व एक आंतरिक कौशल है : डॉ जया

नवीन मेल संवाददाता। रांची



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची ने शनिवार को कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए छात्र परिषद चुनाव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम द्वारा विद्यालय के हेड ब्वॉय और हेड गर्ल का चुनाव सुनिश्चित किया गया, जिसमें कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों ने उपर्युक्त पद के दावेदारों को उनकी वक्तृता के आधार पर मत दिए। इस भव्य एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम द्वारा छात्रों में न केवल स्वावलंबन एवं आत्मविश्वास की भावना ही बलवती हुई वरण उन्होंने भारतीय गणतंत्र की एक प्रतिलिपि को भी अनुभव किया। छात्र परिषद के लिए प्रस्तुत प्रतिभागियों ने अपने वक्तव्यों में अपने दूरदर्शी विचारों को रेखांकित कर विद्यालय के प्रति अपनी समर्पण और अगाध प्रेम की स्पष्ट व्याख्या की। मौके पर उपस्थित विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की। उन्होंने उनके प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि नेतृत्व एक आंतरिक कौशल है, जिसका विकास बचपन से ही प्रारंभ करने की आवश्यकता है। यह किसी पद या ओहदे पर आश्रित नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र निर्माण द्वारा उनके कार्य से ही प्रतिबिंबित हो जाता है। उन्होंने इन नन्हे छात्र-छात्राओं को आने वाले भविष्य का नेतृत्वकर्ता बताया और इन्हें अशेष शुभकामनाएं दीं।

## संत अन्ना इंटर कॉलेज में पांच जुलाई से नए सत्र की शुरुआत

**रांची।** संत अन्ना इंटर कॉलेज में पांच जुलाई से सत्र 2025-27 की कक्षाएं शुरू होंगी। इसके पहले तक सीटें फुल नहीं होने की स्थिति में 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया जारी रहेगी। कॉलेज की प्रिंसिपल सिस्टर मेरी टोप्पो ने शनिवार को कहा कि साइंस और आर्ट्स में सीटें लगभग भर चुकी हैं। कॉमर्स में कुछ सीटें खाली हैं। प्रिंसिपल ने कहा कि 05 जुलाई 2025 को साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स के छात्रों के लिए फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## श्री श्याम भंडारे में 2500 भक्तजनों ने ग्रहण किया प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता। रांची



राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल ने शनिवार को 161वें श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया।
श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, शंभु नाथ चौधरी, रीता, संजीत, रंजना, आदित्य, अदिति एवं परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया गया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। चौधरी परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में मसाला बाटी, सादा बाटी, पंचमेला दाल, आलू चोखा, चटनी, खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया।




अतिक्रमित हुई सड़कों से पहाड़ी मंदिर तक कैसे गुजरेंगे लाखों भक्त

# 11 दिन बाद सावन, निगम और जिला प्रशासन ने शुरू नहीं की है तैयारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लाखों शिवभक्त सावन के पवित्र महीने में पहाड़ी मंदिर रांची में पहाड़ी बाबा महादेव शिवशंकर का दर्शन करने और जलार्पन करने आते हैं। झारखंड के कोने-कोने से और बाहर के राज्यों से भी भक्तों की भारी भीड़ पहाड़ी मंदिर में उमड़ती है जहां की व्यवस्था का संचालन करना प्रशासन की एक बड़ी चुनौती रहती है। सावन तो ग्यारह दिनों के बाद शुरू होगी लेकिन अभी के जो हालात हैं वह चौंकाने वाले हैं। पहाड़ी मंदिर जाने वाले मार्ग में लोगों ने सड़कों से बाहर अपनी दुकानें सजा रखी है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है दूसरे अवैध पार्किंग से भी सड़के जाम हो रही है। नालियों की सफाई नहीं की गई है जिससे बदबू देर तक फैल रही है, कई जगहों पर तो नालियों को ढका भी नहीं गया है। ये खुली नालियां सकरी सड़कों पर है जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। सकरी नालियों में कहीं बिजली के खंभे हैं तो कही ट्रांसफरमर लगे हैं और कहीं अतिक्रमण हुआ है ।













रांची पहाड़ी मंदिर समिति के सचिव सदर एसडीओर रांची **उत्कर्ष कुमार** से राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने विशेष बातचीत की जिसमें उन्होंने बताया कि उनके स्तर पर एक बैठक हो चुकी है, उपायुक्त स्तर पर एक बड़ी बैठक होगी। पहाड़ी मंदिर समीति से साजो-सज्जा और एलाउंसमेंट की व्यस्था होती है। हमलोग कंट्रोल रूम सेट-अप करेंगे जहां सीसीटीवी से पूरे परिसर की निगरानी होगी, पर्याप्त संख्या में वोलेंटियर्स होंगे। मंदिर की बैरिकेटिंग की जाएगी और तमाम सुविधाओं और सुरक्षा उपायों पर विचार किया जा रहा है।



नगर निगम के प्रशासक **सुशांत गौरव** से राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने विशेष बातचीत की जिसमें उन्होंने बताया कि टीम वर्क के माध्यम से काम किया जाएगा । फीड मंगाया जा रहा है सारे पहलुओं पर विचार कर तैयारी की जाएगी। लोगों की जीविका और श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए बेस्ट पोसिबल सोल्युशन किया जाएगा।



चाय दुकान संचालक **सावित्री देवी** ने कहा कि बालाजी मंदिर के सामने की नली की सफाई नहीं हुई है जिससे दुर्गंध आ रही है। कई बार निगम के कर्मियों को कहा मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया।



**संतोष कुमार** ने कहा कि सावन में बैरिकेडिंग लग जाती है मगर पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर मोटरसाइकल लगी होती है जिससे पैदल यात्रियों को असुविधा होती है।

### उपायुक्त ने पंचशील नगर, बांधगाड़ी एवं सेवा सदन क्षेत्र का किया निरीक्षण, कहा



# पंचशील नगर में राजस्व नक्शे के अनुसार मापी, अतिक्रमणकारियों पर होगी कार्रवाई

- नगर निगम के रोड और नालों पर अतिक्रमण करने वालों पर भी कार्रवाई
- तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रख योजना तैयार कर कार्य करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने देर रात रांची शहर के वर्षा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। पिछले कुछ दिनों से जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण शहर के कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रांची के शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रशासक, रांची नगर निगम सुशांत गौरव एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी के साथ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने पंचशील नगर, बांधगाड़ी एवं सेवासदन के आसपास प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं किसी प्रकार की जनहानि न हो, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार कर कार्य करने का भी निर्देश दिया।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति, नालों की सफाई, पानी निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया। पंचशील नगर और बांधगाड़ी में प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के बाद उन्होंने राजस्व नक्शा के अनुसार मापी कर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम द्वारा भी निगम के नाले एवं रोड पर अतिक्रमण करने वालों पर मापी कर कार्रवाई की जाएगी।

पंचशील नगर और बांधगाड़ी में स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं को जानते हुए उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा प्रशासनिक टीम को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष रूप से जहां सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बनती है, वहां सर्तकता बरतने के निर्देश दिए। ताकि, किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बारिश के दौरान प्रभावित क्षेत्रों पर चौबीसों घंटे नजर रखी जाए और जलजमाव की स्थिति में अलर्ट जारी कर प्रभावित लोगों को राहत पहुंचायी जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर उत्कर्ष कुमार, नगर आयुक्त, रांची नगर निगम सुशांत गौरव, उपसमाहर्ता नजारत सुदेश कुमार, उप नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, सिटी एसपी अजीत कुमार, पथ निर्माण एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### नदी, नाले और रोड का ना करें अतिक्रमण : उपायुक्त

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने रांचीवासियों से अपील की है कि वे नदी, नाले और रोड का अतिक्रमण न करें, ताकि जल जमाव या बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि भारी बारिश के दौरान जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें तथा आकस्मिक स्थिति में संयम और धैर्य बनाए रखें।

#### स्थानीय लोगों ने बताई अपनी समस्या

सेवा सदन के पास वर्षा प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत की। लोगों की समस्या को ध्यान पूर्वक सुनते हुए उन्होंने जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम द्वारा कार्य योजना तैयार कर समस्या के समाधान की बात कही गई।

## किसानों के उन्नति की राह: इचापिड़ी में हाइब्रिड धान बीज का वितरण



**पिठौरिया ।** शनिवार को कांके प्रखंड के इचापिड़ी पंचायत भवन मे 40 किसानो के बिच हाइब्रिड धान की बीज का वितरण किया गया. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे कांके विधायक सुरेश बैठा मौजूद थे. मौके पर कांके बिटीएम बिंदु कुजूर ने बताया की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के बैनर तले प्रखंड के सभी कलेस्टर मे किसानो को शत प्रतिशत अनुदान मे हाइब्रिड धान बीज का वितरण किया जा रहा है. आज इचापिड़ी कलेस्टर मे 40 किसानो के बिच सावा 7310 किस्म के हाइब्रिड धान बीज एक किवंटल 20 किलो का वितरण किया गया. वहीं मौके पर कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि, हमारी गठबंधन कि सरकार का मुख्य उद्देश्य उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराकर किसानों की उपज और आय में वृद्धि करना है। हेमंत सरकार हमेशा से किसानो कि हित के बारे सोचती है जिसका ताज़ा उदाहरण है कि लाखो किसानो का कृषि ऋण इस सरकार ने माफ किया. मौके पर किसानों को बीजों के सही उपयोग, खेती के नवीन तरीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। किसानों ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे खेती की लागत कम होगी और पैदावार में वृद्धि होगा. कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मुखिया लाखो उरांव, पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी, उप मुखिया मोहम्मद गुफरान, कृषक मित्र बबलू सफीउल्लाह, वार्ड सदस्य तौफीक अंसारी, सज्जाद अंसारी मौजूद थे।

## बेड़ो में बंग समुदाय ने किया 13 प्रकार के फल और फूलों से मां विपत्तारिणी की आराधना



**बेड़ो।** बेडो.प्रखंड मुख्यालय सहित बारीडीह,जरिया सहित कई गांवों में बंग समुदाय ने शनिवार को पूरे विधि-विधान के साथ मां विपत्तारिणी की पूजा अर्चना व आराधना किया। इस पूजा में सुहागिन महिलाएं अपने पति, संतान और पूरे परिवार के कल्याण के लिए करती हैं। रथयात्रा के बाद जो पहला मंगलवार और शनिवार पड़ता है, उस दिन ही पूजा करने की परंपरा रही है। मां विपत्तारिणी को मां दुर्गा का स्वरूप माना गया है। मान्यता है कि संकट व विपदाओं से मां दुर्गा अपने इस स्वरूप में भक्तों की रक्षा करती हैं। मां की पूजा के लिए फूल, फल, पान पत्ता, दूब घास, सुपारी आदि 13 की संख्या में ही चढ़ाई जाती है। मां विपत्तारिणी मां काली का ही एक अन्य स्वरूप हैं। विपत्तारिणी पूजा में संख्या '13 का विशेष महत्व है. इस पूजा में वरदसूत्र (रक्षासूत्र) बांधने की परंपरा है, जो 13 दूब से तैयार किया जाता है। महिलाओं ने उपवास रखकर इसे तैयार किया। मान्यता है कि यह सूत्र बांधने से पति व संतान पर आनेवाली हर विपत्ति टल जाती है. श्रद्धालुओं ने मां से हर तरह की विपत्ति हरने की प्रार्थना की।

### ओलम्पिक दिवस 2025

## डीएवी मॉडल स्कूल में हैंडबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद जिला ओलम्पिक संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के उपलक्ष में आयोजित खेलों के आयोजन के तहत जिला स्तरीय हैंडबॉल की प्रतियोगिता आज डीएवी मॉडल स्कूल, सी.एफ.आर.आई. में संपन्न हुई. प्रतियोगिता के दौरान पुरुषों की फाइनल स्पर्धा में सीनियर हैंडबॉल टीम ने 13 - 7 से यूथ एकादश से पराजित कर ओलम्पिक दिवस ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया. मैच के दौरान विजेता टीम के खिलाडी हर्ष कुमार ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया. बालिकाओं के वर्ग में डीएवी मॉडल स्कूल की टीम ने जिला युथ एकादस टीम को 10 - 6 से पराजित करते हुए विजेता घोषित हुई. पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान स्कूल की प्राचार्या श्रीमति महुआ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विजेता तथा उप-विजेता टीम के सभी खिलाडियों को पदक व् प्रमाण -पत्र देकर सम्मानित किया. प्रतियोगिता का सञ्चालन धनबाद जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष-सह- धनबाद जिला ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष संतोष सिंह द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में ए. डी. प्रसाद, कुमकुम चक्रवर्ती, मौशमी बनर्जी, सोनू कुमार आदि का विशेष योगदान रहा. मौके पर जिला ओलम्पिक संघ के अपर सचिव मनोज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे. उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी ने बताया की इस सप्ताह-व्यापी खेल आयोजन का समापन कल 29 जून को डीएवी कोयला नगर में आयोजित होने वाली क्रॉस कंट्री रेस तथा दून पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली कराटे सेमिनार एवं स्पर्धा के साथ होगा.

## असंगठित मजदूरों ने मशाल जुलूस निकालकर हड़ताल का किया ऐलान

**खलारी।** असंगठित मजदूरों के अधिकारों और रोजगार की मांग को लेकर शनिवार को खलारी-डकरा क्षेत्र में सैकड़ों मजदूरों और ग्रामीणों ने सीसीएल एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष मशाल जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। आरसीएमएस के बैनर तले आयोजित इस आंदोलन में डकरा गुरुद्वारा चौक से एनके महाप्रबंधक कार्यालय तक मशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर और स्थानीय लोग शामिल हुए। जुलूस का नेतृत्व आरसीएमएस एरिया अध्यक्ष बीएन पांडेय और एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने किया। इस दौरान मधुकान कंपनी और एनके एरिया प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि मजदूरों के हित में किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

### हिंडालको कॉलोनी में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई

## यात्रा में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आयोजन को बना ऐतिहासिक

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मुरी संयंत्र की कॉलोनी क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।इस वर्ष रथ यात्रा को विशेष स्वरूप देने हेतु रथ का निर्माण पारंपरिक शैली में विशेष रूप से कराया गया,जिसे स्थानीय कारीगरों द्वारा सुंदरता एवं श्रद्धा से सजाया गया। साथ ही भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रह विशेष रूप से ओड़िशा प्रांत के पुरी से मंगवाए गए,जिससे भक्तों को श्री जगन्नाथ पुरी के दिव्य दर्शन का अनुभव प्राप्त हो सका।परंपरा के अनुसार रथ यात्रा की पूजा संयंत्र प्रमुख संदीप पाटिल द्वारा विधिपूर्वक की गई। एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह चारों ओर देखने को मिला।रथ यात्रा के दौरान रुक-रुक कर महिलाओं द्वारा भगवान की पूजा की गई, जिन्होंने रंगोली, पुष्प और दीपों से रथ का स्वागत कर आयोजन को अत्यंत पावन बना दिया।इस अवसर पर संदीप पाटिल ने कहा, "रथ यात्रा महोत्सव में कॉलोनी के सभी निवासियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। भगवान जगन्नाथ की कृपा सभी पर बनी रहे, जिससे समाज में शांति और खुशहाली बनी रहे।



### बस कंडक्टर ने लौटाया 39 हजार रूपये से भरा पर्स

**खूंटी।** रांची से सिमडेगा जाने वाली गौरव बस में तोरपा प्रखंड के लतावली गांव निवासी सुगन होरो खूंटी से सवार हुए थे। तोरपा में उतरने के कुछ समय बाद जब उन्हें पैसों की जरूरत पड़ी, तब उन्हें पता चला कि उनका पर्स गिर गया है। पर्स में 39 हजार रुपये , पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। घटना 27 जून की है। घबराए सुगन होरो ने तत्काल तोरपा बस पड़ाव पहुंचकर जानकारी जुटानी शुरू की। इस दौरान उन्होंने गौरव बस के एजेंट सीताराम भगत से संपर्क किया। एजेंट भगत ने तुरंत स्थिति को समझते हुए गौरव बस के कंडक्टर अब्दुल सलह उर्फ़ "निशा" से संपर्क साधा और पूरी बात बताई। बस में खोजबीन के बाद कंडक्टर को पर्स मिल गया। उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ पर्स को सुरक्षित रखा और शनिवार को पर्स यात्री सुगन होरो को सौंप दिया। सुगन होरो ने जब पर्स की जांच की तो उसमें सभी पैसे और दस्तावेज सही-सलामत पाए, जिससे वह भावुक हो उठे। उन्होंने कंडक्टर और पूरी बस टीम को धन्यवाद देते हुए खुशी में उचित इनाम भी दिया। पर्स सौंपते समय तोरपा एजेंट संघ के अध्यक्ष कैसर खान भी उपस्थित थे। यह घटना पूरे तोरपा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### आवास योजना का खलारी बीडीओ ने की समीक्षा

## अपूर्ण आवासों पर कार्रवाई करने की दी चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना व अबुआ आवास योजना की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के सभी पंचायत सचिव व जनसेवक उपस्थित थे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें अब तक कुल 50 प्रतिशत आवास पूरे किए जा चुके हैं। बीडीओ ने शेष 50 प्रतिशत आवासों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित कर्मी प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करें। साथ ही 2024-25 के लिए स्वीकृत अबुआ आवास योजना के तहत प्लिंथ लेवल जियो टैगिंग कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। अभी तक यह कार्य 70 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। बीडीओ ने कहा कि आवास निर्माण कार्य को भी समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और प्रधानमंत्री आवास योजना 2024-25 के लक्ष्यों को हर हाल में 72 प्रतिशत तक पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए कर्मियों को सघन रूप से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन लाभुकों ने सरकारी अनुदान की राशि मिलने के बावजूद आवास निर्माण कार्य अधूरा रखा है या जानबूझकर रोक दिया है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### प्लस टू स्कूल में शिक्षकों व अभिभावकों के बीच मीटिंग का आयोजन




**सिल्ली/मुरी।** संत माईकल (+2) स्कूल,मुरी में शनिवार के दिन शिक्षक एवं अभिभावक की बैठक कर शैक्षाणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई।इसमें कक्षा नौवीं एवं दसवीं के छात्र छात्राएं, अभिभावकगण एवं शिक्षकों के बीच आयोजित बैठक में बच्चों के नियमित विद्यालय में उपस्थिति, मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बच्चों में होने वाला बुरा प्रभाव एवं कमजोर विद्यार्थियों को उसमें सुधार लाने के विभिन्न तरीकों पर वार्तालाप हुई साथ ही प्रियोडिक टेस्ट वन का उत्तर पेपर भी अभिभावक एवं बच्चों को दिखाया गया।विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने सभी अभिभावकों का स्वागत किए एवं बैठक में उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए इस तरह बैठक आवश्यक है।शिक्षक अभिभावक बैठक एक ऐसा मंच है जहां शिक्षक एवं अभिभावक एक साथ मिलकर छात्रों के भविष्य को आकृति देने में मदद करते हैं साथ ही अभिभावक से आग्रह किया कि बच्चों को नित्य स्कूल भेजे। विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने अभिभावकों को सी.बी.एस.ई. के द्वारा निर्गत दो बार बोर्ड परीक्षा 2026 स्कीम के बारे में अवगत कराएं साथ ही बच्चों द्वारा स्कूल में की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताएं।

### अज्ञात बिमारी से तीन लोगों की मौत

**बुढ़मू।** बुधवार रात में जमगाई में बीमारी से तीन लोगों की मौत होने के बाद शनिवार को जमगाई में सीएचसी बुढ़मू की टीम ने शिविर लगाकर 128 ग्रामीणों का चिकित्सा जांच कर दवाई का वितरण किया. इस दौरान एचआईवी, बीपी, सुगर, मलेरिया सहित अन्य जांच किया गया. मौके पर सीएचसी प्रभारी डा. तारिक अनवर ने बताया कि कुआं व जहां जल जमाव की संभावना है डीडीटी सहित अन्य छिड़काव किया जाएगा साथ ही कुछ समय बाद फिर से सभी की चिकित्सा जांच की जाएगी. शिविर को सफल बनाने में अबुल कलाम, एमके मंडल, बालमकुंद पांडेय, गौरव कुमार, खुश्बू खलखो, अफरोज अंसारी, सहिया शांति देवी सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### श्री धोली सती दादी जी का मंगल पाठ एवं भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन



**रांची।** श्री धोली सती दादी महिला समिति द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ के आवास तिरुपति अपार्टमेंट कांके रोड में धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से परिपूर्ण वातावरण में श्री धोली सती दादी जी का अलौकिक श्रृंगार, मंगल पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ संजय सर्राफ सपत्नीक अनुराधा सर्राफ ने दादी जी के समक्ष विधिवत ज्योत प्रज्वलित कर एवं पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना व भोग लगाया गया। तत्पश्चात मंगल पाठ व भजन गायिका शशि सर्राफ ने अपने सुमधुर दादी जी की मंगल पाठ एवं मनमोहक भजनों से दादी भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झूमाया। उनके गाये भजनों मे- धोली सती दादी की महिमा अपरंपार... लूट रहा लूट रहा लूट रहा रे दादी जी का खजाना लूट रहा है...दादी दादी बोल दादी सुण लेसी सुण लेसी दादी सुण लेसी....जैसे भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया सर्राफ, करुणा बागला, शशि सर्राफ, ममता सर्राफ, मधु सर्राफ, कांता सर्राफ,अनीता अग्रवाल, अनुराधा सर्राफ,मीना शाह, अंशु अग्रवाल, संध्या शाह, अनीता सर्राफ,उमा सर्राफ, आयुषी, तान्या, सृष्टि, श्रेया, अनिकेत,अनु, खुशबू, सहित अन्य दादी भक्त उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्री फुटबॉलर निखिल बारला को सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब, रांची ने किया सम्मानित



**रांची।** सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब, रांची के द्वारा आज दिनांक 28-06 2025 को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर निखिल बारला को सम्मानित किया गया। निखिल बारला ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत सेल फुटबॉल ग्राउंड से की थी। हाल ही में वे किर्गीस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर लौटे हैं। हर बार जब वे रांची आते हैं, तो अभ्यास के लिए वे सेल सैटेलाइट फुटबॉल जरूर आते हैं, जिससे उनका पुराने मैदान और साथियों से गहरा जुड़ाव स्पष्ट होता है। इस सम्मान समारोह में उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में सेल राँची यूनिट्स के तरफ मनीष कुमार कुजूर, संजीव कुमार, बसंत साहू, सुमन मेहर, के. के. टोप्पो, उज्ज्वल मण्डल, राहुल श्रीवास्तव, रामकिशन, मनोज कुमार सिंह, के पी पात्रा, मानिक लाल लोहार, अजीत वर्मा, प्रिंस करकेट्टा, अमरेंद्र सिंह, शैलेन्द्र मण्डल, हिलीप महतो, नयन बारला, अमर, भोला, नीरज आदि शामिल थे।

### लगातार हो रही बारिश गरीबों का आशियाना गिरा, मुआवजे की मांग



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के मालगो पंचायत अन्तर्गत रायटोली में कामेश्वर राय तथा बंधु मुंडा का घर लगातार हो रही बारिश की चपेट में आकर भर-भराकर गिर गया। वहीं ककरिया पंचायत अन्तर्गत खटंगा जमनी टोली में सरवा उरांव तथा लतरातु पंचायत अन्तर्गत तेतरा जमनी टोली में पवन उरांव का घर भी लगातार हो रही बारिश की चपेट में आकर भर-भराकर गिर गया। खटंगा जमनी टोली निवासी सरवा उरांव ने बताया कि जिस समय घर गिरा उस समय परिवार के लोग दूसरे जगह मौजूद थे। घर के मवेशियों की जान भी बाल बाल बच गई। उन्होंने बताया कि घर के गिरने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि उनके गांव में अब तक किसी को न अबुआ आवास मिला है और न प्रधानमंत्री आवास योजना का उन्हें लाभ मिला है। वहीं लतरातु पंचायत के तेतरा जमनी टोली निवासी पवन उरांव को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उनका पूरा घर मिट्टी का कच्चा घर था। रात में अचानक भर भराकर उनके घर का बड़ा हिस्सा लगातार हो रही बारिश की चपेट में आकर भर-भराकर गिर गया।

# हजारीबाग में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की धूम पूरे देश में है. झारखंड के हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड में आयोजित हो रही रथ यात्रा अंतरराष्ट्रीय रूप लेती जा रही है. जहां विदेशों से भी श्रद्धालु हजारीबाग पहुंच रहे हैं. कहा जा सकता है कि यह एक ऐसे महोत्सव के रूप में उभर रहा है जिसकी ख्याति दूर-दूर तक पहुंच रही है. हजारीबाग के चौपारण प्रखंड में रथ यात्रा निकाली गई. जिसमें विदेशी पर्यटक भी जय जगन्नाथ की धुन में मग्न नजर आए. विदेशी पर्यटकों ने इस दौरान आस्था की डुबकी लगाई. हरे कृष्णा हरे राम की धुन पर नाचते-गाते विदेशी श्रद्धालु नाइजीरिया, रूस, यूक्रेन, युगांडा से हजारीबाग के चौपारण पहुंचे. श्रद्धालुओं की भीड़ की गूंज और भक्तिमय माहौल के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा अपने भव्य रथों पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंचे. जिले के चौपारण प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. यह रथ यात्रा चौपारण के सियारकोनी से शुरू होकर चौपारण के कई मार्गों से गुजरते हुए गढ़काली मंदिर स्थित मौसीबाड़ी के प्रांगण में समाप्त होती है. सड़कों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए आतुर नजर आते हैं. इस दौरान पूरा इलाका भक्ति के माहौल में डूबा रहता है. रथ यात्रा के दौरान खास तौर पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं. रथ यात्रा में शामिल होने पहुंचे बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि हजारीबाग के बरही में ऐतिहासिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. आने वाले दिनों में इसका स्वरूप भी बढ़ेगा.चौपारण की इस रथ यात्रा में भारतीय कला और विदेशी परंपरा का अद्भुत संगम भी देखने को मिलता है. विदेशी श्रद्धालु भारतीय परिधान में नाचते-गाते भगवान जगन्नाथ यात्रा का हिस्सा बनते हैं.

## रथयात्रा एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान : जयराम महतो



रामगढ़ । झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कैथा में आयोजित रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा अर्चना एवं दर्शन किया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया । मौके पर टाइगर जयराम महतो ने कहा कि रथ यात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आस्था, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का जीवंत प्रतीक है। रामगढ़ जिला स्थित यह कैथा का यह मंदिर ऐतिहासिक माना जाता है । भक्त भगवान के रथ को खींचते हैं जिसे अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है । मान्यता है कि रथ खींचने से व्यक्ति के सभी पाप मिट जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह रथ यात्रा ईश्वर की कृपा और सेवा भावना का प्रतीक माना जाता है । भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की ऐतिहासिक रथ यात्रा श्रद्धा भक्ति व सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुई । रामगढ़ जिले के कैथा में शुक्रवार को रथ यात्रा में भक्तों की भक्ति व रामगढ़ वासियों की श्रद्धा देखी गयी ।

## रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन



**रामगढ़।** झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) के अंतर्गत आने वाले एक प्रमुख संस्थान रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज ने 2021-2025 बैच के सभी पांच विभागों - कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग (सीएसई), इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (ईई), इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ईसीई), मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई) और सिविल इंजीनियरिंग (सीई) विभाग के निवर्तमान बीटेक छात्रों के लिए शनिवार को विदाई समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की विदाई का विषय था एक नई शुरुआत - क्षितिज से परे। जो अंतिम वर्ष के छात्रों के पेशेवर दुनिया में संक्रमण को दर्शाता है। उप प्राचार्य डॉ. नजमुल इस्लाम के साथ अकादमिक प्रभारी और सभी विभागाध्यक्ष कार्यक्रम में भी मौजूद थे। संकाय सदस्यों और वरिष्ठ प्रोफेसरों ने प्रेरक भाषण दिया। साथ ही किस्से साझा किए, करियर टिप्स दिए और छात्रों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का स्वर भावनात्मक लेकिन आशावादी था जिसमें कई वक्ताओं ने छात्रों के पहले साल की घबराहट से लेकर आत्मविश्वास से भरे युवा इंजीनियर बनने तक के विकास पर प्रकाश डाला। एक ओपन माइक सत्र में अंतिम वर्ष के छात्रों ने हार्दिक यादें और अनुभव साझा किए कुछ हंसी से भरे थे, अन्य की आंखें नम थीं। प्रिंसिपल डॉ. शरबानी रॉय ने छात्रों को अपना संदेश देते हुए कहा आज जब आप अपने हाथों में डिग्री और अपनी आंखों में सपने लेकर बाहर निकलेंगे, तो याद रखें कि सच्ची सफलता सिर्फ़ इस बात में नहीं है कि आप क्या हासिल करते हैं, बल्कि इस बात में भी है कि आप अपने रास्ते में दूसरों को कैसे आगे बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में आशीष नारायण, सुगन अभिषेक मुंडू, . नीलेश कुमार, रूपम कुमार पॉल, अभिनबा बिश्वास, एमआर पल्लब दास, आकाश कुमार, श्रीओशी भट्टाचार्य, संबित दास, एमएस कोमल कुमारी और संबंधित विभागों के सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

### उपायुक्त ने दुलमी प्रखंड का किया निरीक्षण - कहा

# विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

- **आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया कि केंद्रों में बच्चों को समय पर पोषण आहार और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं।**



रामगढ़ जिले के उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज एवं उप विकास आयुक्त अशीष अग्रवाल ने दुलमी प्रखंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की समीक्षा की एवं लाभुकों से प्रत्यक्ष संवाद कर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, जल संरक्षण और कृषि योजनाओं के साथ-साथ स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बच्चों के पोषण, उपस्थिति, टीकाकरण और शिक्षा सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया कि केंद्रों में बच्चों को समय पर पोषण आहार और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं। इस अवसर पर एनडीसी रवींद्र कुमार, दुलमी अंचलाधिकारी किशोरी यादव एवं दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनका समाधान निकालने का भरोसा दिलाया। आंगनबाड़ी जैसे प्राथमिक सेवा केंद्रों की निगरानी और मजबूती गांव के विकास की नींव है। प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि धीमी प्रगति वाली योजनाओं में तेजी लाई जाए तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

## रजरप्पा मंदिर पूजा करने आया युवक नदी में बहा, खोजबीन जारी

**रामगढ़।** रजरप्पा माता छिन्नमस्तिके मंदिर स्थित भैरवी नदी में शनिवार को नहाने के क्रम में एक युवक नदी की तेज धार में बह गया. नदी में बहे युवक का अब तक कोई पता नही चल पाया है. जानकारी के मुताबिक युवक बिहार से रजरप्पा मंदिर माता छिन्नमस्तिका की पूजा- अर्चना के लिए आया था. स्थानीय गोताखोर युवक की खोजबीन में लगे हैं. अब इसका कोई सुराग नहीं मिला है। लोगों का कहना है कि वह युवक नहाने के लिए नदी उतरा था और उसे पानी ने बहा दिया। इस हादसे से लोग काफी सहमे हुए हैं। उधर प्रशासन का कहना है कि कोई नदी या डैम की न जाएं ताकि अभी पानी का बहाव काफी ज्यादा है कुछ भी हो सकता है।

### विधायक ने किया दो ट्रांसफार्मरों का उदघाटन

# क्षेत्र की सेवा करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है : विधायक ममता देवी



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिदवारडीह के विष्णु टोला में शनिवार को 100 केबीए क्षमता के दो नए ट्रांसफार्मरों का उदघाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी awm विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, पूर्व पार्षद राजू महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। गौरतलब है कि बीते दिनों तेज बारिश और गरज-तड़क के कारण दोनों पुराने ट्रांसफार्मर जल गए थे, जिससे गांव की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी। करीब चार दिनों से ग्रामीणों को बिजली की गंभीर समस्या झेलनी पड़ी। विधायक ममता देवी ने मौके पर उपस्थित रहकर नए ट्रांसफार्मरों का उदघाटन किया और शीघ्र बिजली बहाल होने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि बिजली आपूर्ति की स्थिति को स्थायी रूप से बेहतर बनाने की दिशा में सरकार गंभीर है। विधायनक ने कहा कि क्षेत्र की सेवा करना ही हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पेयजल संकट और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को लेकर अपनी समस्याएं भी रखी।

## मुहर्रम अखाड़ा कमिटी गठित तौहीद अध्यक्ष व तौकीर बने सचिव



**बरही।** रसोईयाधमना में हाजी मो सज्जाद अंसारी की अध्यक्षता व मो मोईन के संचालन में संपन्न हुए बैठक में पंचायत स्तरीय मुहर्रम अखाड़ा कमिटी का गठन किया गया. बैठक में उपस्थित लोगों ने मुहर्रम शांति व सद्भाव व प्रशासनिक निर्देशानुसार मुहर्रम मनाने का निर्णय लिया. साथ हीं जुलूस सुगमता पूर्वक संपन्न करवाने के लिए इमामबाड़ा के आसपास की सफाई, रोशनी की समुचित व्यवस्था, जुलूस मार्ग में बने गड्ढे को भरने की व्यवस्था, झूलते बिजली तारों को व्यवस्थित करने जैसे कार्यों को पंचायत और प्रशासनिक स्तर से करवाने के निर्णय लिए गए. जिससे जुलूस के दौरान किसी कोई भी परेशानी न हो. शांति और सद्भाव से मुहर्रम मनाने के लिए अखाड़ा कमिटी का गठन करते हुए मो तौहीद अली को अध्यक्ष और मो तौकीर रजा को सचिव मनोनित किया गया. जिन्हे पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया. जुलूस की निगरानी और व्यवस्था के लिए संरक्षक मंडल व अभिभावकों की टीम भी गठित की किए गए. जिसमे हाजी मो सज्जाद अंसारी, मो खलील, हाजी अब्दुल रज्जाक, अब्दुल सत्तार अली, मो तैयब अंसारी, मो मुमताज, सेक्रेटरी मो हाकिम, मो सेराज, मो मोईन, मो सज्जाद, मो शमशेर अली, मो नईम, मो नाजिर, मो अख्तर, मो तबरेज अंसारी, मो मकसूद, अब्दुल कयूम, मो कुदुश, मो सरफराज, मो मंसूर, मो कासिम, मो इम्तियाज, मो इरशाद, मो आलम, मो मोजिम आदि को शामिल किया गया. इस बैठक में अंसारनगर, वार्सिया मोहल्ला, मदीनानगर, लश्करी, छोटकी बरही मस्जिद आदि अखाड़ा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे. जिसमे मो मुमताज, मो गनी, मो खलील, मो मोईन, मो हकीम, मो तबरेज अंसारी, अब्दुल जब्बार, अब्दुल सत्तार आदि कई लोग उपस्थित हुए.

### जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

# सरकारी योजनाओं का सही लाभ लें ग्रामीण : महादेव महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



शनिवार को जिले के रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंदरूकला ग्राम लोधमा के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय नावा टोला में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जन भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस आयोजन में प्रखंड अंचल अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं का समाधान किया गया । प्रखंड कृषि पदाधकारी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई ग्रामीणों को उनका लाभ लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में मुखिया किशुन राम मुंडा, उप मुखिया मोहराय महतो, महिला प्रसार पदाधिकारी पुष्पा एक्का, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), बिपुल रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जितेन्द्र प्रसाद ,सीएससी वीएलई संदीप शर्मा,और विभिन्न विभागों के कर्मीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## ट्रांसफार्मर जलने से कई लोगों के घरेलू के उपकरणों को क्षति

**बरकाकाना।** रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 19 के हेहल ऊपर टोला में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने से कई घरों के बिजली उपकरण जल गए। इससे ग्रामीणों को लाखों का सामान क्षति हो गई है। घटना से ग्रामीण काफी हताश है। बताया जाता है कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। जिसके बाद लगभग 100 घरों में बिजली उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। इधर ट्रांसफार्मर जल जाने से 100 से ज्यादा घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। बरसात में अंधकार रहने से लोगों में खतरा बना हुआ है।

## वैश्य ओबीसी के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा : महेश्वर साहू

**भुरकुंडा।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक शुक्रवार को भुरकुंडा जवाहरनगर में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया और संचालन महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। इसमें मुख्य रूप से मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू उपस्थित थे। बैठक में तय हुआ कि 31 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित त्राहिमाम महाधरना में सैकड़ों की संख्या में शामिल होंगे। इसके मुकेशलाल सिंदूरिया और भुनेश्वर साव को प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके पूर्व 4 जुलाई से पतरातू, बड़कागांव, केरेडारी, रामगढ़, डाड़ी, मांडू, गोला, दुलमी आदि प्रखंडों में बैठक व जनसंपर्क के माध्यम से महाधरना से संबंधित पर्चा वितरण करने का निर्णय लिया गया।

**अपराध** हजारीबाग पुलिस का अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान

# 107 फरार अभियुक्त भेजे गए न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



जिला में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने संदिग्धों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया. पुलिस के मुताबित जो अपराधी पुलिस की फाइल में फरार चल रहे थे उनकी गिरफ्तारी के लिए 24 जून से लेकर 26 जून तक विशेष अभियान चलाया गया. जिसमें पुलिस ने 107 फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. हजारीबाग पुलिस ने हाल के दिनों में सबसे बड़ा अभियान फरार अभियुक्त के खिलाफ जिला में चलाया है. हजारीबाग एसपी ने 24 जून की रात से लेकर 26 जून की सुबह 9:00 बजे तक विशेष अभियान चलाकर 107 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है. यह कार्रवाई जिला के विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में वारंट एवं कुर्की के आदेशों के अनुपालन के तहत की गई है. इस विशेष अभियान के दौरान हजारीबाग जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप कुल 107 फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. -अंजनी अंजन, एसपी ने कहा कि 'हजारीबाग पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान अपराधियों में भय और आम जनता में विश्वास कायम करने की दिशा में एक अहम कदम है. हजारीबाग पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें. जिसमें सूचना देने वाली की पहचान गोपनीय रखी जाएगी'.

### हजारीबाग में बढ़ी आपराधिक गतिविधियां

वहीं पिछले 5 दिनों से हजारीबाग जिला में अपराधी गतिविधि भी बड़ी है. अज्ञात अपराधियों ने ज्वलेरी की दुकान में सात राउंड फायरिंग की थी. वहीं बड़कागांव में 7 वाहन जो सड़क निर्माण में लगाए गए थे उन्हें अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया था. लोहसिंघना थाना अंतर्गत ओकनी मोहल्ला में एक घर में अज्ञात अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था. केरेडारी थाना अंतर्गत दो पशु पालकों को 6 अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुए थे. इन सभी घटना में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं.

# न्यूज बॉक्स

## श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा शहर स्थित हुरहुरू में शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के संयुक्त रूप से मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल एवं रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गई। कई जरूरतमंद मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। 65 से अधिक लोगों का निशुल्क जांच हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रमुख लोगों ने शिविर के आयोजन में अपना सराहनीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। शिविर में डॉ समन, सिस्टर रोज़ी परवीन, लैब विभाग से राज गुप्ता, नेत्र विभाग से संगम कुमार, विद्यार्थी निखिल राज एवं टिया रंजन सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**रामगढ़ ।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के कुरूम तालाब के निकट शनिवार को तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई. इस सम्बन्ध में बताया जाता है की मृतक व्यक्ति बारिश के दौरान तालाब के मेढ पर खड़ा था. उसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. घटना के बाद मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया. समाचार भेजे जाने तक मृतक का नाम और पता मालूम नही चल पाया था.

## निदेशक मंडली ने बरका-सयाल में लोडिंग खनन का लिया जायजा

**उरीमारी।** सीसीएल के निदेशक तकनीकी सहित कोल इंडिया के 6 स्वतंत्र निदेशको की टीम ने शुक्रवार को दौरा किया। इसमें सीसीएल के निदेश सीएस तिवारी नेतृत्व कर रहे थे। टीम न्यू बिरसा खुली खदान, साइलो-सीएचपी, बलकुदरा आदि का में जाकर वहां की व्यवस्था को देखा। साथ ही टीम यहां की लोडिंग व्यवस्था और कोयला खनन की स्थिति से सभी काफी खुश थी। टीम ने और बेहतर करने का निर्देश दिया। इसके बाद भुरकुंडा रेस्ट हाउस में टीम ने अधिकरियों के साथ मीटिंग की। यहां जीएम अजय सिंह ने सभी अधिकारियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया। यहां पर एरिया का प्लान जीएम की ओर से टीम को बताया गया। उन्होंने बरका-सयाल को शिखर पर पहुंचने का आश्वासन अधिकारियों को दिया। दौरे के क्रम में जीएम अजय सिंह, पीओ सुबोध कुमार, पीओ दिलीप कुमार, पीओ राकेश सत्यार्थी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## किरीगढ़ा गांव में चलाया गया भाजपा का सदस्यता अभियान

**पतरातू।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत शुक्रवार को पालू पंचायत के ग्राम किरीगढा में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया ।जिसका नेतृत्व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने किया। अभियान के बाद महेंद्र महतो ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि पालू पंचायत के भूपेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद भूपेंद्र ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी को अपने गृह क्षेत्र से लेकर गृह पंचायत पालू एवं पतरातू मंडल में युवाओं को भारतीय जनता पार्टी में जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा एवं पूरे ईमानदारी से पार्टी के विस्तार में काम करूंगा। भूपेंद्र ने आगे कहा कि वह जब से वोटर बना है। तब से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करते आ रहा हूं। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। सदस्यता ग्रहण करने वाले में शत्रुघ्नसिंह, उज्जवल सिंह, गीता सिंह, कंचन सिंह आदि शामिल थे।

## मुहर्रम के त्योहार को लेकर भदानीनर में की गई बैठक

**भुरकुंडा।** मुहर्रम पर्व को लेकर भदानीनगर में इस्लाम धर्मावलंबियों की बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। इसमें विभिन्न तीन गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। इसमें लपंगा बस्ती स्थित मेला मैदान में ताजिया मिलान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही, मुहर्रम के अवसर पर शांतिपूर्वक जुलूस निकालने का भी सामूहिक निर्णय लिया गया। आयोजन को सफल और सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई। कहा गया कि मुहर्रम केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और इंसानियत की मिसाल है, जिसे हर साल सम्मानपूर्वक मनाया जाता है। बैठक में प्रमुख रूप से आजाद अंसारी, जिलानी अंसारी, रईश आलम, नईश आलम, मुकरमन रसूल, शेरशाह आलम, नूर आलम, मुस्तकिम अंसारी, मंजूर अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मौसम की मार से नहीं लगा बरसाती टांड़ की फसल

**पतरातू।** पतरातू और आसपास के क्षेत्र में बारिश होने के बाद भी टंडहन खेती नहीं के बराबर लगी हैं। किंतु अब हो रहे बारिश के कारण किसान मकई की बुआई करने में जुट गए हैं। साथ ही धान के बिछड़े लगाने के लिए खेत तैयार कर रहे हैं। पतरातू क्षेत्र के कुछ किसान बिछड़े भी लगा रहे हैं। जबकि खेतों में किसान बरसाती फसल गोड़ा, गुंदली, उड़द और बरई अभी तक नहीं लगा पाए हैं। किसान बताते हैं कि माह जून अंतिम सप्ताह पहुंच गया है। धान के बीचड़ा के लिए उपयुक्त वर्षा हुई है। जिसके कारण धान के बीचड़े के लिए धान की छिटाई हो पा रहा है। किसान खेती के लिए कमर कस चुके हैं। किसान हल बैल और ट्रेक्टर से खेतों की जुताई आदि में लगे हुए हैं। खेतों में मकई और बिचड़ा आदि के लिए खेत तैयार कर रहे हैं।

## उच्चकों ने महिला के गले से छीनी सोने की चेन, महिला ने थाने में दिया आवेदन

**रामगढ़।** नईसराय के सीसीएल स्टाफ कॉलोनी की महिला सोनल कुमारी से उचक्के सोने का चेन छिन कर फरार हो गए। इस संदर्भ में महिला ने रामगढ़ थाने में आवेदन दिया है। महिला ने बताया कि शाम लगभग 6:30 बजे अपने भाई के साथ सीसीएल कॉलोनी स्थित घर स्कूटी से जा रही थी। इसी दौरान स्कूटी में तेल खत्म हो गया और मेरा भाई नईसराय चौक से पहले मुझे रोड के किनारे खड़ा कर तेल लाने चला गया। इसी क्रम में एक बाइक पर सवार उच्चकों ने महिला के गले से सोने का चेन झपट लिया और फरार हो गए। महिला जब तक कुछ समझ पाती उचक्के उसकी नजरों से ओझल हो चुके थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

सिमडेगा में फिर खाट पर दिखा स्वास्थ्य विभाग का सिस्टम

# घायल वृद्धा 3 किमी खाट पर चढ़कर गाड़ी तक पहुंची

नवीन मेल संवाददाता



● बुनियादी सुविधाओं से वंचित गांव, झारखंड सरकार के विकास के दावों की खुली पोल

**पाकरटांड़।** झारखंड सरकार के विकास के तमाम दावों को धत्ता बताते हुए सिमडेगा जिले के पाकरटांड़ प्रखंड अंतर्गत केशलपुर पंचायत के चुंदियारी गांव में एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की लाचारी और बुनियादी सुविधाओं की पोल खुल गई।शनिवार सुबह गांव निवासी 69 वर्षीय गंगी देवी, पत्नी स्व. जालंधर सिंह अपने घर के बाहर फिसलकर गिर गईं, जिससे उनके कमर में गंभीर चोट आई।परिजनों ने तुरंत सहायता के लिए भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा से संपर्क किया। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए सिविल सर्जन को एंबुलेंस भेजने के लिए कहा, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण सरकारी एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी।बाद में भाजपा नेता के प्रयास से एक निजी वाहन की व्यवस्था की गई, लेकिन जर्जर एवं कच्ची सड़क के कारण वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाया। ऐसी स्थिति में गांव के लोगों ने गंगी देवी को खाट पर लिटाकर करीब 3 किलोमीटर तक पैदल ढोया और फिर वाहन से उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।यह कोई पहला मामला नहीं है। इसी गांव से 15 अप्रैल को एक प्रसूता महिला को भी खाट पर लादकर अस्पताल ले जाया गया था। आए दिन इस क्षेत्र से खाट पर लटकते स्वास्थ्य तंत्र की खबरें सामने आती रहती हैं, लेकिन अब तक इन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि, राज्य सरकार विकास की बात तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। जहां आजादी के 77 साल बाद भी न सड़क है, न बिजली, न शुद्ध पानी, वहां सरकार की कथनी और करनी में बड़ा फर्क दिखाई देता है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी, उपायुक्त और विधायक को ज्ञापन सौंपा, लेकिन उनकी समस्याएं अनसुनी रही हैं। ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जी रहे हैं और मजबूरन खाट को ही एंबुलेंस बना बैठना पड़ता है। गांव की सावित्री देवी ने कहा कि कई बार इसकी शिकायत को लेकर आवेदन दी जाती है और उम्मीद जगाती है लेकिन आवेदन पर क्या कार्रवाई होती है वह आज तक किसी ने नहीं देखा है। वहीं ग्रामीण करण राय कोटवार ने भी कहा कि अब ग्रामीण उम्मीद छोड़ चुके हैं और अपनी बदहाली के आंसू बहाकर जिंदगी किसी तरह की रहे हैं जिसे देखने वाला कोई नहीं है।यह स्थिति न सिर्फ चिंताजनक है, बल्कि झारखंड जैसे राज्य की विकासशील छवि पर सवाल भी खड़े करती है। यह जरूरी हो गया है कि सरकार सिर्फ कागजों में नहीं, जमीनी हकीकत में भी सुधार लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में आज रथ यात्रा का आयोजन

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ के जगरनाथ मंदिर से आज भगवान जगरनाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर सारी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। रथ संचालन समिति के अध्यक्ष मोतीराम सेनापति ने जानकारी देते हुए बताया कि रथ को भव्य रूप से सजाया गया है।भगवान जगरनाथ स्वामी, उनके भ्राता बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के विग्रहों को रथ पर विराजमान कर कीर्तन-भजन, बाजा-गाजा, नृत्य एवं जयकारों के साथ मौसीबाड़ी थाना मंदिर तक ले जाया जाएगा। यात्रा के दौरान धार्मिक उत्साह का विशेष माहौल रहेगा।इस अवसर पर ओड़िशा और लेटबेड़ा की कीर्तन मंडलियाँ भाग लेंगी। इसके अलावा पारंपरिक पैकी नृत्य का भी आयोजन किया गया है, जो रथ यात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र होगा।

सिमडेगा में उपायुक्त ने झारखंड उज्ज्वला योजना व विद्युत योजनाओं की समीक्षा की

# कार्यों में तेजी और समयबद्ध पूर्णता के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



● 486 अविद्युतीकृत टोला/गांवों में विद्युत कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है
● पात्र लाभुकों की पहचान कर उन्हें नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन देने का आदेश

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की शनिवार को समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री झारखंड उज्ज्वला योजना की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाई जाए और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं का उद्देश्य जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना एवं शत-प्रतिशत विद्युतीकरण को साकार करना है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के 486 अविद्युतीकृत टोला/गांवों में विद्युत कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने इन क्षेत्रों में समयबद्ध रूप से विद्युत पहुंचाने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री झारखंड उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र लाभुकों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क विद्युत कनेक्शन प्रदान करने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को माहवार लक्ष्य के अनुसार विभाजित कर नियमित रूप से प्रगति की निगरानी की जाए तथा प्रत्येक सप्ताह विस्तृत रिपोर्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए।इसके साथ ही R.D.S.S के अंतर्गत ट्रांसफार्मर स्थापना, ओवरहेड तारों का सुदृढ़ीकरण, मीटरिंग एवं उपभोक्ता सेवा सुधार जैसी गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को योजनाओं को जनहित में प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सहित विभिन्न कार्यदायी एजेंसियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को गोपनीय शाखा, सिमडेगा में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं भुगतान से संबंधित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह योजना से संबंधित रिपोर्ट अनिवार्य रूप से विभाग द्वारा समर्पित की जाए।उपायुक्त ने योजना के सफल क्रियान्वयन तथा सभी ट्रेड के कारीगरों तक इसका लाभ पहुंचाने हेतु कौशल विकास समिति के गठन का निर्देश दिया। इस समिति में जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग,नाबार्ड तथा श्रम विभाग को शामिल करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने समिति की शीघ्र बैठक आयोजित कर आवश्यक रणनीति तैयार करने पर बल दिया।बैठक में जिला उद्यमी समन्वयक आशीष कोनगाडी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं अन्य उद्यम संबंधित योजनाओं की अद्यतन जानकारी दी। बैठक में योजना के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर प्रखंड उद्यमी समन्वयक किम्मी कुमारी, उषा केरकेट्टा राजेन पॉल बाड़ा ,लक्ष्मण साहु, तथा रितु रानी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई तथा सभी अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

हजारों बच्चों के भविष्य की राह अब होगी आसान

## सिमडेगा में जर्जर सड़क की मरम्मत शुरू, छात्रों को मिलेगी बड़ी राहत

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर के शिक्षा और खेल भविष्य का प्रवेशद्वार मानी जाने वाली कचहरी से सामटोली होते हुए गड़राबहार आईटीआई कॉलेज तक की जर्जर सड़क अब हजारों बच्चों की राह में रोड़ा नहीं बनेगी। शनिवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया और अपनी देखरेख में सड़क में बने गड्ढों को भरवाया। विधायक ने कहा कि यह सड़क हजारों बच्चों के साथ कई खिलाड़ियों के भविष्य की राह है। फिलहाल सड़क को चलने लायक बनाने के लिए गड्ढे भरे जा रहे हैं। पर जल्द ही इस सड़क का पूरी तरह नया निर्माण कराया जाएगा। ताकि बच्चों और आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। गौरतलब है कि यह सड़क सीएम एक्सीलेंस बालिका विद्यालय, यूसी हाई स्कूल सामटोली, संत अन्ना स्कूल, होली स्प्रिट स्कूल, संत मेरिज प्लस टू स्कूल, संत मेरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल, आईटीआई कॉलेज गड़राबहार, संत जेवियर कॉलेज समेत कई शैक्षणिक संस्थानों के करीब 11 हजार छात्र-छात्राओं की रोजाना आवाजाही का मुख्य मार्ग है। बारिश में सड़क की हालत और भी बदतर हो गई थी। जिससे बच्चों को स्कूल पहुँचने में भारी दिक्कतें आ रही है। इधर विधायक के प्रयास की लोगों ने सराहना की है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने कहा कि इससे बच्चों की सुरक्षा और आवाजाही में राहत मिलेगी। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला प्रवेक्षक रामा खलखो, बांसजोर जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, उप प्रमुख सह 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार, संजय तिर्की, लीला नाग, प्रतिमा कुजूर, जुली लुगुन, विजय किंडो समेत कई लोग उपस्थित थे।

### लोक अदालत का हुआ आयोजन 177 मामले किए गए निष्पादित

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर कल 177 मामले निष्पादित किए गए। लोक अदालत में कुल 197 मामले रखे गए थे। जिसमें 177 मामलों का निष्पादन करते हुए 15 लाख 40 हजार 980 रुपए पर समझौता किया गया। निष्पादित मामलों में बैंक ऋण से संबंधित 122,सुलह योग्य आपराधिक मामले 41 और बिजली संबंधी 14 मामले शामिल है। लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बेंचों का गठन किया गया था। पहले बेंच में एडीजे नरंजन सिंह,डिप्टी एलएडीसीएस ब्रिखभान अग्रवाल,अधिवक्ता कैलाश प्रसाद,दूसरे बेंच में सीजेएम निताशा बारला,अधिवक्ता प्रद्युम्न सिंह,लुदाम बाहा सांगा,तीसरे बेंच में एसडीजेएम सुमी बीना होरो,आदि शामिल थे।

## संगठन सृजन अभियान सिमडेगा में कांग्रेस ने मंडल अध्यक्षों को सौंपे नियुक्ति पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत शनिवार को सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक सह जिला प्रभारी भूषण बड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोंगाड़ी, पर्यवेक्षक रमा खलखो एवं ट्रेनर शशिकला तिर्की उपस्थित रहीं।बैठक में जिले के सभी प्रखंडों के नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे गए। विधायक भूषण बड़ा ने नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि यह दायित्व संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी अध्यक्षों से राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया।विधायक नमन कोंगाड़ी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लोकतंत्र को कमजोर कर रही है और चुनाव प्रणाली में फर्जीवाड़ा बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूचियों की सतर्कता से निगरानी की अपील की।पर्यवेक्षक रमा खलखो ने नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए जल्द से जल्द मंडल कमेटियों के गठन का निर्देश दिया।

### क्षतिग्रस्त तहसील कचहरी की दीवार गिरने से महिला व युवती घायल

**कोलेबिरा।** क्षतिग्रस्त तहसील कचहरी का दीवाल गिरा वृद्ध महिला एवं एक युवती घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलेबिरा बेसिक स्कूल रोड के समीप एक क्षतिग्रस्त तहसील कचहरी थी।तहसील कचहरी की आगे कोलेबिरा निवासी प्रहलाद साहू होटल चलता है शनिवार को प्रहलाद की सास 70 वर्षीय दुरपति देवी एवं उसकी बेटी 20 वर्षीय गीतांजलि कुमारी झोपड़ी नुमा होटल में बैठे हुए थे। इसी दौरान क्षतिग्रस्त तहसील कचहरी का दिवाला भरभरा कर गिर गया इसके चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। दोनों घायल वृद्ध महिला एवं युवती को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं चिकित्सकों ने वृद्ध महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल सिमडेगा रेफर कर दिया।

### सांप के काटने से युवक गंभीर, सिमडेगा रेफर

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के मछकट्टा गाँव में शनिवार की देर शाम एक युवक को जहरीले साँप ने काट लिया, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, मछकट्टा गाँव निवासी अमोद मिंज पिता – झीलम मिंज को एक विषैले साँप ने काट लिया। साँप काटने के कुछ समय बाद ही युवक की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत उसे बोलबा अस्पताल पहुंचाया।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव के लिए मतदान कल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** में चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव की काउंटडाउन शुरू हो गई है। महल चंद्र घंटे के बाद यहां चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव का मतदान होगा। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के चुनाव के मतदान में अब महन चंद घंटे बचे हुए हैं। इधर इस चुनाव में खड़े हुए सभी 43 प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से चुनाव में जीत के लिए अपनी अंतिम ताकत तक झोंक देने को आतुर नजर आ रहे हैं। आज सुबह से ही सभी प्रत्याशी अपने-अपने टोली बनाकर सिमडेगा शहरी क्षेत्र सहित प्रखंडों में भी जाकर जनसंपर्क चलाते हुए अपनी जीत सुनिश्चित करने के सारे दांव खेल रहे हैं। प्रत्याशी घूम घूम कर सभी से आग्रह कर रहे हैं कि सभी व्यापारी कल आकर मतदान करें जिससे एक अच्छा व्यापारी संघ बनकर तैयार हो सके। इधर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने को लेकर चुनाव प्रभारी भी अपनी तैयारी कर लिए हैं चुनाव प्रभारी ने बताया की निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न करने के लिए वह अपने साथ कुछ ऐसे लोगों को जोड़कर रखे हैं जो कहीं से भी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कल सुबह 8:00 बजे से शाम के 5:00 बजे तक मतदान किया जाएगा।

त्योहार मनाये | मुहर्रम पर्व को लेकर कुरडेग थाने में हुई शांति समिति की बैठक

# शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील

● मोबाइल नंबर 24x7 सक्रिय, किसी भी आपात स्थिति में संपर्क की अपील



**मुहर्रम सत्य, बलिदान का संदेश देता है: सोनी**

जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने कहा कि यहाँ का इतिहास रहा है सभी लोग एक दूसरे के पर्व को साथ मिलकर मनाते आएं है आशा ही नही पूर्ण विश्वास है आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा वही उन्होंने कहा कि मुहर्रम का त्योहार हमें अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है यह पर्व हमें धैर्य ,बलिदान और सत्य निष्ठा का महत्व सिखाता है इस त्योहार से हमें यह संदेश मिलता है कि हमें सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए ।

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मुर्हरम का पर्व संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । शनिवार को कुरडेग थाना परिसर में थाना प्रभारी संजीत कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रखण्ड क्षेत्र के राजनितिक एवं सामाजिक कार्यकत्ताओं, जन प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के गनमान्य लोगों ने हिस्सा लिया । बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का त्योहार मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई । बैठक में उपस्थित समाजसेवी सुशील श्रीवास्तव ने लोगों से शांति व सौहार्द्ध से मुहर्रम मनाने की अपील की उन्होने कहा कि कुरडेग में हमेशा सभी धर्मो के लोग भाइचारे के साथ किसी भी त्योहार को मनाते आए हैं उसे बरकरार रखने की जरूरत है। वहीं समाज सेवी सकीम अंसारी ने सड़क दुर्घटना को देखते हुए आवश्यक कदम उठाने की मांग की । बैठक में उपस्थित कुरडेग रजा मस्जिद अंजुमन के सदस्य जीशान खान ने बताया कि कुरडेग में मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा । उन्होंने जुलूस के रास्ते की जानकारी दी थाना प्रभारी श्री संजीत कुमार ने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान नहीं दें किसी भी प्रकार के अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी लोग शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाएं। उन्होंने कुरडेग थाना का मोबाइल नम्बर सदस्यों के बीच साझा करते हुए कहा कि यह मोबाईल 24 x 7 खुला रहता है किसी भी तरह की समस्या होने पर सुचना दें निश्चित रूप से कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी आज सोशल मिडिया का जमाना है इसका सही इस्तेमाल करें किसी भी तरह का गलत मैसेज नहीं डाले जिससे समाज में नफरत फैले। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने बिचार रखे। एस आई सुधीर कुमार के द्वारा धन्यबाद ज्ञापन एवं पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बैठक को समाप्त किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### हुरदा में धूमधाम से निकाली गयी रथ यात्रा

**बानो।** प्रखंड के हुरदा स्थित भगवान जगरनाथ स्वामी मंदिर से रथ यात्रा निकाली गयी।रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथ यात्रा में शामिल लोग मरानी सड़क मोड़,मुख्य पथ मार्केट कंपलेक्स होते हुए बाजारटांड़ स्थित मौसीबाड़ी पहुंचे।हजारों लोगों ने रथ खींचा व मौसी बाड़ी तक गए।मौसी बाड़ी में भगवान जगरनाथ स्वामी भगवान बलभद्र व माता सुभद्रा के विग्रहों को पुरोहित गोपालदास व दुर्योधनदास के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नौ दिनों तक के लिए स्थापित किया गया।मौसीबाड़ी परिसर में प्रतिदिन संध्या कीर्तन भजन का आयोजन किया जाएगा।रथ मेले में गेनमेर चाटूओड़ा नृत्य मण्डली के द्वारा पैकी नृत्य का आयोजन किया किया गया।रथ यात्रा के सफल संचालन करने में धनश्याम दास गोस्वामी,शिवचरण सिंह हुरदा,सुरेन्द्र सिंह, मनदयाल सिंह,सहदेव सिंह, फिटुंग सिंह,कोजु सिंह,हरिश सिंह,अजित सिंह,ओनादी हजाम,देवकरण साहु,बलदेव साहु,सुरेन्द्र साहु आदि ने अहम भूमिका निभायी।

### नागपुरी एलबम की शूटिंग शुरू, बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष पर आधारित होगा गीत

**बानो।** झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्ष को दर्शाने वाली एक नागपुरी एलबम की शूटिंग शनिवार को बानो प्रखंड के बिरसा चौक से शुरू हुई। शूटिंग की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।इस एलबम के म्यूजिक डायरेक्टर व गायक सचिन बड़ाईक ने बताया कि इस एलबम में बिरसा मुंडा द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ किए गए उलगुलान को गीत-संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना उनके लंबे समय से संजोए सपने का हिस्सा है, और वह इस एलबम को झारखंड की अस्मिता और इतिहास के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि बनाना चाहते हैं। एलबम की शूटिंग बानो प्रखंड के विभिन्न रमणीय स्थलों जैसे राजा बासा पहाड़, कोयल नदी आदि स्थानों पर की जाएगी।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और 20,000 रुपए जुर्माने की सजा

**सिमडेगा।** कुरडेग थाना क्षेत्र में हुई हत्या के एक मामले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा की अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 20,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।मामला कुरडेग थाना कांड संख्या 32/2021, दिनांक 27.09.2021 से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत अभियुक्त कृष्णा राउत चडरीमुण्डा, थाना – कुरडेग दोषी पाया गया।पुलिस की वैज्ञानिक अनुसंधान, समुचित साक्ष्य और उत्कृष्ट अभियोजन के परिणामस्वरूप सभी गवाहों को समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिससे मामला मजबूत हुआ। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक श्री अमर कुमार चौधरी ने सफलतापूर्वक पैरवी की।मामले की अनुसंधानकर्ता पुअनि प्रमोद कुमार पण्डित द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, वादिनी प्रभा देवी ने प्राथमिकी में बताया था कि 26 सितम्बर 2021 की रात करीब 11:30 बजे उनके देवर कृष्णा राउत ने किसी पारिवारिक विवाद को लेकर उनके पति कुमेश राउत उर्फ कुमो राउत के साथ गाली-गलौच व मारपीट की।

### सिमडेगा सदर अस्पताल में खून चढ़ाने में लापरवाही, गलत ग्रुप का रक्त चढ़ाया

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल के पीकू वार्ड से एक गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। कुरडेग निवासी संदीप कुमार बड़ाईक की 4 वर्षीय पुत्री अनु कुमारी, जो सिकल सेल बीमारी से पीड़ित है, को अस्पताल में भर्ती किया गया था। बच्ची को चिकित्सकीय जरूरत के अनुसार A+ (ए पॉजिटिव) रक्त चढ़ाया जाना था।परिजनों ने बताया कि सामाजिक संगठन सिमडेगा रक्तदाता विंग के माध्यम से ए पॉजिटिव ब्लड की व्यवस्था की गई थी। लेकिन अस्पताल के पीकू वार्ड में कार्यरत जीएनएम नर्स मनीषा डुंगडुंग द्वारा गलती से B+ (बी पॉजिटिव) ब्लड चढ़ा दिया गया।कुछ समय बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी, उसे उल्टियाँ हुईं और वह सुस्त पड़ गई। परिजनों ने जब इसकी शिकायत की तो आनन-फानन में ब्लड ट्रांसफ्यूजन रोका गया और बच्ची को तत्काल डॉक्टरों की निगरानी में ले जाया गया। डॉक्टरों ने फिलहाल बच्ची की स्थिति को स्थिर बताया है।इस घटना ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### रायबेड़ा विद्यालय में ग्राम शिक्षा संगम, बच्चों को अनुभवात्मक से मिली शिक्षा की समझ

**कोलेबिरा।** टुटीकेल पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रायबेड़ा में ग्राम शिक्षा संगम कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टिव फॉर इंटीग्रेटेड लाइवलीहुड के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों को आमंत्रित कर खेल, गीत, कविता एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को समझाया गया। साक्षरता गतिविधियों में "मेरा घर" का चित्र बनाना, गांव का इतिहास लिखना और गांव का अखबार तैयार करना शामिल था।अनुभवात्मक अधिगम के तहत बच्चों को शरबत और चटनी बनाने की प्रक्रिया समझाई गई। दीवारों पर शैक्षिक स्लोगन भी लिखवाए गए, जिनके माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता लाई गई।कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनी प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य एवं शिक्षकगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी बच्चों व अभिभावकों को धन्यवाद दिया गया।

### सेवानिवृत्त शिक्षक अरुण कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**पाकरटांड़।** राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरियाटांड़ के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, ग्रामीण और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।अरुण कुमार सिंह को अंगवस्त्र, श्रीमद्भागवद गीता और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में छात्र-छात्राएं भावुक होकर अपने प्रिय शिक्षक से लिपट कर रो पड़े।शिक्षक प्रमोद लकड़ा और अश्मा केरकेट्टा ने अरुण सर के योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए, जैसे "सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ" और "जोड़ी बनाओ, उपस्थिति बढ़ाओ", जिनके लिए उन्हें राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित भी किया गया था।

### लीड्स संस्था ने बाल संसद के बच्चों को दिया नेतृत्व व लोकतंत्र का प्रशिक्षण

**जलडेगा।** प्रखंड में हक एवं अधिकार प्राप्ति के लिए काम कर रही लीड्स संस्था लक्षित विद्यालयों में बाल संसद के बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें लोकतंत्र, नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता सिखाने का काम कर रही है। लीड्स के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने बताया बाल संसद का यह प्रशिक्षण छात्रों को अपने विद्यालय, समाज और पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त करने और सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। बाल संसद, जिसे छात्र संसद या विद्यार्थी परिषद भी कहा जाता है, स्कूलों में आयोजित एक कार्यक्रम है जिसमें छात्र-छात्राएं विभिन्न पदों पर निर्वाचित होकर विद्यालय और समुदाय के विकास में भूमिका निभाते हैं। आरसी मध्य विद्यालय भीतबुना, जीईएल मध्य विद्यालय तितलिंग, राजकीय प्राथमिक विद्यालय तुरुपडेगा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कीनिरकेला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कारीमाटी, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पैतानो में प्रशिक्षण के दौरान लीड्स के कलिंद्र प्रधान, जूही कुमारी और ललिता कंडुलना ने बाल संसद के बच्चों को उनके अधिकार, समस्याओं का समाधान एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया को बताया और उनके कार्य एवं दायित्वों की जानकारी दी। इस दौरान सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

### बानो थाना में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**बानो।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को बानो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सोनू कुमार ने की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी एवं बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में पर्व को आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति के साथ मनाने पर विशेष जोर दिया गया। बीडीओ अंसारी ने कहा कि बानो प्रखंड में सभी त्योहार परंपरागत रूप से शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाते हैं, और इसी परंपरा को इस बार भी कायम रखना है।थाना प्रभारी सोनू कुमार ने मोहर्रम कमेटी से जुलूस के रूट चार्ट और अन्य आयोजनों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पर्व मनाना चाहिए। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्टों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

## गिरिडीह में जंगली मशरूम खाते ही बिगड़ी पूरे परिवार की तबीयत

# आधा दर्जन से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती



### बरसात में सावधानी बरतें लोग : चिकित्सक

सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ पंकज प्रसाद वर्मा ने बताया कि देशी मशरूम खाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल में इनका इलाज चल रहा है. इन्होंने बताया कि अभी बरसात के मौसम में भारी भोजन, बासी भोजन से बचना चाहिए. कहा कि साफ सुथरा भोजन करना है और साफ पानी पीना है. बताया कि वर्तमान में फूड प्वाइजनिंग और लूज मोशन के मरीजों की संख्या बढ़ गई है लोगों को जागरुक होने की जरूरत है.

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र के घाघरा गांव से एक बेहद चौंकाने वाली और दुखद घटना सामने आई है.गांव के एक ही परिवार के छह सदस्य जंगली मशरूम खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए. सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, घाघरा गांव निवासी राजेश वर्मा गुरुवार को दोपहर जंगल से बारिश के बाद उगा सफेद रंग का मशरूम तोड़कर घर लाए. उन्होंने इसे खाने योग्य समझा और पत्नी से मशरूम की सब्जी बनाने को कहा. परिवार ने खुशी-खुशी रात को भोजन में मशरूम की सब्जी खाई. भोजन के कुछ ही देर बाद पति-पत्नी और उनके चार बच्चे—अभिलाषा कुमारी, सोनम कुमारी, वर्षा कुमारी और आयुष कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी. रात करीब 9 बजे के बाद सभी को उल्टी, चक्कर और बेचैनी की शिकायत होने लगी. लेकिन हालत बिगड़ती देख पड़ोसियों की मदद से सभी को जमुआ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर स्थिति में गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए उपायुक्त ने दिए निर्देश




हजारीबाग । समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीजी पोर्टल पर लंबित जन-शिकायतों के शीघ्र निष्पादन, भू-मापी मामलों की समीक्षा, म्यूटेशन प्रक्रिया, अमीनों की उपस्थिति तथा योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई ।बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पीजी पोर्टल एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निष्पादित किया जाए। उन्होंने भू-मापी से संबंधित शिकायतों के समाधान में विभागीय दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा। "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संदर्भ में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन पर गंभीरता से विचार कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा यह एक जन भावनाओं तथा उनकी समस्याओं को केंद्रबिंदु में रखकर इस कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। इस लिए इस पर गंभीरता बरती जानी चाहिए। उपायुक्त ने ई-रिवेन्यू कोर्ट के अंतर्गत दायर एवं निष्पादित वादों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों के लिए नामित वरीय पदाधिकारी नियमित रूप से ई-रिवेन्यू कोर्ट के मामलों की समीक्षा करें तथा अद्यतन स्थिति की सूची उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## न्यूज बॉक्स

### नाट्य मंचन देखने के बाद विद्यार्थियों ने मोबाईल उपयोग नहीं करने का लिया संकल्प




**बरही ।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मोबाइल की दुष्प्रभाव पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किए गए. जिसमें मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्परिणामों को दर्शाया गया. जिसे बच्चों ने गंभीरता से देखा और भविष्य में मोबाईल का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लिया. प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने बताया कि या लघु नाट्य विद्यालय के छात्रों और शिक्षिकाओं के सौजन्य से मंचन किया गया था. लघु नाट्य का प्रभाव तत्काल देखने को मिला, क्योंकि जब बच्चे को मोबाईल चलाने के लिए दिया गया तो लेने से इंकार कर गए. प्रधानाचार्य ने बताया कि यह एक प्रेरणा और सिख था, जिसे अभिभावकों को भी प्रेरित करते रहना होगा. ताकि बच्चे मोबाइल के आदि नहीं हो और अनावश्यक समय मोबाइल के उपयोग में बर्बाद नहीं करें.

### इफको कंपनी ने कोल्हुआकला में प्रारंभ किया खाद बिक्री केंद्र



**बरही ।** कोल्हुआ कला में एक कंपनी के द्वारा खाद बिक्री केंद्र प्रारंभ किया गया है. उक्त जानकारी कोल्हुआ कला के युवा व बिक्री केंद्र के संचालक पंकज कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि इस केंद्र के द्वारा यूरिया, सागरिका, नैनो यू, नैनो डीएपी आदि खाद किसानों को उचित दर पर उपलब्ध करवाए जायेंगे. बिक्री केंद्र खुलने से किसानों को राहत मिली है. उन्हें खाद खरीदने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा. इससे किसानों को उनके समय और पैसे दोनों की बचत होंगे. यह केंद्र प्रतिदिन खुलेगा.

### बाईपास कर बिजली जलाने को लेकर मामला दर्ज, 20000 रुपए की पेनाल्टी

**बरही ।** विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर विभागीय कार्रवाई लगातार जारी है. शुक्रवार को हुए छापामारी तिलैया बस्ती निवासी मिथुन कुमार पिता चंद्रशेखर यादव को अपने घर में सिंगल फेज विद्युत मीटर को पीवीसी तार से बाईपास कर बिजली जलाते पाया गया. मामले को लेकर विभाग ने 20,000 रुपये की पेनाल्टी करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है. छापेमारी सहायक विद्युत अभियंता सौरभ लिंडा के निर्देशन में की गई. छापेमारी दल में कनीय अभियंता अभिषेक आनंद, सत्यानंद भोक्ता व मानव विद्युत कर्मी शामिल थे. एसडीओ श्री लिंडा में बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर विभाग का लगातार छापेमारी जारी है. बाबजूद मनमानी और लापरवाही सामने आ रहे है. आदतन सुधार नही हो रहे हैं. उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के साथ ही विद्युत उपभोग करने की अपील की है.

### आंगनबाड़ी सेविका का निधन, दी गई श्रद्धांजलि



**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के माल्डा निवासी आंगनबाड़ी सेविका कुमारी नीली प्रसाद का निधन शनिवार को हो गई। कुमारी नीली प्रसाद पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार थी। उनके निधन की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतका माल्डा उत्तरी भाग में सेविका के पद पर कार्यरत थी । सेविका प्रखंड अध्यक्ष संजू देवी, आरती देवी, अंजू देवी, सुमित्रा देवी, संजुक्ता देवी, चंचला देवी एवं सजेंद्र राम समेत अन्य लोगों ने उनकी मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इनका निधन होने से समाज व परिवारों को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। मृतक अपने पीछे पूरे परिवार को छोड़ गई है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# सर्वेक्षण से संबंधित सभी गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड किया जाए : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

समाहरणालय सभागार "स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025" से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त हजारीबाग द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार,डीपीएम (जेएसएलपीएस) डीपीए (पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल), सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता,एसबीएम टीम के सदस्य, आईएसए सीआईएनआई टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि, एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी



उपस्थित रहे। कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी कार्यपालक अभियंता श्री अनिल कुमार गुप्ता द्वारा दी गई। इसके उपरांत जिला समन्वयक मनीष कुमार द्वारा "स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025" की विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई। प्रस्तुति में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का संचालन एकेडमी आफ मैनेजमेंट स्टडीजनामक एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा। सर्वेक्षण टीम गांवों में जाकर स्वच्छता से संबंधित कार्यों का निरीक्षण करेगी तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से सभी सूचनाएं ऑनलाइन अपलोड की जाएंगी। साथ ही मोबाइल के माध्यम से ग्रामीणों से फीडबैक भी प्राप्त किया जाएगा। उपायुक्त हजारीबाग ने निर्देश दिया कि सर्वेक्षण से संबंधित सभी गतिविधियों को संबंधित पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जलसहिया (स्वच्छाग्रही) एवं पंचायत स्तर पर मुखिया को भी प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे जमीनी स्तर पर अभियान की मजबूती सुनिश्चित हो सके। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान दिलाने की दिशा में प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा।

## 'सांसद तीर्थ दर्शन-2025' आज से शुरू, 180 तीर्थयात्री होंगे चार धाम के लिए रवाना




### योगी का भी मिल रहा है विशेष सहयोग

सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने तो उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को इस यात्रा के सहयोग के लिए विशेष निर्देश भी दिए हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने के साथ ही तीर्थ यात्रियों की रवानगी के अवसर पर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य के भागी बनने का आह्वान किया है।

**हजारीबाग ।** लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के तीर्थ यात्रा के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने 'सांसद तीर्थ दर्शन-2025' योजना की शुरुआत की है। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि, यह 5 दिवसीय यात्रा होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज (संगम) और विंध्याचल के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना करेंगे। उन्हें गंगा और सरयू नदी में पावन स्नान के साथ महाआरती का भी दुर्लभ दर्शन करने का अवसर मिलेगा। सांसद ने आश्वस्त किया कि यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों की सुख-सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। यात्रियों के भोजन, पूजन- सामग्री और पूजन के दौरान दिए जाने वाले दक्षिणा को छोड़कर यात्रा का सारा खर्च सांसद की ओर से वहन किया जाएगा। यात्रियों को यात्रा के दौरान एक कपड़े का थैला, अल्पाहार, पानी की बोतल, डेंटल किट और एक विशेष आई-कार्ड दिया जाएगा, जिसमें उनका पूरा नाम, पता और हेल्पलाइन नंबर अंकित होगा। बसों में मेडिकल किट की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी साथ ही रास्ते में किसी की तबियत खराब हुई तो उसके लिए मेडिकल पॉइंट्स चिन्हित किए गए है। पहले जत्थे में कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां और नवादा पंचायत के खपरियावां, नवादा और बनहा गाँव के कुल 180 तीर्थयात्री (108 महिलाएं और 72 पुरुष) अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकलेंगे।

## स्कूल में अंग्रेजी गद्य लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**बरही ।** सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना में अंग्रेजी गद्य लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया. जिसे कक्षा तीसरी से पांचवी के लिए जूनियर और कक्षा छठी से नवी के लिए सीनियर ग्रुप में बाटा गया था. इस दौरान बच्चो ने ऑपरेशन सिंदूर, आइडियल टीचर, फ्रेंडशिप, स्टूडेंट लाइफ, इंदिरा गांधी, दुर्गा पूजा, इंडिपेंडेंस डे, रिपब्लिक डे, इंपोर्टेंट ऑफ़ ट्री, वैल्यू ऑफ टाइम, पॉल्यूशन इत्यादि विषयों में से किसी एक विषय पर अपने लेख लिखे. उक्त जानकारी प्रचार नितेश कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि गद्य लेखन एक विधा है जो शब्द का प्रयोग, किसी विषय की तार्किक और बौद्धिक विवेचना में सहायक है. यह विचारों ,भावनाओं और सूचनाओं को लिखित रूप में व्यक्त करने की एक कला है. अंत में विजेताओं की घोषणा की गई. जिसमे जूनियर ग्रुप में चतुर्थ कक्षा के प्रेम राज प्रथम, 5वीं की स्वीटी कुमारी द्वितीय, 4था के अमन कुमार तृतीय तथा सीनियर ग्रुप में 9वीं की सोनम कुमारी प्रथम, छठी के तरन्नुम दिल काशी द्वितीय व 9वीं की तरह जूही तृतीय स्थान प्राप्त किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निर्देशक टुकलाल साव, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, अजय कुमार, शिबू रजक ,नरेश कुमार ,अरुण कुमार ,चंदन कुमार, रवि कुमार , नुरेशा खातून, मनीषा कुमारी, सरिता कुमारी, स्वाति कुमारी, सविता कुमारी, सोनी कुमारी ,पुष्पा कुमारी, नीतू कुमारी ने महत्ती भूमिका निभाई.

### टेराकोटा शिल्प पर डिजाइन कार्यशाला का समापन, कारीगरों को मिला नया दृष्टिकोण

**धनबाद।** धनबाद जिले के बलियापुर प्रखंड के कोराहिर गांव में आयोजित 25 दिवसीय डिजाइन विकास कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ. यह आयोजन केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) देवघर कार्यालय की ओर से किया गया था. प्रशिक्षण का उद्देश्य टेराकोटा शिल्प को आधुनिक डिजाइन व बाज़ार की मांग के अनुरूप नया स्वरूप देना था, जिससे स्थानीय कारीगरों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके. कार्यशाला में टेराकोटा शिल्प से जुड़े 30 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. डिजाइनर देवानंद राणा ने उन्हें शिक्षण दिया. कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कई नवाचारी डिजाइनों व उत्पादों का निर्माण किया, जो न केवल शिल्प कौशल को दर्शाते हैं, बल्कि वर्तमान बाजार की मांग के अनुरूप भी हैं. हस्तशिल्प प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया और उनके कार्यों की सराहना की.

## भारूतीय कृषि अनुसंधान केंद्र में मनाया गया 11वां स्थापना दिवस

# पुस्तक का किया गया विमोचन

- संयुक्त निदेशक ने संस्थान के अनुसंधान, कार्य और प्रशिक्षण की तारिफ करते हुए संस्थान के विकास में हरसंभव मदद की बात कही



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सन 2014 में प्रारंभ हुए भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र गौरिया करमा में 11वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. जिसकी अध्यक्षता आईएआरआई झारखंड के निदेशक व कुलपति डॉ चेरुकुमली निवासन ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि आईएआरआई के पूर्व सचिव व महानिदेशक पद्म भूषण डॉ एस परोदा राव, विशिष्ट अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू के कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह व संस्थान के आईएआरआई नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक डॉ विश्वनाथन चिन्नास्वामी सहित कई गणमान्य अतिथि, संस्थान के कृषि वैज्ञानिक, अध्ययनरत विद्यार्थी और सैकड़ों किसान शामिल हुए. दीप प्रज्वलन से शुभारंभ हुए कार्यक्रम के बाद छात्राओं के सांस्कृतिक प्रस्तुति व पुष्पगुच्छ के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया. विशेष कार्याधिकारी डॉ विशाल नाथ पांडेय ने अपने स्वागत भाषण के बाद संस्थान के 10 वर्ष के विकास यात्रा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित किए गए. जिसका अतिथियों सहित उपस्थित जनसमूह ने तालियां बजाकर स्वागत किया. संयुक्त निदेशक ने संस्थान के अनुसंधान, कार्य और प्रशिक्षण की तारिफ करते हुए संस्थान के विकास में हरसंभव मदद की बात कही. नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सिंह ने संस्थान के प्रशिक्षण की प्रशंसा करते हुए कृषि के क्षेत्र में महतपूर्ण योगदान देने की की बात कही. मुख्यातिथि ने पद्म भूषण डॉ परोदा ने संस्थान के इन्फ्रास्ट्रक्चर, अनुसंधान व प्रशिक्षण कार्य की प्रशंसा किया. 11वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ओएसडी डॉ पांडेय व उनकी टीम को बधाई दी. मुख्यातिथि ने अपने अनुभव साझा करते देश को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वाहन किया. उन्होंने किसानों को नौकरी करने नही नौकरी देने की बात करते हुए पूर्वी भारत में दूसरी हरित क्रांति लाने पर जोर दिया. जिसमें आईएआरआई झारखंड की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया. इसके लिए उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों को सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित किया. अपने अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान के निदेशक व कुलपति डॉ राव ने भारतीय कृषि परिदृश्य को बदलने में आईएआरआई नई दिल्ली की भूमिका पर चर्चा किया. उन्होंने झारखंड इकाई के तीव्र विकास, बेहतर प्रशिक्षण, व्यवस्था के साथ क्षेत्रीय विकास में संस्थान की भूमिका का भी प्रशंसा किया. उन्होंने राज्य सरकार के साथ मिलकर कृषि के क्षेत्र में नीतिगत और बुनियादी सहयोग द्वारा फसल की सघनता बढ़ाने पर जोर दिया.

## लोक लेखा समिति के साप्ताहिक दौरे के बाद विधायक लौटे कहा

# विकास के लिए वित्तीय जवाबदेही महत्वपूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**



- सात दिवसीय दौरे के क्रम में समिति ने हजारीबाग, कोडरमा पलामू, लातेहार, सिमडेगा, चाईबासा और जमशेदपुर जिलों में राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध राशि का गहन समीक्षा किया.

**बरही ।** बीते एक सप्ताह से स्थानीय विधायक सह झाविस के लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए राज्य के विभिन्न जिलों के वित्तीय खर्च का मूल्यांकन कर वित्तीय जानकारी ली. अपने दौरे को सफल बताते हुए उन्होंने कार्यक्रम को सार्थक और राज्य के विकास के लिए अनिवार्य बताया. जो विकास के वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्ती भूमिका निभाएगा. इस क्रम में समिति ने विभिन्न जिलों में सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का बारीकी से अवलोकन कर मूल्यांकन किया. जिससे सरकारी धन के सदुपयोग व कुप्रबंधन की जानकारी मिली. साथ हीं आवश्यकतानुसार समिति ने तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की सिफारिशें की. जो राज्य के आर्थिक विकास में मदद करेगा. सभापति सह विधायक श्री यादव के अनुसार विकास के लिए वित्तीय प्रबंधन व जवाबदेही अनिवार्य है. लोक लेखा समिति इस जवाबदेही का प्रहरी है. सात दिवसीय दौरे के क्रम में समिति ने हजारीबाग, कोडरमा पलामू, लातेहार, सिमडेगा, चाईबासा और जमशेदपुर जिलों में राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध राशि का गहन समीक्षा किया. जहां संबधित जिले के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों व कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा. इस दौरान उनके स्वागत का भी उन्होंने भूरी-भूरी प्रशसा किया. इस दौरे में समिति के सदस्य बरकट्ठा विधायक अमित यादव, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, कोलेबिरा विधायक नमन विसेल कोंगाडी, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, मोहनपुर विधायक जगत मांझी, झारखंड विधानसभा के उप सचिव अनूप लाल और विभागीय कर्मचारी भी साथ थे. सभापति श्री यादव ने सार्थक सहयोग के लिए सभी सदस्यों व अधिकारियों का अभार जताया है.

### बांसजोड़ा में भूमिगत आग, गैस रिसाव से दहशत में ग्रामीण

**धनबाद।** धनबाद जिले के बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र अंतर्गत बांसजोड़ा 12 नंबर में पिछले चार वर्षों से सुलग रही आग अब रिहायशी इलाकों तक पहुंच गई है. शनिवार को अचानक संतोष भुईयां के घर के आंगन में लगभग दस फीट गहरा गोफ बन गया, जिससे भारी मात्रा में गैस का रिसाव हो रहा है. गोफ के कारण पड़ोस में रह रहे शशि भुईयां और अशोक भुईयां के मकानों में भी दरारें आ गई हैं. इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गोफ की भराई करने से मना कर दिया. उनका कहना है कि सिर्फ गोफ पर मिट्टी डाल देना स्थायी समाधान नहीं है.ग्रामीणों ने कहा कि आग व गैस रिसाव से पप्पू मंडल, धर्मेन्द्र रजक, गायत्री देवी, पार्वती देवी, सुनीता भुईयां, चंदू भुईयां, गुड़िया कुमारी, अशोक भुईयां, लखन रविदास, पूनम देवी सहित 20 से अधिक परिवार प्रभावित हैं.

### झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन ने लगाया जनता दरबार

**डुमरी।** झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के द्वारा अनुमण्डल कार्यालय परिसर स्थित किसान भवन में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया।इस दौरान प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आये लोगों ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दिया।जनता दरबार में मनरेगा में काम मांगने के 45 आवेदन, बिजली से संबंधित 2 आवेदन,जॉब कार्ड बनाने के 8 आवेदन एवं जमीन से संबंधित एक आवेदन आये। यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो ने बताया कि जिन जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं उसे संबंधित विभाग को सौंप कर यूनियन उसका समाधान कराने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेगा।बताया कि यूनियन द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को जनता दरबार लगाया जाएगा।

**e-Procurement Cell**
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
Ranchi

**CORRIGENDUM**

**e-Procurement Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-09/2025-26 Date:-11.06.25, PR No-354792 Building(25-26):D & PR No-355190 Building (25-26)_D** MAKING AND INSTALLATION OF FREEDOM FIGHTER SCULPTURES OF JHARKHAND AND INDIA AT RAJBHAWAN (JHARKHAND) कार्य के लिए बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में कतिपय कारणों से संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | मद | तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 01.07.2025 | 07.07.2025 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि/समय | 02.07.2025 | 08.07.2025 |

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

**Nodal Officer,e-Procurement Cell,Office of the Executive Engineer, Special Works Division Building Construction Department, Ranchi .**

PR 356161 (Building)25-26*D

# साहित्यिकी



## हमारी हवाई यात्रा

हमारी सरकार की यह बहुत बड़ी देन है कि अब हवाई जहाज़ भी आम आदमी की ज़िंदगी में घुसपैठ कर चुका है—बिना पंख के सपनों को पंख मिल गए हैं। तो जनाब, हम भी उड़ने निकल पड़े—राँची से दिल्ली, फिर वहां से भोपाल। रांची एयरपोर्ट पर हम वक्त से पहले ही पहुँच गए थे, मगर प्लेन... वो तो मौसम के मिज़ाज पर था। सूचना आई—"फ्लाइट लेट है, अब 8.30 की जगह 9:55 बजे उड़ान भरेगी।" हमारे पीछे एक परिवार चल रहा था। औरत बोली—"प्लेन लेट हो जाए तो चलता है, लेकिन इसका इंजन दुरुस्त होना चाहिए!" मैं हँस पड़ी। वो भी मेरी तरफ देखकर मुस्कुराई। खैर, रात 11:30 बजे हम दिल्ली पहुंचे। आगे की फ्लाइट सुबह 5:00 बजे की थी। नींद तो वैसे भी आजकल मोबाइल ने छीन ली है, तो एयरपोर्ट पर ही मोबाइल और कुर्सियों की गोदी में झपकी ली। सुबह दिल्ली से भोपाल की उड़ान भरकर हम सही-सलामत पहुँच गए। वापसी भी तय थी—भोपाल से दिल्ली, और फिर राँची। भोपाल बोर्डिंग काउंटर पर पहुंचे, टिकट की कॉपी निकाली। वहाँ मौजूद कर्मचारी ने बस मुस्करा कर इशारा किया—"सब ठीक है।" मैंने पूछा—"मेरा लगेज सीधे राँची मिलेगा न?" वो फिर मुस्कराया। मेरे पीछे एक बिहारी भाई टिकट दिखा रहे थे। कर्मचारी ने फिर इशारों में बात की। बिहारी भाई ने अपनी पत्नी से कहा, "लगता है बाबू गूंगा है।" पत्नी बोली-"नाही, ऊ शांति बनाए रखने के कह रहा है।" भाई साहब बोले-"ई का बात हुआ, आदमी हाल-चालो न पूछे?" मुझे अचानक जॉनी लीवर की फिल्म 'नया दौर' की याद आ गई-"पहले हाल-चाल, फिर टिकट... और कैसे हैं आप! ये लो जी आप टिकट। अब हम फिर फ्लाइट में थे-भोपाल से दिल्ली की ओर। जैसे ही पायलट ने विमान ज़मीन पर उतारा, पीछे बैठे सज्जन बोले-"भाई ज़रा आराम से चलाओ!" ऐसा लगा जैसे इंडिगो के पायलट को सब सुनाई दे रहा है। दिल्ली में अब हमें टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 जाना था।हम इलेक्ट्रिक बस से टर्मिनल -3 पहुंचे।बाहर निकले, अंदर घुसे, और फिर लाइनें देखकर ऐसा लगा मानो हर शहर की अपनी-अपनी बस की कतारें लगी हों। मगर एक बात थी-बिहारी सब पर भारी। लाइन कोई भी हो, आवाज़ पटना और रांची से ही आ रही थी। अब हम फ्लाइट में दिल्ली से रांची की उड़ान के लिए सवार हो चुके थे- प्लेन रनवे पर सरसराने लगा तो पीछे बैठे सज्जन चिंतित हो उठे - "ई सरवा का इंजन खराब है का? अभी से कर रहा है चों-चों-चों!" रांची में मौसम खराब होने के कारण पायलट प्लेन को ऊंचा उड़ा रहा था। पीछे बैठे सज्जन ने कहा -"उड़ाइए पायलट साहब खूब ऊंचा लेकिन एतना ऊंचा नहीं की ऊपरे पहुंच जाएं। उस वक़्त मुझे एहसास हुआ कि चाहे जितनी भी टेक्नोलॉजी आ जाए, आम आदमी की सोच में इंजीनियरिंग और खगोल विज्ञान दोनों फिट हैं—बस डायलॉग बिहारी हो या बनारसी, मज़ा तो देसीपन में ही है। यात्रा समाप्त हुई, पर स्मृतियाँ अब भी उड़ान पर हैं।



चारुमित्रा

### संस्मरण


# सीधी सरल रेखा से बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्रद्धेय सिद्धनाथ कुमार जी




अनिता रश्मि

वे दिन बड़े शानदार थे, जब बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्रद्धेय सिद्धनाथ कुमार जी के चुटीले व्यंग्य राँची एक्सप्रेस में आते थे। सुधि पाठक इस साप्ताहिक स्तंभ की प्रतीक्षा करते थे। उनमें हम भी थे। उस समय वे रांची विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्रोफेसर थे। संयोग ऐसा कि मैं एक बार राँची एक्सप्रेस के दफ्तर गई थी तो सामने कुर्सी पर बलबीर दत्त जी, बगल में सिद्धनाथ कुमार जी बिराजमान। मैं उन्हें तत्काल पहचान गई। तीक्ष्ण व्यंग्यधार से पाठकों को नित्य सुबह नहलानेवाले लेखक तस्वीर से निकलकर साक्षात् बगल में बैठे थे। बेहद पतली-दुबली काया, झक सफ़ेद सन से केश, चौड़े फ्रेम का चश्मा, गोरा रंग सब तो वही था। अभिवादन किया था लेकिन अपना परिचय देने में आदतन संकोच कर गई।

फिर व्याह कर रांची से दूर चली गई। वहाँ भी पढ़ती रही उनके व्यंग्य, कविताएँ, समीक्षाएँ, नाटक।





13 अगस्त 1927 को बक्सर, बिहार में जन्मे सिद्धनाथ कुमार जी की धाक पटना, राँची से लेकर दिल्ली तक थी। राजकमल प्रकाशन से आई नाट्य शैली की बहुपयोगी किताब की बहुत चर्चा थी।

रेडियो नाटक के बहुचर्चित हस्ताक्षर सिद्धनाथ जी और गोस्वामी जी के नाटक हवा महल से भी प्रसारित होते रहे थे।

उनकी विद्वता के सब कायल। वे पाँच वर्षो तक आकाशवाणी केंद्र, पटना में नाटक के लेखक एवं सहायक प्रोडयुसर रहे थे। नाटक जैसे उनकी रगों में बहता था। लेकिन समीक्षा और व्यंग्य भी उन्होंने प्रचूर मात्रा में लिखा था।

चतरा में रहते हुए मैंने उनकी नाट्य पुस्तक "रोशनी शेष है", "रेडियो नाटक की कला" मँगाई, अब तक अलमारी की शोभा है, उनकी याद दिलाती है। जब लौट कर बुद्धू राँची आए, चार साहित्यिक नाम प्रसिद्धि की ऊँचाई पर। खूब नाम सुना था। उनमें से एक सिद्धनाथ जी से ही मुख़्तसर सी भेंट, वह भी अपरिचय की कश्ती पर सवार।

अब मिलने की इच्छा बलवती। महिलाओं की साहित्यिक संस्था सुरभि में वे आमंत्रित किये जाते तो कभी-कभार दर्शन होते, दूर के दर्शन। असली मुलाक़ात हुई, प्रथम स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान लेते वक्त। मंच पर अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद जी, सिद्धनाथ कुमार जी, अशोक प्रियदर्शी जी, सूचना आयुक्त वैद्यनाथ मिश्र जी, माया प्रसाद दी वगैरह थे। दो वर्षों का प्रथम और द्वितीय स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान (छतीसगढ़ के व्यंग्यकार विनोद साव को) इकट्ठे 2008 में दिया जा रहा था। उस दिन उन्होंने पहली बार मंच से उतरने पर धीरे से कहा, "बहुत अच्छा लिखती हैं आप।" चेहरे पर वही परम सुकूनवाली हँसी। उनकी विशेषता थी, वह हँसी। सिद्धनाथ कुमार जी की एक और खासियत थी, बहुत मद्धिम वाणी में बात करना। उनमें विनम्रता जैसे कूट-कूट कर भरी थी। टपकती थी। वक्र व हास्य व्यंग्य लिखनेवाले लेखक सीधी सरल रेखा जैसे सहज-सरल थे। बाद में भी सम्मान समारोह में कुछेक बार जाने पर सपत्नीक नजर आए थे। प्रणाम-पाती, हाल-चाल के आदान-प्रदान के दौरान शिद्दत से महसूस की।

### गजल



अभिनव अरुण

दुश्मनी सबसे पुरानी है तो है।
मेरी आदत ख़ानदानी है तो है।
झूठ को मैं झूठ कहता हूँ सदा,
गर ये मेरी बदज़ुबानी है तो है।
तुझमे देखे पीर मुर्शिद औलिया,
माँ तेरा चेहरा नूरानी है तो है।
मेरे आँगन बारिशें होती नहीं,
फिर भी फस्ले ज़ाफ़रानी है तो है।
बा अदब वो शेर पढ़ते हैं मेरे,
फ़िक्र ही मेरी रूहानी है तो है।
गुलशनों की सैर मैं करता नहीं,
शेर में ख़ुशबू लोबानी है तो है।
इस सियासत में कई पैबंद हैं,
पर यही चादर बिछानी है तो है।
सैकड़ों करते बसर फुटपाथ पर,
ये तरक्क़ी की निशानी है तो है।
हुक्म चलता है मेरा कोल्हान में,
दिल्ली तेरी राजधानी है तो है।
नून रोटी पर करोड़ों जी रहे,
ये हक़ीक़त की बयानी है तो है।
इक घड़ा लाते हैं हम दो कोस चल,
बाथ टब में तेरे पानी है तो है।
शेर बोते है ग़ज़ल उपजाते हैं,
अपनी ये खेती किसानी है तो है।
बाँध तुमने बाँध डाले सैकड़ों,
अब ये गंगा सूख जानी है तो है।

### काव्य कोना

## रिश्तों की उम्र

कभी कहीं कारण
कभी रिश्तों की उम्र पूछते हैं
पैमाना बने तो नापे
भावनाओं के अंदाज अपने हैं
वायु-सा सरल बहाव है।
रिश्ते और संबंध
संवाद अहम है
अहम् का अहम न होगा जहाँ
वहम नहीं आयेगा वहाँ
रिश्ते और संबंध
वायु-सा सरल बहाव है।
संयम और विश्वास
संयोग हमेशा बनाते हैं।
ढोल, ताशा, तुरही, वीणा
मधुर स्वरांजलि, मंगल ध्वनि
नूतन आभा संबंधों में, रिश्तों में।
कभी कहीं कारण
कभी रिश्तों की उम्र पूछते हैं
पैमाना बने तो नापे
भावनाओं का अंदाज अपना है
वायु-सा सरल बहाव है।
नाग मणि

नाग मणि

### दोहे

हृदय विदारक हादसा, सुनकर मन है स्तब्ध।
निगला सबको काल ने,ये कैसा प्रारब्ध।।
बैठी मौत विमान में, हर कोई अनजान।



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

पल क झपकते ही मिटे, जीवन के अरमान।।
टकराया वह मौत से, भड़कीं लपटें,आग।
पल भर में ही बुझ गये, खुशियों भरे चिराग।।
नाता नहीं विमान से,ना ही भरी उड़ान।
हॉस्टल में बैठे गयीं, मासूमों की जान।।
रब की आज्ञा के बिना, मौत न आए पास।
देखो कैसे बच गया, वह रमेश विश्वास।।
कितने रस्ते मौत के, जाने कितने रूप।
किसको, कैसे घेर ले,ये जीवन की धूप।।
दुर्घटना की चोट ने,छोड़े गहरे घाव।
एक धमाके से हुआ, सपनों का बिखराव।।
प्रभु चाहे तो मोड़ दे, तूफानों की चाल।
राई को पर्वत करे, निर्धन मालामाल।।
उम्मीदों के ढेर में,सुलग रही है आस।
ख्वाबों के मलवे तले,दबी हुई है प्यास।।

## आर्द्रा पर्व प्रकृति की पूजा का उत्सव है

हमारा देश भारत विविध सतरंगी संस्कृतियों पर्वों परंपराओं का उत्सव धर्मी देश रहा है। प्रकृति के अनेक रुप कभी उग्र कभी कोमल, कभी वर्षा की फुहारों में भींगती धरती तो कभी रंगों में डूबा और पूजा के गीतों से गूंजता परिवेश मानसिक शांति और संतुष्ट भी प्रदान करता है। वर्षा ऋतु यहां का प्रमुख पर्व है और किसान ग्राम देवता। वह धरती का उपकार है श्रृंगार है ..समाज को श्रम व् लगन, त्याग और तपस्या का सर्वोत्तम पाठ पढ़ाने वाला गुरु भी है तो युग निर्माता भी। कवियों कृतिकारों की कल्पना का मुख्य विषय भी वर्षा ऋतु ही रही है। महाकवि जायसी ने 'चढा आषाढ़ गगन घन गाजा साजा विरह दुंद दल बाजा"कहकर आषाढ के बादलों का स्वागत किया था तो साकेत में गुप्त जी ने उर्मिला के मुख से कहलाया था 'आओ हे घनश्याम। यशोधरा के गौतम तो लौटे पर हमारे देश की यशोधरा की सूना पंथ निहारती आंखों. में मेघों की प्रतीक्षा जैसे ठहर जाती है। आषाढ़ के बादलों को आकाश में उमड़ते घुमड़ते देखने की कल्पना, रोज सुबह प्रातःकाल शीतल हवाओं और रिमझिम बूंदों का अहसास हमारे जीवन में उल्लास ले आता है। जिसकी प्रतीक्षा किसान, भूमिसुतायें करती हैं ताकि खेतों की हरियाली लौटे, फसलों का वैभव लौटे। इसी आषाढ़ मास में बिहार उत्तर



पद्मा मिश्र



प्रदेश और देश के कई भागों में आर्द्रा नक्षत्र का स्वागत किया जाता है आर्द्रा नक्षत्र आर्द्र शब्द से लिया गया जिसका अर्थ है गीला या भींगने का भाव। नयी फसलों विशेष रुप से धान को बोने का समय, आमों तथा अन्य मौसमी फलों फसलों के घर लाने का उत्सव। इस दिन बरसते बादलों के बीच घर में तरह तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। चने की दाल भरी पूरी, खीर, कोंहडे या चने की सब्जी, आम, मीठी चटनी आदि बनायी जाती है भगवान शिव को भोग लगाकर पूरा परिवार इस उत्सव को मनाता है। आर्द्रा नक्षत्र का संबंध भगवान शिव के रुद्र रूप से है, जो विनाश और परिवर्तन के देवता हैं। रुद्र को आंधी, तूफान का स्वामी भी माना जाता है। यह भी माना जाता है कि जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है, तो धरती रजस्वला होती है, और यह समय बीज बोने के लिए उपयुक्त माना जाता है। वर्षा ऋतु में लोकगीतों का विशेष महत्व रहता है। लोकगीत ही किसी देश की संस्कति व परंपरा के प्राण होते हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में कजरी।कजरी, उत्तर प्रदेश के अवध और पूर्वांचल क्षेत्र का एक प्रसिद्ध लोकगीत और लोक नृत्य है। यह गीत वर्षा ऋतु में गाया जाता है और इसे गाते समय नृत्य भी किया जाता है। कजरी में आमतौर पर प्रेम, विरह, और प्रकृति का वर्णन होता है। अरे रामा सावन में घनघोर बदरिया छायी हे हरी ।या शिवशंकर चले कैलाश बुंदियां पडने लगी।इन गीतों को धान बोते समय या झूला झूलते समय भी सखियों मिलकर गाती है। बिरहा, बिहार में लोकप्रिय एक लोकगीत है। वर्षाकाल में गाए जाने वाले अन्य लोकगीतों में चैती और लंगुरिया भी शामिल हैं, के अनुसार Brainly.in. इसके अलावा, बुंदेलखंड में आल्हा, फाग, लामटेरा, दादरे, और गारी जैसे गीत भी गाए जाते हैं। प्रकृति संबंधी सृजन करने और खेती अकाल आदि की सटीक भविष्य वाणी करने वाले महाकवि घाघ याद आते हैं। उन्होने कहा था। घाघ रोहनी बरसे मृग तपे, कुछ दिन आर्द्रा जाय। कहे घाघ सुनु घाघिनी, स्वान भात नहिं खाय। महा कवि घाघ अपनी पत्नी (भड्डरी) से कहते हैं कि अगर रोहिणी नक्षत्र में जोरदार तपन काल रहता है और मृगशिरा नक्षत्र में जोरदार आंधियां चले तथा आर्द्रा नक्षत्र के कुछ दिन बीतने पर अगर बरसात होती है तो इतना अच्छा समय आता है कि मनुष्य तो क्या श्वान (कुत्ता)भी भूखा नहीं रहता है। यह पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय है। कृषि प्रधान प्रदेशों में अनिवार्यतः अपनी सामर्थ्य के अनुसार इसे मनाते हैं। यह एक सामूहिकता का त्योहार भी है, जिसमें घर पर बने पकवान पूरे गाँव और इष्ट मित्र को भी बांटे जाते हैं। खेतों में धान बोने वाले मजदूरों और करमचारियों को भी भोजन कराया जाता है। ऐसे ऋतु पर्व हमारे देश की शान हैं और प्रकृति की अभ्यर्थना का उत्सव भी।

## महान होने का सुख





ललन शर्मा

इन्सान पैदा होते ही सबसे पहले जो काम करता हैं वह हैं अपने लिए सुख-सुविधा की तलाश, कबीला संस्कृति से लेकर आधुनिक व सभ्य संस्कृति तक आप नज़र दौड़ाये तो आपको दिखेगा कि इन्सान ने अपने सुख के लिए क्या-क्या नहीं किया, मुझे कुछ ज्यादा मालूम नहीं कि लोग पहले अपने लिए किस प्रकार सुख प्राप्त करते थे लेकिन जहाँ तक मेरी कमजोर और दुष्ट नज़र जाती है उसमें मुझे पिछले पचास-साठ सालों का रिकार्ड दिखाई देता है। इसमें कई किस्म के सुख प्राप्त किए गये मसलन भैया होने का सुख, सरकारी साँड़ होने का सुख, माफिया होने का सुख, भ्रश्टाचारी और घोटालेबाज होने का सुख, लूटमार, हत्या, कब्जा एवं माल हड़पने का सुख, हेराफेरी करने का सुख इत्यादि अनेक ऐसे सुख हैं जिनका भोग कर लोग सुखी-सम्पन्न हो गये, फले-फूले और पूरे मुल्क में फैल गये। पर इन्सान की इन्सानी फितरत, इन सुखों का भोग करते-करते बोर होने लगे तो उन्हें लगा की अब कोई नई किस्म के सुख की तलाश की जानी चाहिए चूंकि ऐसे सुख के अविष्कारों पर शोध करने और उन्हें देशभर में फैलाने का कापीराईट मुझे है इसलिए आकाओं की सुख-सुविधा का ध्यान रखते हुए इस नये किस्म के सुख पर शोध करना शुरू कर दिया। इसके दौरान एक स्लोगन हाथ लगा, स्लोगन था - 'मेरा भारत महान', इसी महानता पर अथक विचार करते-करते एक फार्मूला मेरे हाथ लग ही गया - वह था "महान होने का सुख"। मेरे इस शोध से पता चलता हैं कि आप लाख रूपया पैसा कमा ले, बंगला-गाड़ी के मालिक हो जाय लेकिन महान न हुए तो इन चीजों का कोई मोल नहीं, आपकी कोई भी पहचान नहीं। गली का कुत्ता भी आप पर भौंकेगा। अस्तू, मैंने इस नये फार्मूले को लोगों के बीच बांटा,लोग बाग बाग हुए।

मेरे शोध के हिसाब से, महान होने के सुख प्राप्त करने के लिए कुछ मापदण्ड हैं। अगर आप शरीफ हैं, पास-पड़ोस के सुख-दुख में हिस्सा लेते हैं, ईमानदारी से अपना काम पूरा करते हैं, आप सीमित हैं आपके पास कोमल-भावुक दिल हैं, आदर्शवादी हैं, सच बोलने की बीमारी हैं, नैतिक मूल्यों को मानते है तो आप महान नहीं हो सकते हैं, अगर आप इन सबके अलावा कुछ भी है तो इस सुख का आनंद उठा सकते ।

एक तरह से देखा जाय तो महान होना अलादिन का चिराग पाने जैसा है। बटन दबाया, सारे काम हो गये। जो वर्दीवाला पहले आपको हड़काता था वह आपसे हड़केगा और अपने बाल बच्चों की सलामती की दुआ आपसे मांगेगा। जितने भी लोग आज महान हुए हैं। सभी ने यही फार्मूला अपनाया हैं और प्रसिद्धि पायी हैं। भ्रष्टाचार के दलदल में नाक तक डूबे लोग महान होते ही उससे निकल आये हैं। उनके दामन में दाग-धब्बा नहीं दिखता है। महान होने से एक टिकाऊ लाभ यह हैं कि इससे उस व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं जीवनी पर शोध होने लगते हैं। लेखकगण चालिसा लिखते हैं, भक्ति गीतों की रचना होने लगती हैं। इसके साथ-साथ उस व्यक्ति के परिवार के गधे-बैल भी महान हो जाते हैं। उन्हें भी उद्घाटनों में फीता काटने, भाषण देने का मौका मिलता है। महान होने का दूसरा टिकाऊ लाभ यह भी हैं कि महान होते ही आदमी हाथी हो जाता हैं शरद जोशी जी ने ऐसे लोगों को अंधों का हाथी कहा हैं यानी आम आदमी अंधे हो जाते हैं, हाथी हाथी हो जाता हैं, हाथी के लिए कोई परेशानी नहीं, लाख कुत्तें भौंकते रहे। अब ऐसा सुखद अहसास तो महान होकर ही प्राप्त किया जा सकता हैं। चूंकि महान होना एक बहुत बड़ा सम्मान हैं, पद हैं इसलिए ऐसा होने से कई समस्याएँ आसानी से सुलझने लगती हैं अगर महान व्यक्ति पर पिछली जिन्दगी में हत्या, बलात्कार, जालसाजी जैसे पुण्य कार्य पर पुलिसिया रिकार्ड हैं तो ऐसे रिकार्डो की फाईल गायब किए जा सकते हैं, उन्हें समाज द्वारा क्लीन चीट दिया जा सकता हैं। आदमी काला कपड़ा छोड़ सफेद कपड़े पहनना शुरू कर सकता हैं।

महान होने से आजकल एक लाभ सीधे मिलने लगा हैं। टी० वी० एवं प्रेसवालों की भीड उन्हें घेर लेती है, तस्वीरें सुर्खियों में रहती हैं जिन व्यक्ति को उनके मुहल्ले वाले दुत्कारते रहते हैं उससे प्रेस वाले क्लोज-अप मांगते हैं, इतना ही नहीं, महान व्यक्ति के घर की हरेक वस्तु का भी प्रचार-प्रसार होता हैं इससे अख़बारी बन्धुओं की कुछ रोजगार बढ़ जाता हैं। अब आप ही समझिए कि आज के जमाने में किसी को रोजगार दिलाना कितना महान काम हैं। अब तो महान लोगों का बहुराष्ट्रीयकरण हो गया है। लोग महान होकर विदेशों में चक्कर लगा रहे हैं और वहाँ महान होने का फार्मूला बांट रहे हैं। एक वक्त आयेगा जब विश्व का हर व्यक्ति महान होगा और हरदम महानता का सुख भोगेगा। मेरी तो इच्छा हैं कि हर व्यक्ति जो थोड़ा भी समझदार हैं आज से ही मेरे फार्मूले पर अमल कर महान बनना शुरू कर दे और दूसरों को भी प्रेरित करे ताकि मेरा यह शोध गांव-गांव तक पहुँच सके और जन-जन तक फैले।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

### संस्कृति का शोकेस

## जगन्नाथपुर मेला : पारंपरिक झारखंडी अंदाज



जगन्नाथपुर मंदिर, रथ यात्रा और जगन्नाथपुर मेला, ये शब्द ये स्थान और ये दिन हर राँचीवासी के जेहन में हमेशा के लिए अंकित होगा ऐसा मैं समझती हूँ। आज भले सब रांची में न हों,देश विदेश के किसी भी कोने में हों,ये बातें जेहन में अवश्य अंकित होंगी ,जो यदा कदा विशेष कर दिवस विशेष में हुलस जगाती ही होंगी। वही हाल मेरा भी है। मेरी निजी स्मृतियाँ इस मेले को लेकर बहुत पुरानी तो है पर धुंधलाई अब तक नहीं है।वर्षों अपनी राँची से दूर रहने के बाद जब वापस लौटी तो बहुत कुछ बदल चुका था। ये शहर,यहां की आबोहवा,यहाँ के लोग,भीड़ और स्वयं मैं भी। जाहिर है मेले का स्वरूप भी बदला।



रश्मि सिंह

बचपन में घूमे हुए मेले की जो स्मृतियाँ मानस पटल पर रही हैं उससे अब बहुत भिन्न हो गया है आज का मेला। आधुनिक मेले की तरह आधुनिक साज-सज्जा के सामान,घरेलू उपकरण, जरूरत की चीजें तो बिकती ही हैं, साथ ही पारंपरिक ताल पत्ते के सुंदर सुंदर खिलौने, बांसुरी,पिंजरा सहित तोते,रंग बिरंगी चिड़ियाँ,पारंपरिक हथियार औजार, मछली पकड़ने के जाल आदि मुख्यता से मिलते हैं जिसे खरीदने दूर दराज गांवों से लोग आते हैं।

उसी तरह आजकल मॉडर्न फूड स्टॉल पर चाउमिन,रोल जैसी चीजें ज्यादा मिलने लगी हैं , फिर भी कुछ-कुछ रंग बिरंगी देहाती मिठाईयों की दुकान भी दिख ही जाएँगी।मेले का मुख्य आकर्षण अब तरह-तरह के हाईटेक झूले होते हैं तो मौत का कूआं जैसे पारंपरिक शो भी हैं। मतलब मनोरंजन का पूरा इंतजाम। एक अजब सा समां बन जाया करता है मेले का जो खत्म हो जाने के बाद भी कायम रहता है।

सच उन दिनों जब मनोरंजन के साधन और उनपर खर्च की जाने वाली धनराशि भी बहुत सीमित होती थी तब यहाँ घूमना पूरे वर्ष के लिए मानो तरोताजा कर देता था। मेले के दिन की तो बात ही निराली। सुबह से हम बच्चे रेडी रहते। अकसर सब दोस्त मुहल्ले वाले हम साथ ही जाते थे। वहां जाकर बस खरीदारी खाना और झूले यही था हमारा मेला।झूले भी उन दिनों एक दो बहुत साधारण वाले होते,जादू के खेल मौत का कुआं सब बारी-बारी पूरी कर ही लेते और खाने पीने की तो मत पूछिए खुले में रखी तेल वाली जलेबियां समोसे सब डकार जाते, मजाल है कभी पेट में गुड़गुड़ भी हुई हो।

आज तो मेले की चीजें न माता-पिता खाने देते न बच्चों को उनका क्रेज रहा। मेले में खेती से जुड़े औजार, पारंपरिक औजार,मछली पकड़ने का जाल, नक्काशीदार घरेलू उपकरण, अस्त्र-शस्त्र वगैरह से लेकर सस्ते सरल बच्चों की तरह मासूम खिलौनों की भी लंबी फेहरिस्त होती, जिसे खरीदने के लिए महिने भर से हम दिन गिनना शुरू कर देते थे। अब बात करें मेले के साइड इफेक्ट्स की। समझ लीजिए उस दिन तो शाम तक भटकते ही बिता देते पर रास्ते से ही जो बांसुरी की स्वरलहरी बिखेरते आते (जो अकसर बेसुरी ही होती थी)कि पूरा मुहल्ला जान जाता कि हम मेला घूम आए। फिर तो जबतक बांसुरी अंतिम सांस न ले लेती मुहल्ला गुंजायमान रहता। डमरू की ढमढम,ताल पत्ते की उड़ने वाली चिड़िया, डांस करने वाला गुड्डा ये सब जब तक पूरी तरह नेस्तनाबूद नहीं हो जाते मेले की फीलिंग बनी रहती थी। सच सीमित साधन, सीमित पैसों में जो खुशियाँ उन दिनों हम खरीद पाते थे वो आज संभव ही नहीं । भौतिकता में हम जितने धनी होते जा रहे हैं आत्मिक सुख से उतने ही दूर होते जा रहे हैं। डवो बचपन वाला उत्साह यहाँ के ग्रामीणों में अब भी देखने को मिलता है। जगन्नाथपुर मेला, एक पारंपरिक मेला है जिसके जरिए हमें छोटानागपुरी संस्कृति का अवलोकन करने का मौका मिलता है। कितनों के लिए यह साल भर की रोजी रोटी का जरिया होता है। कितनों के लिए खालिस ग्रामीण एकरस जीवनशैली में एक उमंग, एक उल्लास भर देता है वहीं नवविवाहितों के लिए एक रंगीन याद! कितने ही ग्रामीण और आदिवासी परिवेश के लोग साल भर पैसे जमा कर-कर के इस दिन के लिए रखते हैं। खास पोशाक, खास साज-श्रृंगार के साथ लोग, विशेषकर महिलाएँ इस मेले में शिरकत करती हैं। पारंपरिक सामानों का यह एक सर्वोत्तम बाजार साबित होता है!

धार्मिक मान्यता अनुसार उस दिन भगवान जगन्नाथ अपने दाऊ बलराम और सुभद्रा संग नौ दिन के प्रवास हेतु अपनी मौसी के घर जाते हैं। लाखों की भीड़ उस रथ को खींचने के लिए लालायित रहती है। हर कोई कैसे भी उस पुण्य का भागी बनना चाहता है। उन नौ दिनों तक मेले की बहार रहती है। नवें दिन फिर उनका रथ वापस अपने धाम को लौट आता है और इसके साथ ही एक भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रयोजन आधारित उत्सव आयोजन का पटाक्षेप हो जाता है।

### आज का दोहा

प्रेम न कोई ज्वार है, चांद घटे घट जाए।
प्रेम सिंधु जल राशि है, कभी न मापा जाए।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रामलला के दर्शन को पांच करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के बाद से अब तक करीब साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर दर्शन-पूजन कर चुके हैं।उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ऐसा नहीं है की यहां आने वालों में सिर्फ आम आदमी शामिल है बल्कि अब तक साढ़े चार लाख के करीब अति विशिष्ट व्यक्ति भी अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन पूजन कर चुके हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री, राज्यों के गवर्नर और मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सुनिश्चित किया है कि दर्शन की व्यवस्था कुशल और सुविधाजनक हो तथा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए कि सभी आगंतुक, चाहे वे आम भक्त हों या विशिष्ट अतिथि, सुचारू यात्रा का अनुभव करें।भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या एक प्रमुख वैश्विक धार्मिक स्थल बन गया है। बढ़ती मांग के मद्देनजर राज्य सरकार ने सार्वजनिक परिवहन संपर्क बढ़ाने पर काम किया है, जिससे तीर्थयात्रियों और पर्यटकों दोनों के लिए यहां पहुंचना आसान हो गया है।




### रामलला के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के वक्त अभिनेता अमिताभ बच्चन से लेकर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर जैसी हस्तियां अयोध्या पहुंची थीं। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया," लगभग अब तक साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके हैं। अयोध्या पहुंचने वालों में सर्वाधिक तीर्थ यात्री शामिल है। हमारी कोशिश रहती है कि सभी को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जाए। वीआईपी की संख्या भी कम नहीं है। अब तो प्रथम तल पर राजाराम भी विराजमान हो गए हैं। यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी।"

# जयंती पर याद किए गए नरसिम्हा राव पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व पीएम पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने उनके नेतृत्व और बुद्धिमता की प्रशंसा की।
पीएम मोदी ने भारत के विकास में उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, "विकास पथ के महत्वपूर्ण चरण के दौरान उनके प्रभावी नेतृत्व के लिए भारत उनका आभारी है। उनकी बुद्धि, ज्ञान और विद्वत्तापूर्ण स्वभाव की भी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।" केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अर्थव्यवस्था में नई दिशा दिखाने वाले उनके प्रयासों की सराहना करते हुए लिखा, "लोकप्रिय राजनेता एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दिखाने के अभिनव प्रयासों के लिए आपको सदैव याद किया जाएगा।" दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व पीएम को सच्चा राष्ट्रभक्त बताते एक्स पर लिखा, "भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें सादर नमन। आधुनिक अर्थशास्त्र की गहरी समझ रखने वाले नरसिम्हा राव सच्चे अर्थों में राष्ट्रभक्त, विद्वान और युगद्रष्टा थे। उनकी नीतियां और विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा हैं।" हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व पीएम को आर्थिक सुधारों का शिल्पकार बताया।

**असम में घुसपैठ रोकने के लिए सख्त इंतजाम**

# आधार कार्ड बनवाने के लिए लगेगी डीसी की परमिशन

**एजेंसी। असम**



अवैध अप्रवासियों को आधार कार्ड प्राप्त करने से रोकने के लिए, असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार आधार कार्ड जारी करने और जन्म और मृत्यु पंजीकरण के नियमों को सख्त बनाने की योजना बना रही है। वयस्कों (18 वर्ष से ऊपर) के लिए आधार कार्ड अब केवल डिप्टी कमिश्नर द्वारा जारी किए जाएंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में बात करते हुए कहा कि बहुत जल्द, हम एक निर्णय लागू करेंगे, जिसके तहत वयस्क नागरिकों को आधार कार्ड केवल डीसी द्वारा जारी किए जाएंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी अवैध अप्रवासी आधार नहीं बनवा सकता है, और हम उन्हें आसानी से ट्रैक करके वापस भेज सकते हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने आगे कहा कि अवैध प्रवासियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के हमारे चल रहे प्रयासों के तहत कल रात हमने 20 और बांग्लादेशियों को वापस भेजा। सरमा ने कहा कि सरकार आधार कार्ड जारी करने के नियमों को सख्त बनाने पर विचार कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल वास्तविक नागरिक ही राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में वर्गीकृत इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ को प्राप्त कर सकें।

# बिहार में चुपचाप एनआरसी लागू कर रहा चुनाव आयोग

**एजेंसी। पटना**

- विधानसभा चुनाव से पहले ओवैसी का बड़ा आरोप



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने चुनाव आयोग पर आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में गुप्त रूप से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नए नियमों के तहत लोगों को अपने और अपने माता-पिता के जन्म विवरण को दस्तावेजों के माध्यम से साबित करना होगा, जो कई गरीब नागरिकों, खासकर बाढ़ प्रभावित सीमांचल में, के पास नहीं है। अपने एक्स पोस्ट में ओवैसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीक़े से एनआरसी लागू कर रहा है। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए अब हर नागरिक को दस्तावेज़ों के ज़रिए साबित करना होगा कि वह कब और कहाँ पैदा हुए थे, और साथ ही यह भी कि उनके माता-पिता कब और कहाँ पैदा हुए थे। विश्वसनीय अनुमानों के अनुसार भी केवल तीन-चौथाई जन्म ही पंजीकृत होते हैं। ज़्यादातर सरकारी कागज़ों में भारी ग़लतियाँ होती हैं। उन्होंने आगे लिखा कि बाढ़ प्रभावित सीमांचल क्षेत्र के लोग सबसे ग़रीब हैं; वे मुश्किल से दिन में दो बार खाना खा पाते हैं।

**प्रस्तावना में बदलाव संविधान की आत्मा से धोखा, बना नासूर : उपराष्ट्रपति**

# आपातकाल में प्रस्तावना में बदलाव संविधान से विश्वासघात

- उपराष्ट्रपति ने कहा, "प्रस्तावना संविधान की आत्मा है और उसमें परिवर्तन आत्मा को ठेस पहुंचाना है
- समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को उन्होंने "नासूर" की संज्ञा दी, जो संविधान की आत्मा में उथल-पुथल पैदा करते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दौरान किए गए बदलावों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने 1976 के 42वें संविधान संशोधन के तहत प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों को संविधान की आत्मा से धोखा और भारतीय सभ्यता के साथ विश्वासघात करार दिया।
उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित एक समारोह में कर्नाटक के पूर्व एमएलसी और लेखक डीएस वीरैया ने 'अंबेडकर के संदेश' पुस्तक की पहली प्रति उपराष्ट्रपति को भेंट की। इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि प्रस्तावना संविधान की आत्मा है और इसका परिवर्तन उस आत्मा को ठेस पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भारत को छोड़कर किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं हुआ। क्योंकि प्रस्तावना एक मूल, अपरिवर्तनीय आधार होती है, लेकिन भारत में इसे उस समय बदला गया, जब देश आपातकाल के अंधकार में था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जोड़े गए, जो न केवल संविधान निर्माताओं की भावना के साथ धोखा है बल्कि सनातन आत्मा के अपमान के बराबर है। उन्होंने कहा, "ये शब्द नासूर की तरह हैं, जो संविधान की आत्मा में उथल-पुथल पैदा करते हैं। यह बदलाव भारतीय लोकतंत्र के सबसे अंधकारमय काल में हुआ, जब लोगों के मौलिक अधिकार निलंबित थे और न्याय व्यवस्था तक पहुंच संभव नहीं थी। धनखड़ ने कहा कि यह विचारणीय है कि हम भारत के लोग के नाम पर संविधान की आत्मा में परिवर्तन तब किया गया जब वे लोग स्वयं स्वतंत्र नहीं थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक केसों- केसवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) और गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967) का हवाला देते हुए कहा कि न्यायपालिका ने भी प्रस्तावना को संविधान की मूल संरचना का हिस्सा माना है। उन्होंने भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्रपुरुष और एक महामानव थे।



### पीएम के नेतृत्व में नारीशक्ति, राष्ट्रशक्ति बन रही : सीएम



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से महाराष्ट्र सदन में आयोजित मॉक पार्लियामेंट में शामिल हुईं। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला कल्याण के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की चर्चा की। महिलाओं का आह्वान किया कि वो राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा, "पीएम मोदी के नेतृत्व में नारीशक्ति, राष्ट्रशक्ति बन रही है। महिलाओं को आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन और स्वच्छ जल जैसी बुनियादी सुविधाएं मिली हैं। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति और महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से लोकतंत्र में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। अब समय है हम महिलाएं न केवल जागरूक बनें, बल्कि जिम्मेदारी लें और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। वहीं, आपातकाल पर सीएम ने कहा कि वो एक ऐसा दौर था जहां कोई आवाज नहीं उठा सकता था। 21 महीने तक यातनाएं दी गईं। जिन्होंने भी आवाज उठाई उन्हें कुचल दिया गया, देश ने इतिहास में ऐसा काला अध्याय कभी नहीं देखा। पूर्व पीएम ने सत्ता में बने रहने के लिए लोगों को जेल में डाल दिया। मीडिया की आजादी पर पाबंदी, शासन-प्रशासन कुछ भी नहीं बोल सकते थे। युवाओं की जबरन नसबंदी कराई गई। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी साझा की।

# भ्रष्टाचार के आरोपी जेल अधिकारियों पर गिरी गाज, 20 से ज्यादा सस्पेंड

**एजेंसी। चंडीगढ़**



पंजाब की मान सरकार ने शनिवार को भ्रष्टाचार के मामले में 25 जेल अधिकारियों को सस्पेंड किया है। इसमें 3 डिप्टी सुपरिंटेंट, 2 असिस्टेंट सुपरिंटेंट और शेष जेल कर्मचारी शामिल हैं। पंजाब सरकार के प्रवक्ता के अनुसार जेल में ड्रग्स नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। इससे पहले सरकार को जेल में भ्रष्टाचार की जानकारी मिली थी, तब जाकर यह कार्रवाई की गई है। सरकार के प्रवक्ता ने इस कार्रवाई के बारे में पूरी जानकारी दी। सरकार की ओर से यह कार्रवाई जेल की कार्यशैली में सुधार लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए की गई है। सोच यही है कि अधिकारी अपने पद को गंभीरता से लें, लापरवाही न करें। उम्मीद जताई जा रही है कि इस कार्रवाई से जेल अधिकारी अपने काम को निष्ठापूर्वक करेंगे। बता दें कि नशे को लेकर पंजाब सरकार का रवैया शुरू से ही सख्त रहा है। नशे पर अंकुश लगाने के लिए अब तक प्रदेश सरकार की तरफ से कई कदम उठाए जा चुके हैं। इससे पहले, 26 जून को पंजाब सरकार ने डेटा इंटेलिजेंस और तकनीकी सहायता इकाई स्थापित करने के लिए अनन्या बिड़ला फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था।

**महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे की बढ़ी मुश्किलें!**

# मुंबई की अदालत ने जारी किया गैर-जमानती वारंट

**एजेंसी। मुंबई**



मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने गुरुवार को महाराष्ट्र के बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी किया। यह वारंट उनके वकील द्वारा दायर छूट आवेदन को खारिज करने के बाद जारी किया गया। राणे अदालती कार्यवाही में अनुपस्थित थे और मामले में उनकी लगातार गैर-हाजिरी के कारण छूट याचिका को खारिज कर दिया गया। इससे पहले अदालत ने सुनवाई में शामिल न होने के कारण पिछले महीने राणे के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। 2 जून को, भाजपा नेता ने उपस्थिति से स्थायी छूट की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसे अदालत ने भी खारिज कर दिया था। यह पहली बार नहीं है जब राणे के खिलाफ इस मामले में वारंट जारी किया गया है, यह मामला शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत द्वारा दायर किया गया था। इससे पहले एक गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने इसके निष्पादन पर रोक लगा दी थी। मजिस्ट्रेट अदालत ने अब पुलिस को 18 जुलाई तक वर्तमान गैर जमानती वारंट के निष्पादन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** सुख-आनंद कारक समय है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृष :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मिथुन :** नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी।

**कर्क :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरुरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

**कन्या :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**तुला :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**धनु :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**मकर :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

**कुंभ :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें।

**मोहन भागवत का बड़ा बयान**

# आरएसएस का मिशन हिंदू समाज को अपनेपन की भावना से एक सूत्र में बांधना है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को समाज में स्नेह और करुणा को बढ़ावा देने के लिए संगठन के मिशन पर प्रकाश डाला, खासकर हिंदू समुदाय को एकजुट करने के लिए। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में जब सामाजिक स्नेह कम होता जा रहा है, आरएसएस इन मूल्यों को फिर से स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। भागवत ने ये टिप्पणियां बालगंधर्व सभागार में प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक परशुराम यशवंत वैद्य खादीवाले के जीवन पर आधारित एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि आरएसएस का मिशन यह सुनिश्चित करना है कि संपूर्ण हिंदू समाज ''अपनापन और स्नेह की भावना'' से एक सूत्र में बंधा रहे। वह यहां प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक स्वर्गीय पी वाई खडीवाले, जिन्हें 'वैद्य खडीवाले' के नाम से जाना जाता है, की जीवनी के विमोचन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने कहा,पशुओं के विपरीत, मनुष्य के पास बुद्धि होती है। बुद्धि के विवेकपूर्ण उपयोग से वह और भी बेहतर बन सकता है, लेकिन उसी बुद्धि का गलत तरीके से उपयोग करने से वह और भी बुरा बन सकता है। एकमात्र चीज जो उसे बुरा बनने से रोकती है, वह है स्नेह और अपनेपन की भावना।'' उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण हैं कि लोग स्वार्थी हो जाने पर बुराई की ओर झुक जाते हैं।

# लॉ कॉलेज गैंगरेप केस में सिक्योरिटी गार्ड की गिरफ्तारी

**एजेंसी। कोलकाता**

- छात्रा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि गार्ड ने आरोपियों के कहने पर जगह खाली कर दी और मदद की गुहार को अनसुना कर दिया



कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप केस में एक और गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड (55 वर्षीय पिनाकी बनर्जी) को गिरफ्तार किया है। घटना के समय वो कॉलेज में ड्यूटी पर मौजूद था। इस गिरफ्तारी के साथ ही अब तक गैंगरेप केस में कुल चार लोगों को पकड़ा जा चुका है। गैंगरेप केस में सिक्योरिटी गार्ड की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे थे। पीड़ित छात्रा ने शिकायत में सिक्योरिटी गार्ड का जिक्र किया था। छात्रा ने कसबा थाने में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाए कि गार्ड घटनास्थल पर मौजूद था लेकिन उसने कोई मदद नहीं की। शिकायत में छात्रा ने कहा, "मुख्य आरोपी ने अन्य दो आरोपियों के साथ गार्ड रूम में मौजूद सिक्योरिटी गार्ड को बाहर जाने के लिए कहा था, ताकि उसके साथ छेड़छाड़ की जा सके। गार्ड ने वैसा ही किया। मैंने गार्ड से मदद की भीख मांगी, लेकिन उसने मना कर दिया।"फिलहाल कोलकाता पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले गिरफ्तार मुख्य आरोपी मोनोजित मिश्रा के अलावा जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को एक जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। कोलकाता पुलिस ने कहा कि लॉ छात्रा से जुड़े यौन उत्पीड़न की शिकायत पर तेजी से और निर्णायक रूप से कार्रवाई की गई है। कोलकाता पुलिस लोगों से भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील भी कर रही है।मुख्य आरोपी मोनोजित मिश्रा टीएमसी की छात्र इकाई का सदस्य बताया जाता है।

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की घटना की निंदा जांच के लिए कमेटी बनाई

**कोलकाता।** कोलकाता में लॉ छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जांच कमेटी बनाई है। छात्रा के साथ कॉलेज में कथित तौर पर तीन युवकों ने गैंगरेप किया था, जिसमें एक आरोपी टीएमसी की छात्र इकाई का सदस्य बताया जाता है। शुक्रवार को गैंगरेप का मामला सामने आने के बाद भाजपा लगातार पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी को घेर रही है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ हुए गैंगरेप की निंदा की। इसी बीच पार्टी ने 4 सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया है, जो कोलकाता में घटनास्थल का दौरा करेगी। भाजपा की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, 4 सदस्यीय जांच कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह शामिल हैं।

### कोलकाता गैंगरेप केस : संबित पात्रा ने ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगा

**नई दिल्ली।** कोलकाता सामूहिक बलात्कार मामले पर सियासत तेज हो गई है। इस जघन्य घटना को लेकर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश में महिला मुख्यमंत्री हों, वहां इस तरह की घटनाएं होना कहीं न कहीं उनकी विफलता का प्रमाण है। भाजपा सांसद ने कहा, "हम (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी से स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं। हम उनसे माफी मांगने और इस्तीफा देने के लिए कह रहे हैं। वह जल्द से जल्द इस्तीफा सौंपें।"उन्होंने कहा कि जिस राज्य में महिला मुख्यमंत्री हों, वहां महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए। इतनी असंवेदनशीलता और क्रूरता क्यों है? पीड़िता ने खुद बयान जारी किया है। अगर इसे ध्यान से पढ़ें तो एक बात साफ हो जाती है कि गैंगरेप का यह पूरा दुष्चक्र कहीं न कहीं राज्य प्रायोजित है।

**जगन्नाथ रथयात्रा** | पुरी रथ यात्रा के दौरान करीब 700 लोगों की तबीयत बिगड़ी

# भीषण गर्मी और भीड़ बनीं परेशानी का कारण

- 485 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दी गई, 4 लोगों को आईसीयू में भर्ती

**एजेंसी। पुरी**

पुरी में रथ यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन में भारी चूक के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी थी। पुरी में आयोजित विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और भीड़भाड़ के कारण लोगों की तबियत बिगड़ने लगी थी। शुक्रवार को जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं में 724 लोगों को भर्ती कराया गया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि उनमें से 485 को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि चार को उनकी हालत बिगड़ने के बाद आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया। ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को आयोजित विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और भीड़भाड़ के कारण करीब 724 लोग बीमार पड़ गए और कई लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुरी के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (सीडीएमओ) डॉ. किशोर सतपथी ने बताया कि कई लोगों ने मामूली चोटें, उल्टी और बेहोशी की शिकायत की है और इसका मुख्य कारण भीड़भाड़ की स्थिति थी। उन्होंने कहा, ''अधिकांश लोगों को ओपीडी में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कोई हताहत नहीं हुआ।'' ओडिशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि श्रद्धालुओं के बीमार होने का मुख्य कारण अत्यधिक गर्मी और उमस है। एक अधिकारी ने बताया कि पुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में करीब 70 लोगों का इलाज चल रहा है, जिनमें से नौ की हालत गंभीर बताई गई है। इस बीच, सूत्रों ने दावा किया कि बालागंडी क्षेत्र के पास कई लोग घायल हो गए, जहां भगवान बलभद्र का रथ, तलध्वज, एक घंटे से अधिक समय तक फंसा रहा।



### रथ खींचने में देरी पर पटनायक ने जताई गहरी चिंता

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजेडी) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने शनिवार को पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान नंदीघोष रथ खींचने में "अत्यधिक देरी" पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि वे प्रशासन को सीधे तौर पर दोष नहीं देना चाहते, लेकिन राज्य के इतने बड़े और पवित्र आयोजन में जो गड़बड़ी हुई, उस पर चुप भी नहीं रहा जा सकता। नवीन पटनायक ने लिखा, "हम किसी पर उंगली उठाने या दोष देने नहीं बैठे हैं, लेकिन कल नंदीघोष रथ खींचने में जो भारी देरी हुई, उस पर अपनी गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त किए बिना रहना असंभव है।"

# प्रगनानंद ने उज्बेकिस्तान में जीता खिताब



तीसरी प्रमुख क्लासिकल टूर्नामेंट जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज सनसनी आर. प्रगनानंद ने वर्ष की अपनी शानदार जीत का सिलसिला जारी रखते हुए यूजेडशतरंज कप मास्टर्स 2025 में खिताब जीता, जो इस साल उनकी तीसरी प्रमुख क्लासिकल टूर्नामेंट जीत है। 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने असाधारण लचीलेपन और संयम का प्रदर्शन करते हुए नाटकीय समापन में ताज हासिल किया। उन्होंने टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में काले मोहरों के साथ स्थानीय जीएम नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रगनानंद दो अन्य खिलाड़ियों, जावोखिर सिंडारोव और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष स्थान पर बराबरी पर हैं, सभी ने नौ गेम के अंत में 5.5 अंक हासिल किए। चेन्नई के 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने टाईब्रेक मैचों के दो राउंड के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया, वे 3.5 अंकों के साथ अपने दो उज्बेकिस्तान प्रतिद्वंद्वियों से आगे रहे। सिंडारोव 3.0 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अब्दुसत्तोरोव टाईब्रेक राउंड में 2.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट और रोमानिया में ग्रैंड शतरंज टूर सुपरबेट क्लासिक जीतने वाले प्रगनानंद ने इस सीजन का अपना तीसरा क्लासिकल खिताब जीता। इस जीत के साथ, प्रगनानंद ने न केवल वैश्विक एलीट वर्ग के बीच अपनी स्थिति मजबूत की, बल्कि लाइव रेटिंग में सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की - जो शतरंज की दुनिया में उनके बढ़ते प्रभुत्व का प्रमाण है।




# भारत और पाकिस्तान हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के एक ही पूल में

**लुसाने।** भारत के तमिलनाडु में नवम्बर-दिसंबर में होने वाले आगामी विस्तारित एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में मेजबान भारत और पाकिस्तान को एक ही पूल में रखा गया है। प्रतियोगिता का ड्रा शनिवार को लुसाने, स्विटजरलैंड में निकाला गया जिसमें पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी जिन्हें छह पूल में बांटा गया है। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु, भारत में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। जर्मनी वर्तमान जूनियर पुरुष विश्व चैंपियन है, जिसने 2023 संस्करण के फाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता था। एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव के साथ ड्रा समारोह में भाग लिया। ड्रॉ समारोह से पहले, तैयब इकराम ने कहा, "मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि हम इस महत्वपूर्ण क्षण से पहले यहां आए हैं, क्योंकि हम पहली बार 24 टीमों वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ओर यात्रा शुरू कर रहे हैं! यह उभरते देशों सहित सभी देशों के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें शामिल करने की एफआईएच रणनीति का एक हिस्सा है, और यह आयोजन ऐसा करने की दिशा में पहला कदम होगा।

**जूनियर विश्व कप के पूल**

**पूल ए:** जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, आयरलैंड
**पूल बी:** भारत, पाकिस्तान, चिली, स्विटजरलैंड
**पूल सी:** अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान, चीन
**पूल डी:** स्पेन, बेल्जियम, मिस्र, नामीबिया
**पूल ई:** नीदरलैंड, मलेशिया, इंग्लैंड, ऑस्ट्रिया
**पूल एफ:** फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया, बांग्लादेश

# सूर्यवंशी की आतिशी पारी, भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड को रौंदा



**होव।।** 14 वर्षीय भारतीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने महज 19 गेंदों पर 48 रन ठोककर इंग्लैंड में भारत की अंडर-19 टीम को यूथ वनडे सीरीज के पहले मैच में जबरदस्त शुरुआत दिलाई। यह मैच पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच था, जो होव में खेला गया।

इस साल की शुरुआत में आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 38 गेंदों पर 101 रन की पारी खेलकर पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले सूर्यवंशी ने इंग्लैंड में प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट में धमाकेदार डेब्यू किया। उन्होंने कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ 7.3 ओवर में 71 रन जोड़े और भारत ने 26 ओवर शेष रहते छह विकेट से जीत हासिल की। इंग्लैंड दौरे की यह शुरुआत भारतीय युवाओं के लिए यादगार रही। इससे तीन दिन पहले उन्होंने लॉफबरो में यंग लायंस इनविटेशनल XI के खिलाफ एक अन्य 50 ओवर के मैच में 231 रन से जीत दर्ज की थी। इस मैच में सूर्यवंशी केंद्र बिंदु रहे। उन्होंने पांच छक्के और तीन चौके जड़े। जैक होम का पहला ओवर 21 रन का रहा, जिसमें उन्होंने पुल शॉट पर टॉप-एज के जरिए छक्का लगाया, फिर मिड ऑन के ऊपर और काउ कॉर्नर की दिशा में दो और छक्के जड़े। हालांकि जैसे ही धीमे बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी अल्बर्ट गेंदबाजी पर आए, सूर्यवंशी पहली ही गेंद पर प्वाइंट पर कैच आउट हो गए।

इसके बाद भारत ने तीन और विकेट गंवाए, लेकिन विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू ने नाबाद 45 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।



## यूएस ओपन बैडमिंटनः तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में जगह

**काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका)।** उभरते भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इन युवा शटलर ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। 16 वर्षीय तन्वी ने सीधे गेम में उच्च रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी करुपथेवन लेत्शाना के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। तन्वी ने 33 मिनट तक चले इस मुकाबले को 21-13, 21-16 से अपने नाम किया। वहीं, दूसरी ओर आयुष ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर विश्व चैंपियन चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में तन्वी का सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन को हराकर उलटफेर किया है। यह तन्वी का 'बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300' इवेंट में पहला सेमीफाइनल है।

## सचिन सर की पारियों को देखकर अपनी बल्लेबाजी को सुधारा : शेफाली वर्मा



**नॉटिंघम।** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने खुलासा किया कि पिछले साल टीम से बाहर होने के बाद उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया और प्रक्रिया में विश्वास किया। युवा खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने टीम से दूर रहने के दौरान असफलताओं से निपटना सीख लिया और सचिन (तेंदुलकर) सर की पारियों को देखकर अपनी बल्लेबाजी को सुधारा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए चुनी गई शेफाली आठ महीने बाद पहली बार शनिवार को भारतीय जर्सी पहनेंगी। शेफाली ने बीसीसीआई को दिए इंटरव्यू में कहा, "मैंने 20-25 दिनों तक अपनी फिटनेस पर काम किया। मैंने 20-25 दिनों के बाद बल्ला उठाया और मुझे बहुत अच्छा लगा। इससे मुझे एक अलग तरह की ऊर्जा, एक अलग एहसास मिला। समय आपको बहुत कुछ सिखाता है।

## स्टीव स्मिथ को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद



**ब्रिजटाउन।** स्टीव स्मिथ बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह ग्रेनेडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। उंगली की चोट के कारण सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की 159 रन की जीत में चूकने वाले स्टार बल्लेबाज ने अपने पुनर्वास के हिस्से के रूप में न्यूयॉर्क में बल्लेबाजी अभ्यास फिर से शुरू कर दिया है। स्मिथ 13 जून को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान अपनी दाईं छोटी उंगली के खिसकने के बाद से ही मैदान से बाहर हैं। चोट के बाद वह न्यूयॉर्क चले गए और अपनी रिकवरी पर काम कर रहे हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने केंसिंग्टन ओवल में तीन दिनों के भीतर पहला टेस्ट मैच खत्म कर दिया। उम्मीद है कि वह 3 जुलाई से शुरू होने वाले ग्रेनेडा के नेशनल स्टेडियम में दूसरे टेस्ट से पहले रविवार तक टीम से जुड़ जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपनी टीम की शानदार जीत के बाद खुलासा किया, "न्यूयॉर्क में उन्होंने कुछ हिट लगाए हैं, जो मुझे लगता है कि टेनिस बॉल और इनक्रेडी-बॉल से लगाए गए थे।मुझे लगता है कि उनका घाव ठीक लग रहा है, इसलिए अगला चरण यहां आकर नेट पर कुछ गेंदें मारना है। इसलिए हमें अगले कुछ दिनों में और जानकारी मिल जाएगी।

### ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज

## हेजलवुड बने ऑस्ट्रेलियाई 'जीत के हीरो'



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच 159 रन से जीत लिया। बारबाडोस में भले ही ट्रेविस हेड को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, लेकिन जीत का श्रेय काफी हद तक तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी जाता है। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 301 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था, लेकिन जोश हेजलवुड की कहर बरपाती गेंदबाजी के सामने महज 33.4 ओवरों में ही मेजबान टीम ढेर हो गई।बारबाडोस की तेज पिच पर जोश हेजलवुड ने 12 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 43 रन देकर पांच विकेट झटके। यह हेजलवुड का 13वां 'फाइव विकेट हॉल' रहा।इससे पहले वेस्टइंडीज की पहली पारी में जोश हेजलवुड ने 18 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 41 रन देकर दो विकेट चटकाए थे।

मुकाबले की शुरुआत से देखें तो ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में महज 180 रन पर सिमट चुकी थी। इस पारी में ट्रेविस हेड ने 59 रन बनाए, जबकि उस्मान ख्वाजा ने 47 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम के लिए जायडेन सील्स ने पांच और शमार जोसेफ ने चार विकेट झटके।इसके जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में 190 रन बनाकर महज 10 रन की मामूली बढ़त हासिल कर सकी। टीम के लिए शाई होप ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि मेहमान टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से पीटा, सीरीज जीती



**एजेंसी**

**कोलंबो।** प्रभात जयसूर्या ने श्रीलंका को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर पारी और 78 रनों से जीत दिलाई। उन्होंने चौथे दिन शनिवार को आधे घंटे के भीतर मैच समाप्त कर दिया और 1-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया। बाएं हाथ के स्पिनर को टर्निंग ट्रैक पर खेलना मुश्किल था, उन्होंने दूसरी पारी में 56 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर ढेर हो गई।

सुबह 6 विकेट पर 115 रन से आगे खेलने उतरी बांग्लादेश को मुकाबले को आगे बढ़ाने के लिए चमत्कार की जरूरत थी। जयसूर्या ने सुनिश्चित किया कि कोई राहत न मिले, उन्होंने दिन के अपने पहले ओवर में लिटन दास को 14 रन पर आउट कर दिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत ने बांग्लादेश से जूट आयात पर रोक लगाई



**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार को बांग्लादेश से जूट और उससे जुड़े फाइबर उत्पादों के आयात पर तत्काल प्रभाव से बंदरगाह प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जिससे पड़ोसी देश से सस्ते और सब्सिडी वाले आयातों को रोका जा सके। बांग्लादेश से सस्ते आयात के चलते जूट की कीमतें कम हो गई हैं, जिससे किसानों की आय प्रभावित हुई है और भारतीय जूट मिलों की क्षमता का उपयोग कम हुआ है। इस कारण मिल बंद हो रही हैं और बेरोजगारी भी बढ़ रही है। सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, ये प्रतिबंध न्हावा शेवा बंदरगाह को छोड़कर सभी भूमि और बंदरगाहों से भारत में बांग्लादेशी जूट और उससे जुड़े फाइबर उत्पादों के आयात पर लागू होंगे। प्रतिबंधों का उद्देश्य अनुचित व्यापार प्रथाओं का मुकाबला करना, आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना और भारत की घरेलू जूट अर्थव्यवस्था से जुड़ी ग्रामीण आजीविका की रक्षा करना है। साथ ही कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठा रही है कि प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए बांग्लादेश से आयात तीसरे देशों के माध्यम से न भेजा जाए। दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र के प्रावधानों के तहत, बांग्लादेश से जूट को भारत में शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त है। लेकिन, पड़ोसी देश ने भारत द्वारा अपने बाजार तक विस्तारित पहुंच देने का दुरुपयोग किया गया और देश के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया।

# फीस देकर पता कर सकेंगे कि फोन करने वाला फ्रॉड है या नहीं

**ब्यूरो**

- **इसके लिए दूरसंचार विभाग बनवा रहा नया प्लेटफॉर्म**

**नई दिल्ली।** तमाम लोग साइबर फ्राड के शिकार हो रहे हैं। इसको रोकने के लिए हर कुछ माह बाद दूरसंचार विभाग साइबर सुरक्षा कड़ा करने की बात करता है।इस क्रम में दूरसंचार विभाग एक और नये तरीक़ा लाने की बात कहा है। यह कि तय फ़ीस पर लोग/कंपनियां नये प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल ग्राहकों के मोबाइल नंबर वेरीफाई करने के लिए कर सकते हैं।इसके लिए अब दूरसंचार विभाग टेलीकॉम कंपनियों, बैंक, वित्तीय संस्थाओं, ई-कामर्स कंपनियों व इन जैसी जैसी दूसरी संस्थाओं को ग्राहकों के मोबाइल नंबर या पहचान को एक सेंट्रलाइज्ड प्लेटफॉर्म के मार्फत वेरीफाई करने का निर्देश दे सकता है। कहा जा रहा है कि यह ऑनलाइन फ्रॉड व स्पूफिंग ( स्पूफिंग एक प्रकार का साइबर हमला है जिसमें एक हमलावर, किसी वैध या विश्वसनीय स्रोत की नकल करके, आपको धोखा देने या गुमराह करने का प्रयास करता है। यह कई तरीकों से किया जा सकता है, जैसे ईमेल, आईपी एड्रेस, वेबसाइट या कॉलर आईडी को स्पूफ करना) को रोकने की दिशा में एक और कदम है।विभाग ने टेलीकम्युनिकेशंस (टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी) रूल्स, 2024 में बदलाव के लिए लाए गए एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में यह प्रस्ताव दिया है। इसके मुताबिक, संबंधित लोग/कंपनियां इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल ग्राहकों के मोबाइल नंबर वेरीफाई करने के लिए कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एक तय फीस देनी होगी। ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में डाट ने कहा है कि टेलीकॉम साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने और सुरक्षा संबंधी घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से केंद्र सरकार खुद या अपनी अधिकृत किसी एजेंसी के जरिए एक मोबाइल नंबर वैलिडेशन प्लेटफॉर्म बनाएगी। साथ ही अधिकृत संस्थाओं और लाइसेंस धारकों को बताएगी कि वे इस प्लेटफॉर्म का हिस्सा कैसे बनें या इसका इस्तेमाल किस तरह करें। सरकार फोन बनाने वाली कंपनियों को निर्देश दे सकती है कि वे छेड़छाड़ किए गए उन डिवाइसों से जुड़ी जरूरत पड़ने पर मदद करें, जिन पर आईएमईआई नंबर होते हैं। मैन्युफैक्चरर से यह भी कहा जा सकता है कि वे भारत में बन रहे या इम्पोर्ट हो रहे नए टेलीकॉम उपकरणों को को ऐसे आईएमईआई नंबर न दें जो भारत के टेलीकॉम नेटवर्क में पहले से इस्तेमाल हो रहे हैं। ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक, केंद्र सरकार सीधे या अपनी अधिकृत एजेंसी के जरिए ऐसे आईएमईआई नंबरों का डेटाबेस रखेगी जिनमें छेड़छाड़ हुई है या जिनके इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। यदि सरकार को लगता है कि जनहित में तुरंत कार्रवाई जरूरी है, तो वह बिना नोटिस जारी किए टेलीकॉम कंपनियों को किसी मोबाइल नंबर का इस्तेमाल अस्थायी रूप से सस्पेंड करने का आदेश दे सकती है।

## गुड़ के गुण : देह को डिटॉक्स करे खून बनाने की प्रक्रिया तेज करे

**आर पी सिंह**

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाने वाली जीवनचर्या, शारीरिक सक्रियता की कमी व जंक फूड के कारण शरीर में विषैले तत्व जमा होने लगते हैं। जिससे थकावट, पाचन की गड़बड़ी, त्वचा पर दाग व खून की कमी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए खानपान का खास ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है। ऐसे में सुबह खाली पेट गुड़ व गुनगुना पानी का सेवन करना बहुत ही लाभकारी हो सकता है। वैद्य लोग कहते हैं कि गुड़ न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि यह खून बनाने की प्रक्रिया को भी तेज करता है। तमाम लोगों को तो गुड़ बहुत पसंद है। जो प्राकृतिक मिठास वाला उत्पाद है। यह कई रंग व अलग स्वाद में आता है। गुड़ में पोटैशियम का अच्छा खासा भंडार होता है, जो इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखने में भी मदद करता है। यह कैल्शियम, जिंक, फास्फोरस व कॉपर जैसे विटामिन व खनिजों से भरपूर होता है। जो शरीर को जरूरी मिनरल्स देता है। इसलिए इसे पानी के साथ लेने पर और फायदा करता है। किसान यूं ही नहीं काम पर जाने या काम करके लौटने पर या गर्मी के दिनों में गुड़ - पानी पीना पसंद करते हैं। यदि रोज सवेरे खाली पेट 1 गिलास गुनगुना पानी लेकर उसमें लगभग 10–15 ग्राम शुद्ध देसी गुड़ मिला अच्छी तरह घोल कर पीएं तो यह शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। यदि आप स्वाद व कुछ और लाभ चाहते हैं तो उसमें नींबू की रस मिला कर पियें। गर्म पानी में गुड़ डालकर पीने से मौजूद पोषक तत्व सर्दी, खांसी व फ्लू जैसी समस्याओं को कम करते हैं। गुड़ में फेनोलिक मिश्रण भी होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ते हैं। यह शरीर को आराम देता है और हमें स्वस्थ रहने में मदद करता है। गुड़ मैग्नीशियम, विटामिन बी1, बी6, सी ,अन्य एंटीऑक्सीडेंट व खनिजों से भरपूर होता है। इससे शरीर संक्रमणों से बचा रहता है और बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।इसलिए यदि आप मधुमेह के मरीज नहीं है तो सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में गुड़ घोलकर पी सकते हैं। यदि कोई रोग है तो वैद्य से पूछकर , उनके राय के अनुसार इसका सेवन कर सकते हैं।

# डीआईजी ने छतरपुर एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

● ओझा-गुनी प्रथा पर रोक लगाने के निर्देश, पुलिस-पब्लिक संबंध सुधारने पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू रेंज के उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने शनिवार को छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एस डीपीओ अवध कुमार यादव, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।



निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कार्यालय की कार्य प्रणाली, लंबित केस डायरी, संसाधन व्यवस्था और रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की बारीकी से जांच की। इस अवसर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया और उपस्थित पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के पश्चात डीआईजी नौशाद आलम ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल कार्य प्रणाली सामान्य प्रतीत हो रही है, परंतु इसे सामान्य मानकर कार्य करने की गलती न करें। सभी पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र में कुशलता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। डीआईजी ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती ओझा-गुनी प्रथा और डायन कुप्रथा पर चिंता जताते हुए कहा कि इसकी वजह से डायन-बिसाही जैसी घटनाएं आम हो रही हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ओझा-गुनी से संबंधित व्यक्तियों के साथ बैठक करें, काउंसलिंग करें और ग्रामीणों को जागरूक करें कि वे बीमारियों के इलाज के लिए चिकित्सकों के पास जाएं, अंधविश्वास की ओर न मुड़ें। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि ग्रामीण समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिल सके।

डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित केस डायरी का त्वरित निष्पादन प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि वे निर्धारित समयसीमा में विवेचना पूर्ण करें ताकि न्यायिक प्रक्रिया में देरी न हो। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत करना समय की मांग है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में अधिक से अधिक जनसंपर्क करें, आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

## मध्यमा और वार्षिक मदरसा परीक्षा 1 जुलाई से, परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू

**मेदिनीनगर।** मध्यमा परीक्षा एवं वार्षिक मदरसा परीक्षा 2025 का आयोजन 1 जुलाई से दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह 9:45 से दोपहर 1 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 तक निर्धारित है। परीक्षा के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा घोषित की है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत घोषित इस निषेधाज्ञा में घातक हथियार, जुलूस, बिना अनुमति लाउडस्पीकर, भीड़ इकट्ठा करना और अनधिकृत प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। मध्यमा परीक्षा के लिए आरके गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय एवं आरके सर्वोदय बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं वार्षिक मदरसा परीक्षा के लिए चैनपुर स्थित आरके श्री सद्गुरु प्रताप हरि प्लस टू विद्यालय, बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय आबादगंज, आरके जीएलए उच्च विद्यालय और आरके ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय निर्धारित किए गए हैं।

# न्यूज बॉक्स

## सांसद के प्रयास से आज लातेहार में लगेगा निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर

**लातेहार।** सांसद कालीचरण सिंह के 'स्वस्थ लातेहार, समृद्ध लातेहार' अभियान के तहत 29 जून को सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में एकदिवसीय निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि डॉ. चंदन ने बताया कि शिविर में रांची के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा हृदय, नेत्र, त्वचा, हड्डी, स्त्री, शिशु और दंत रोगों की जांच की जाएगी। बीपी, शुगर, रक्त जांच व निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। यह शिविर पूरी तरह आम जनता के लिए निःशुल्क होगा। डॉ. चंदन ने सभी से इस अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

## 108 एम्बुलेंस सेवा विफल, सांप काटने के शिकार युवक को नहीं मिला समय पर इलाज

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव में सांप काटने की घटना के बाद पीड़ित युवक को सरकारी 108 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का लाभ नहीं मिल पाया। परिजनों ने कई बार 108 पर कॉल किया, लेकिन घंटों तक कॉल नहीं लग सका। ग्रामीणों ने इस असंवेदनशीलता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रचारित आपातकालीन चिकित्सा सेवा संकट के समय फेल हो रही है। सरकार जहां त्वरित मेडिकल सेवा देने की बात करती है, वहीं ऐसे मामले में देरी से लोगों की जान पर बन आती है। इस घटना ने ग्रामीणों में असंतोष और चिंता बढ़ा दी है।

## लोध फॉल में पर्यटक मित्रों को करना पड़ रहा कठिन ड्यूटी, छह माह से नहीं मिला मानदेय

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रमुख पर्यटन स्थल लोध फॉल में पर्यटकों की सेवा में लगे पर्यटक मित्र आर्थिक और संरचनात्मक संकट से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि छह माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे वे कर्ज में डूब गए हैं। जीवन रक्षक जैकेट, रेनकोट, यूनिफॉर्म जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। ड्यूटी का समय सुबह 9:30 से शाम 4:30 तक है, पर अवकाश नहीं मिलता। भीड़ में ड्रेस न होने के कारण पहचान की समस्या भी आती है।

## संजय भुईया बने कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ताओं ने जताया विश्वास

**कुंदा (चतरा)।** अखिल भारतीय भुइया कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष संजय भुईया को कांग्रेस कमेटी कुंदा मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में काम करने का भरोसा जताया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि संजय भुईया लंबे समय से संगठन में सक्रिय हैं और समाजिक तथा राजनीतिक स्तर पर उनका अनुभव सराहनीय है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। संजय भुईया ने अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि वे संगठन विस्तार, पार्टी मजबूती और जनसंपर्क को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में काम करेंगे और पार्टी की नीति व विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

# मुहर्रम को लेकर पलामू क्षेत्र में अलर्ट, डीआईजी ने जोन के सभी जिलों को दिए सख्त दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर पलामू क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय से पलामू, गढ़वा और लातेहार के पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। 6 जुलाई को प्रस्तावित इस पर्व को साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील मानते हुए आदेश में कहा गया है कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। डीआईजी नौशाद आलम ने स्पष्ट कहा है कि त्योहार के दौरान पूर्व में उपजे तनावों को देखते हुए इस बार की तैयारी पहले से ही कड़ी और सतर्क होनी चाहिए। आदेश के अनुसार, सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से कर विवादित बिंदुओं का समाधान पूर्व में ही सुनिश्चित किया जाए। सभी समुदायों के सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और अंजुमन कमेटियों से समन्वय स्थापित कर शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की जाए। पुराने विवादों, साम्प्रदायिक मामलों या अफवाह फैलाने में संलिप्त रहे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने को कहा गया है। वहीं पशु तस्करी, अवैध बूचड़खानों और प्रतिबंधित मांस की बिक्री पर कड़ी नजर रखने तथा विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पर्व के दौरान अवैध शराब के सेवन को साम्प्रदायिक तनाव का कारक बताते हुए संबंधित विभाग से शराबबंदी सुनिश्चित कराने को कहा गया है। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के खलीफा, सदर, अंजुमन कमेटी सचिव व अन्य प्रतिष्ठित लोगों से सतत संपर्क में रहें और आवश्यक सूचनाएं लें। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा गया है कि किसी भी ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट वायरल न हो इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन से बैठक कर दिशा-निर्देश जारी किए जाएं और यदि कोई अफवाह फैलती है तो उसे तत्काल पुलिस को सूचित कर, वायरल होने से रोका जाए। विवादित और संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त बल की तैनाती के लिए पूर्व से ही पूर्वाभास प्रतिवेदन तैयार करने को कहा गया है। साथ ही दोपहिया व चारपहिया वाहनों की औचक तलाशी लगातार जारी रखने के निर्देश हैं। साम्प्रदायिक घटनाओं में पूर्व में संलिप्त लोगों की सूची तैयार कर धारा-126 बी एनएसएस के तहत संभावित कार्रवाई की तैयारी रखने का भी निर्देश जारी किया गया है। छोटी-मोटी घटनाओं का तत्काल निपटारा स्थानीय दंडाधिकारी के माध्यम से करने की बात कही गई है। सूचना संकलन हेतु चौकीदारों व एसपीओ से लगातार रिपोर्ट ली जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह या विशेष परिस्थिति में वरीय अधिकारियों को तुरंत अवगत कराया जाए। सावन माह की धार्मिक गतिविधियों को देखते हुए सभी धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने का भी निर्देश है। यह आदेश अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) रांची तथा पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) झारखंड रांची को सूचनार्थ प्रेषित किया गया है।

# 71 ग्रामीणों को 10 लाख का मुआवजा हाथियों के हमले से हुई थी क्षति



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार)।** वन विभाग ने जंगली हाथियों से क्षति झेलने वाले 71 ग्रामीणों के बीच 10 लाख रुपए का मुआवजा वितरित किया।

रेंजर नंद कुमार महतो ने बताया कि बालूमाथ, हेरहंज और बारियातू क्षेत्र में बीते कुछ माह में हाथियों ने फसलों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। मारंगलोईया की मृतका सुनीता देवी के परिजन धर्मदेव उरांव को दो किस्तों में एक लाख रुपए की सहायता दी गई।

कार्यक्रम में जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया विमला देवी, वनरक्षक सिकंदर राम, अरुण कुमार, प्रभारी वनपाल आनंद चौधरी, और दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**चंदवा (लातेहार)।** मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह ने की और संचालन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने किया। बैठक में तय किया गया कि जुलूस पूर्वनिर्धारित रूट से निकाला जाएगा। हाईकोर्ट के निर्देश पर ताजियों की ऊंचाई सीमित रखने की जानकारी दी गई। प्रत्येक मुहर्रम कमिटी को 15 सदस्यीय सूची प्रशासन को देने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में झामुमो नेता मनोज चौधरी, कांग्रेस अध्यक्ष असगर खान, समाजसेवी रामयश पाठक, बाबर खान, डॉ. शम्स रजा, अलौदिया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो सहित दोनों समुदायों के कई गणमान्य उपस्थित थे।

## पोखरी कला में भूलू चौक का चुनाव सम्पन्न, खलीफा बने अतीफुल रहमान

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पोखरी कला के भूलू चौक में खलीफा और लाइसेंसधारी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इसमें अतीफुल रहमान को खलीफा तथा मोहम्मद सलाम अंसारी को लाइसेंसधारी चुना गया। चुनाव उपरांत चौक के सदस्यों ने नवचयनित प्रतिनिधियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनान अंसारी, नेजाम अंसारी, रोज मोहम्मद अंसारी, इदरीश अंसारी, खुर्शीद अंसारी, साबिर अंसारी, आफताब अंसारी, नऊसाद अंसारी, रहमान अंसारी, गुलाम रब्बानी अंसारी, सरवर अंसारी, हदीस अंसारी, हकमुद्दीन अंसारी, आबिद अंसारी, जाहिद अंसारी, मोहम्मद हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आम्रपाली परियोजना के ट्रक मालिकों ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन, जांच व कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के विस्थापित व प्रभावित वाहन मालिकों ने सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन उपायुक्त चतरा को सौंपा। आवेदन में कहा गया है कि अवैध उगाही की जो खबरें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह भ्रामक व तथ्यहीन हैं।

मालिकों ने बताया कि परियोजना से विस्थापित परिवारों के पास आजीविका का एकमात्र स्रोत ट्रक संचालन ही है। सभी वाहन मालिकों की सहमति से एक निर्धारित राशि बतौर चंदा तय की जाती है, जिससे लगभग सौ स्थानीय बेरोजगारों को मजदूरी दी जाती है।

कुछ असंतुष्ट तत्वों द्वारा जानबूझकर संघ के खिलाफ झूठी अफवाहें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस आवेदन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, सांसद, विधायक, एसडीओ सिमरिया, एसडीपीओ और टंडवा थाना प्रभारी को भी दी गई है।

बताया गया कि कुछ वाहन मालिक सहयोग राशि देने से मना करते हुए सुविधा लेना चाहते थे, जिससे टकराव की स्थिति बनी।

### रविवार को बैठक में भाग लें : आशुतोष मिश्रा

संघ के प्रतिनिधि आशुतोष मिश्रा ने बताया कि रविवार दोपहर 2 बजे संघ कार्यालय में बैठक निर्धारित की गई है। इसमें विरोध करने वाले वाहन मालिकों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी पक्षों से संयमित व तथ्यपूर्ण चर्चा की अपील की है।

## पानी पटाने और बैल जोतने के विवाद में महिला की हत्या

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के डुमरवार गांव के तेतरटांड़ टोला में शुक्रवार को बोरिंग से पानी पटाने और बैल जोतने को लेकर हुए विवाद में एक महिला की हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान कबूतरी देवी (उम्र 50 वर्ष) पत्नी द्वारिका यादव के रूप में हुई है। पति द्वारा थाने में दिए आवेदन में मृतका के भतीजे रूपेश यादव पर हत्या का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस छापेमारी कर रही है।

# आपदा सहायता में तेजी लाने के लिए उपायुक्त ने दिए निर्देश



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में आपदा प्रबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को सहायता राशि 15 दिनों के भीतर अवश्य प्रदान की जाए और तत्पश्चात उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें। बैठक में वज्रपात, सर्पदंश, डूबने और सड़क दुर्घटना से हुई मौतों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि 2025-26 के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार वज्रपात से मरे 13 लोगों के परिजनों को मुआवजा स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा 6-6 व्यक्तियों की मौत डूबने और सर्पदंश से हुई है, जिनके लिए उप आवंटन कर दिया गया है। सड़क दुर्घटना से मृत 41 लोगों से संबंधित अभिलेखों को भी स्वीकृति दी गई है।

# पलामू ज़ोन में चोरी की घटनाओं पर डीआईजी का कड़ा रुख

● बंद घरों की सुरक्षा अब सिर्फ जनता की जागरूकता पर निर्भर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बंद घरों में लगातार हो रही चोरियों को लेकर पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पलामू क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में अचानक उछाल दर्ज हुआ है। इसे लेकर पुलिस उप-महानिरीक्षक नौशाद आलम ने प्रमंडल के सभी थानों और पुलिस पोस्ट को सख्त चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिया है कि वे जनता को सतर्क करें और चोरी की घटनाओं पर जवाबदेही लें। डीआईजी द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि पुलिस गश्त के बावजूद अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, ऐसे में केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, आम जनता की सक्रियता भी ज़रूरी है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया है कि वे अपने-अपने इलाकों में अविलंब जनसंपर्क सभाएं आयोजित करें और पोस्टर, पम्पलेट, सोशल मीडिया जैसे माध्यमों से एक सघन जन-जागरूकता अभियान चलाएं। इस अभियान के तहत नागरिकों से अपील की जाएगी कि वे लंबी अवधि के लिए घर से बाहर जाने की स्थिति में इसकी पूर्व सूचना संबंधित थाने को दें ताकि ऐसे घरों की विशेष निगरानी की जा सके।

## शादी के 20 दिन बाद पत्नी जेवर-नकद लेकर फरार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र से एक नवविवाहिता शादी के महज 20 दिन बाद ही 72 ग्राम सोने के जेवर और 90,000 नकद लेकर फरार हो गई। पति गणेश्वर, जो एक आभूषण कारीगर हैं, ने बताया कि विवाह 8 जून को पुणे (महाराष्ट्र) निवासी युवती से उनकी सहमति से हुई थी। विवाह से एक दिन पूर्व युवती के कथित बॉयफ्रेंड ने फोन कर शादी रोकने को कहा था, पर युवती ने इनकार किया। घटना 28 जून को तब सामने आई जब पति काम से लौटने पर घर में पत्नी को न पाकर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**संभावना** | गृह विज्ञान विषय में घट रही छात्राओं की रुचि

# एक दशक में कम हुआ नामांकन, परंतु रोजगार की हैं अपार संभावनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गृह विज्ञान विषय में छात्राओं की रुचि लगातार कम होती जा रही है। जहां एक दशक पूर्व तक यह विषय छात्राओं के बीच लोकप्रिय था, वहीं अब इसकी स्थिति चिंताजनक हो गई है। विश्वविद्यालय में केवल योद्धा सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में ही गृह विज्ञान विषय में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है, परंतु हर वर्ष नामांकन की संख्या घटती जा रही है।



जानकारों का मानना है कि गृह विज्ञान को लेकर समाज में आज भी एक सीमित धारणा बनी हुई है, जिसमें इसे केवल खाना बनाना, सिलाई-कढ़ाई या घरेलू कार्यों से जोड़ा जाता है। इसी सोच के कारण छात्राएं अब अन्य विषयों की ओर रुझान दिखा रही हैं।

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 60 सीटें निर्धारित हैं, जो किसी तरह भर जाती हैं। लेकिन स्नातकोत्तर स्तर पर छात्राओं की संख्या काफी कम रह जाती है। शिक्षा में रुचि की कमी, जागरूकता का अभाव, और पाठ्यक्रम की अद्यतन कमी को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है। साथ ही 10वीं के बाद छात्राएं कला के बजाय विज्ञान या वाणिज्य की ओर भी रुख कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे गृह विज्ञान को एक व्यावसायिक और रोजगारपरक विषय के रूप में देखें और इसमें दाखिला लेकर अपने करियर को सशक्त बनाएं।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लेने के बाद करियर के अनेक विकल्प : मिनी टुडू

गृह विज्ञान की शिक्षिका मिनी टुडू का कहना है कि इस विषय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लेने के बाद करियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि पोषण विशेषज्ञ, फैशन डिजाइनर, इंटीरियर डिजाइनर, काउंसलर, शिक्षिका, जैसे कई क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं हैं। इसके अलावा यूजीसी नेट, पीएचडी के माध्यम से शिक्षण व शोध के क्षेत्र में भी भविष्य बनाया जा सकता है। सरकारी सेवाओं में भी सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना पदाधिकारी), आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका जैसी पदों पर गृह विज्ञान की डिग्रीधारियों की आवश्यकता होती है।

# पेज एक के शेष

**दिशोम गुरु के...**

माकपा की वरिष्ठ नेता कामरेड वृंदा करात भी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को देखने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचीं। मौके पर उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और विश्वास व्यक्त किया की शिबू सोरेन जल्द स्वस्थ्य होकर झारखंड लौटेंगे। मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से भी मुलाकात की। यह जानकारी शनिवार को माकपा के झारखंड राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने दी।

इधर, फुरकान अंसारी ने कहा कि शिबू सोरेन सिर्फ नेता नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। उन्होंने हमेशा शोषितों और वंचितों की आवाज को बुलंदी दी है। आज जब वे अस्वस्थ हैं, तो हम सबका कर्तव्य बनता है कि उनके ठीक होने के लिए प्रार्थना करें। हमारी दुआएं उनके साथ हैं। वहीं, श्रम नियोजन मंत्री ने शिबू सोरेन के पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दिल्ली में उपस्थिति को सराहा। कहा कि हेमंत सोरेन एक बेटे के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरी तरह निभा रहे हैं। व्यस्तताओं के बावजूद, वे अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन के साथ अस्पताल में डटे हुए हैं। यह हर पिता-पुत्र के रिश्ते के लिए प्रेरणा देने वाला है।

**वियतनाम में व्यापार...**

राजदूत ने झारखंड से उद्यमी-व्यापारी जगत के प्रतिनिधिमंडल के वियतनाम में आने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि वे हमेशा चाहते हैं कि भारत और वियतनाम के मध्य व्यापार की वृद्धि हो। बैठक का समापन राजदूत संदीप आर्य के सम्मान में सम्मान समारोह एवं भारतीय राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ हुआ। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि वियतनाम में उपलब्ध व्यापार अवसरों की जानकारी और राजदूत संदीप आर्य द्वारा प्रदान किया गया मार्गदर्शन निश्चित रूप से झारखंड के उद्यमियों के लिए नई राहें खोलेगा। झारखंड चैंबर का वियतनाम दौरा राज्य के उद्योग और व्यापार क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर जोड़ने की दिशा में सहायक साबित होगा।

**आपकी यात्रा भारत....**

अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश के सपने के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने शुभांशु से कहा कि हमें अपना स्टेशन बनाना है और चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट की लैंडिंग करानी है, इसके लिए आपका यह अनुभव काफी काम आएगा। जवाब में शुभांशु ने कहा कि हर बात का वे बारीकी से अध्ययन कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यह यात्रा विकसित भारत यात्रा को नई गति देगी। इस पर शुभांशु ने कहा कि यह यात्रा अद्भुत रही। यहां पहुंचने के बाद उन्हें लगता है कि यह देश के लिए बड़ा अचीवमेंट है। उन्होंने कहा, मैं देश के बच्चों से कहूंगा कि आप अपना भविष्य बेहतर बनाइए, क्योंकि इससे देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हमेशा एक बात मन में रखें कि 'स्काई इज नेवर द लिमिटि।'

शुभांशु ने कहा, मेरे पीछे जो आप तिरंगा देख रहे हैं, यह पहले नहीं था। मैंने कल (शुक्रवार को) ही इसे यहां लगाया है। यह मुझे बहुत भावुक करता है। पीएम मोदी ने अंत में शुभांशु शुक्ला से अपना ध्यान रखने, मां भारती का मान बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने 140 करोड़ देशवासियों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी। इस पर शुभांशु ने कहा, 'अंतरिक्ष से भारत माता की जय।'

**भारतीय शूरवीरों शत...**

आपने पूरे विश्व को बता दिया कि जो भारत पर गलत दृष्टि डालेगा, उसका परिणाम क्या होगा। आप भारत देश की सीमा पर प्रहरी के रूप में खड़े हैं, जिसकी वजह से हम देशवासी चैन की नींद सो पाते हैं। आप से हमारे देश की शान है। हम सिर्फ आपको ही नहीं, आपके परिवारजनों को भी नमन करते हैं, जिन्होंने आपको देश सेवा के लिए समर्पित किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई। हमें आप पर गर्व है। जय हिंद, जय हिंद की सेना।

**छह नगरपालिका उपचुनाव...**

67 प्रतिशत ई-वोटर्स ने मतदान में हिस्सा लिया। 80 साल या उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित और प्रवासी बिहारियों को ई- मतदान का मौका दिया गया। बिहार निर्वाचन आयोग के अनुसार यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिसकी सफलता पूरे देश में ई-वोटिंग प्रणाली के विस्तार की संभावनाएं खोल सकती हैं। नगर पंतायत के लिए हुए मतदान के नतीजे 30 जून को घोषित किए जाएंगे।

बिहार राज्य चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया कि 80 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिला, असाध्य रोगों से ग्रसित व्यक्ति और प्रवासी बिहारी मतदाता मोबाइल के जरिए ई-वोटिंग प्रक्रिया का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होता है।

### 'नेचर मेडिसिन' नामक पत्रिका में प्रकाशित हुई है एक रिपोर्ट

# जानलेवा ब्लड कैंसर का अब जल्दी पता लगेगा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इजरायल और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा रक्त परीक्षण विकसित किया है, जो ल्यूकेमिया जैसे जानलेवा रक्त कैंसर का शुरुआती जोखिम आसानी से पता लगा सकता है। यह अध्ययन 'नेचर मेडिसिन' नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यह खोज मायलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम (एमडीएस) नामक रक्त विकार की पहचान में मददगार होगी, जो गंभीर एनीमिया और माइलॉयड ल्यूकेमिया का कारण बन सकता है। वर्तमान में एमडीएस का पता लगाने के लिए बोन मैरो नमूने की जांच की जाती है, जिसमें लोकल एनीस्थीसिया की जरूरत होती है। यह प्रक्रिया मरीजों के लिए दर्दनाक और असुविधाजनक होती है। लेकिन, नया रक्त परीक्षण इस मुश्किल प्रक्रिया की जगह ले सकता है।



इजरायल और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है यह नया रक्त परीक्षण

इजरायल के वीजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के शोधकर्ताओं ने पाया कि रक्तप्रवाह में मौजूद दुर्लभ स्टेम कोशिकाएं एमडीएस के शुरुआती संकेत दे सकती हैं।

शोधकर्ताओं ने उन्नत तकनीक, सिंगल-सेल जेनेटिक सिक्वेंसिंग का उपयोग कर इन कोशिकाओं का विश्लेषण किया। इससे एक साधारण रक्त नमूने से बीमारी का पता लगाया जा सकता है। यह परीक्षण न केवल एमडीएस, बल्कि भविष्य में अन्य आयु-संबंधी रक्त विकारों की पहचान में भी उपयोगी हो सकता है। अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ कि ये स्टेम सेल्स एक बायोलॉजिकल क्लॉक की तरह काम करती हैं, जो व्यक्ति की उम्र के बारे में जानकारी देती हैं। शोध में पाया गया कि पुरुषों में इन कोशिकाओं में बदलाव महिलाओं के मुकाबले जल्दी आता है, जिसकी वजह से पुरुषों में रक्त कैंसर अधिक देखने को मिलता है। वीजमैन इंस्टीट्यूट की डॉ नीली फ्यूरर ने बताया, ये कोशिकाएं उम्र के साथ बदलती हैं और पुरुषों में इनका बदलाव जल्दी होता है, जिससे उनका कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

यह नया रक्त परीक्षण रक्त कैंसर के इलाज को आसान और कम दर्दनाक बना सकता है। साथ ही, भविष्य में दूसरी उम्र से जुड़ी खून की बीमारियों का पता लगाने में भी मददगार हो सकता है। इस खोज को लेकर दुनिया के कई अस्पतालों में बड़े स्तर पर परीक्षण चल रहे हैं।

## बेंगलुरु सीट ब्लॉकिंग घोटाला : 17 ठिकानों पर छापेमारी में ईडी को मिले अहम सबूत

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** ईडी को बेंगलुरु के निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में सीट ब्लॉकिंग घोटाले में अहम सुराग हाथ लगे हैं। ईडी की टीमों ने 25 और 26 जून को सीट ब्लॉकिंग घोटाले के सिलसिले में 17 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की थी। ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत की गई। ईडी को इस छापेमारी में काफी सफलता मिली। मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों से संबंधित कई आपत्तिजनक दस्तावेज और अन्य डिजिटल डिवाइस मिले, जिन्हें ईडी ने जब्त कर लिया। इसके अलावा कार्रवाई में निजी संस्थानों में कुछ मुख्य कोर्सेज में प्रवेश प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर सीट ब्लॉकिंग और नकदी के इस्तेमाल से जुड़े साक्ष्य सामने आए। दस्तावेजों से पता चला है कि इन कॉलेजों में व्यापक स्तर पर सीट ब्लॉकिंग की जाती थी और नकद पैसे के जरिए एडमिशन कराए जाते थे, खासतौर पर अहम प्रोफेशनल कोर्सेज में। प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने जिन जगहों पर छापे मारे, उनमें बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और इनसे जुड़े लोगों के दफ्तर शामिल थे। साथ ही कुछ एजुकेशन कंसल्टेंसी कंपनियों और निजी एजेंटों के ठिकानों पर भी तलाशी ली गई, जो इस घोटाले से जुड़े हैं। ईडी की जांच में सामने आया कि एजेंट और एजुकेशन कंसल्टेंसी का व्यापक नेटवर्क बना हुआ था, जिसका इस्तेमाल इन संस्थानों में दाखिले के लिए देशभर से छात्रों को लाने के लिए किया जाता था। मैनेजमेंट कोटे की सीटों पर एडमिशन पारदर्शी तरीके से नहीं, बल्कि नकद पैसे और बाहरी दबाव के आधार पर किया जाता था।

जांच एजेंसी की हालिया कार्रवाई में अहम सबूतों के अलावा करीब 1.37 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई, जो आपराधिक तरीके से कमाई गई थी। इस मामले की शुरुआत तब हुई जब कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण ने एक एफआईआर दर्ज कराई।

## पाकिस्तान : उत्तरी वजीरिस्तान में आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिकों की मौत, 29 लोग घायल

**इस्लामाबाद(आईएएनएस)।** खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खादी इलाके में शनिवार सुबह हुए आत्मघाती हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 29 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट मशरिक टीवी ने सुरक्षा एजेंसियों का हवाला देते हुए बताया कि सेना के काफिले के गुजरने के कारण इलाके में कर्फ्यू के दौरान एक आत्मघाती हमलावर ने बम निरोधक टीम से संबंधित एक माइन-रेसिस्टेंट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) वाहन से विस्फोटक से लदा एक वाहन टकरा दिया। शक्तिशाली विस्फोट के कारण 13 सैन्यकर्मी मारे गए और 19 आम नागरिकों सहित 29 लोग घायल हो गए। क्षेत्र में अंधाधुंध गोलीबारी की भी खबरें हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित 19 नागरिक घायल हो गए। रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों सहित कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

## आईपीएस पराग जैन को 'रॉ' का नया प्रमुख नियुक्त किया गया, रवि सिन्हा की जगह लेंगे



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जिनका मौजूदा कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। जैन 1 जुलाई 2025 को दो साल के निश्चित कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करेंगे। पराग जैन सिन्हा के बाद दूसरे नंबर पर थे। उन्होंने आतंकवाद निरोधक विशेषज्ञ माना जाता है और उन्हें खास तौर पर अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने वाले आतंकवाद निरोधी विशेषज्ञ के रूप में उनकी विशेषज्ञता, विशेष रूप से सीमा पार आतंकी नेटवर्क को डिकोड करने में, आने वाले वर्षों में रॉ की स्थिति को आकार देने की उम्मीद है। जैन की नियुक्ति भारत के कुछ सबसे संवेदनशील सुरक्षा परिदृश्यों में सामने आई है। वह वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया दावा

# गाजा में अगले हफ्ते तक लागू हो सकता है सीजफायर : ट्रंप

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल-ईरान युद्ध विराम के बाद बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा है कि एक हफ्ते के अंदर अब गाजा पट्टी में भी युद्ध विराम हो जाएगा। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने युद्धविराम विराम और बंधकों की रिहाई के लिए समझौते को सुरक्षित करने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। हालांकि, ट्रंप ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। 'व्हाइट हाउस' में ट्रंप कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा के विदेश मंत्रियों की मेजबानी कर रहे थे। इस दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, गाजा में स्थिति भयावह है, और इसे देखते हुए हम उस क्षेत्र में बहुत सारा पैसा और बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, सैद्धांतिक रूप से हम इसमें शामिल नहीं हैं, लेकिन हम इसमें शामिल भी हैं, क्योंकि लोग मर रहे हैं। मैं उन लोगों की भीड़ को देखता हूं, जिनके पास न तो भोजन है, न ही कुछ और। इसके साथ ही ट्रंप ने अफसोस जताते हुए कहा कि कुछ सहायता को 'बुरे लोग' चुरा रहे हैं, लेकिन नई गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) प्रणाली 'काफी अच्छी' है। ट्रंप ने कहा कि अन्य देशों को मदद के लिए आगे आना चाहिए।



● ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कही यह बात

अमेरिका के अलावा, अन्य देश गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) से दूर रहे हैं। इसकी विवादास्पद प्रणाली के कारण गाजा के लोगों को भोजन लेने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, उन्हें आईडीएफ रेखा को पार करना पड़ता है। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बयान अहम है, क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के शीर्ष सहयोगी और स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डर्मर अगले हफ्ते वॉशिंगटन जाने वाले हैं। ज्ञात हो कि 7 अक्टूबर 2023 में इजरायल के नोवा फेस्टिवल में हमास के अचानक किए गए हमले के बाद इलाके में तनाव बढ़ा। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बना लिया गया था। हमले के बाद ही इजरायल ने गाजा पर हवाई हमले शुरू कर दिए थे।

## आईडीएफ कभी भी नागरिकों को निशाना नहीं बनाता : इजरायल



**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायल के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के बयानों की आलोचना की। गुटेरेस ने गाजा में भेजी जा रही मानवीय मदद को लेकर इजरायल को जिम्मेदार ठहराया था और वहां युद्धविराम की अपील की थी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) नागरिकों पर हमला नहीं करता है। गुटेरेस ने कहा था कि गाजा में हालात बेहद भयानक हैं, लोग सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए खाना जुटाने की कोशिश में मारे जा रहे हैं, और किसी के लिए खाना तलाशना मौत की सजा नहीं होना चाहिए। यूएन महासचिव ने गाजा मानवीय सहायता संगठन (जीएचएफ) पर कथित हमलों की भी चर्चा की और कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून का बार-बार उल्लंघन हो रहा है, और ऐसा होने पर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की विफलताओं और हमास की करतूत के लिए इजरायल को दोषी ठहराना एक जानबूझकर की गई रणनीति है। जीएचएफ अब तक फिलिस्तीनी नागरिकों को सीधे 46 मिलियन से अधिक भोजन उपलब्ध करा चुका है, हमास को नहीं। फिर भी संयुक्त राष्ट्र इस प्रयास का विरोध करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इजरायल ने कहा कि यूएन इस तरह हमास का साथ दे रहा है, जबकि हमास खुद जीएचएफ के राहत कार्यों में बाधा डालता है। मंत्रालय ने कहा, इजरायल की सेना (आईडीएफ) कभी भी आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाती। जो ऐसा कहता है, वह झूठ बोल रहा है।

### आचार्य विद्यानंद भारतीय परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ

## हमें विकास और विरासत को साथ लेकर बढ़ना है : पीएम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को दिल्ली में जैन मुनि आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा कि हमें विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी संकल्प को केंद्र में रखकर हम भारत के सांस्कृतिक स्थलों और तीर्थ स्थानों का भी विकास कर रहे हैं।

जैन मुनि आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्राकृत भारत की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है। ये भगवान महावीर के उपदेशों की भाषा है। लेकिन अपनी संस्कृति की उपेक्षा करने वालों के कारण ये भाषा सामान्य प्रयोग से बाहर होने लगी थी। हमने आचार्य श्री जैसे संतों के प्रयासों को देश का प्रयास बनाया। हमारी सरकार ने प्राकृत को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया। हम भारत की प्राचीन पाण्डुलिपियों को डिजिटाइज करने का अभियान भी चला रहे हैं। आचार्य विद्यानंद महाराज कहते थे कि जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब जीवन स्वयं ही सेवामय बन जाए। उनका ये विचार जैन दर्शन की मूल भावना से जुड़ा हुआ है, ये विचार भारत की चेतना से जुड़ा हुआ है। भारत सेवा प्रधान देश है, मानवता प्रधान देश है।

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में जब हजारों वर्षों तक हिंसा को हिंसा से शांत करने के प्रयास हो रहे थे, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की शक्ति का बोध कराया। हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा। सब साथ चलें, हम मिलकर आगे बढ़ें। यही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज के चरणों में नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ये प्रार्थना करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके शताब्दी समारोह के दौरान डाक टिकट और सिक्के जारी किए।



### 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि को मां भारती के चरणों में अर्पित करता हूं

पीएम ने कहा कि आज इस अवसर पर आपने मुझे 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है, मैं खुद को इसके योग्य नहीं समझता हूं। लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। इसलिए मैं आपके इस प्रसाद को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं और मां भारती के चरणों में अर्पित करता हूं।

# पहली बार मोबाइल ऐप से बिहार विधानसभा चुनाव में होगा मतदान

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहली बार मोबाइल ऐप के जरिए मतदान होने जा रहा है। कहां? बिहार विधानसभा चुनाव में। जो लोग मतदान केंद्र पर जाने में सक्षम नहीं हैं जैसे-वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं और दूसरे राज्य में रहने वाले मतदाता, इन सबके लिए यह सुविधा देने की बात है। तब क्या इस वोटिंग ऐप में छेड़छाड़ करके तंत्र पर नियंत्रण रखने वाली सत्ता या लोग इसका बेजा लाभ उठा धांधली कर सकते हैं? क्या इस वोटिंग ऐप का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है? इस बारे में चुनाव आयोग वही कह रहा है जो महाराष्ट्र चुनावों का दस्तावेज माँगने या इसी तरह कहीं विवादित जगह का प्रमाण मांगने पर जवाब देता है। जो भी हो, चुनाव आयोग के अनुसार-ऑनलाइन वोट डालने के लिए मतदाताओं के पास अपने फोन में ऐप होना चाहिए तब ही वे मतदान कर पाएंगे।इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मतदाता को




● वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं व दूसरे राज्य में रहने वाले मतदाताओं को मिलेगी सुविधा

E-SECBHR ऐप को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करना होगा। इसके बाद मतदाता सूची में एड अपने नंबर को इससे लिंक करना होगा। यह ऐप फिलहाल एंड्रॉयड मोबाइल में ही काम करेगा। इस ऐप का निर्माण सेंटर फॉर डेवलपमेंट फॉर एडवांस कंप्यूटिंग ने बनाया है। वहीं एक और ऐप को बिहार चुनाव आयोग ने बनाया है। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए, केवल दो पंजीकृत मतदाताओं को एक मोबाइल नंबर का उपयोग करके लॉग इन करने की अनुमति है। प्रत्येक वोट की जांच और सत्यापन मतदाता पहचान पत्र का उपयोग करके किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि लगभग 10,000 मतदाता पहले ही ई-वोटिंग प्रणाली के लिए पंजीकृत हो चुके हैं तथा लगभग 50,000 से अधिक मतदाता मतदान केन्द्रों पर जाने के बजाय ऑनलाइन मतदान करेंगे।जब उनसे पूछा गया कि मतदान प्रक्रिया कैसे सुरक्षित और निष्पक्ष रहेगी, तो उन्होंने मजबूत डिजिटल सुरक्षा उपायों की रूपरेखा बताई जो लागू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली में ब्लॉकचेन तकनीक, फेस मैचिंग और स्कैनिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसके साथ छेड़छाड़ न की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि वोटों का रिकॉर्ड रखने के लिए एक ऑडिट ट्रेल होगा - विधानसभा व लोकसभा चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के साथ इस्तेमाल किए जाने वाले वीवीपीएटी (वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) के समान।

### आईएसआईएस से जुड़े आतंकी साकिब नाचन की इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से जुड़े साकिब अब्दुल हमीद नाचन की शनिवार सुबह सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में दिसंबर 2023 से बंद था। साकिब पहले भी देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है और उस पर 2002-03 में मुंबई में हुए सीरियल बम धमाकों में शामिल होने का आरोप भी था। तिहाड़ जेल प्रशासन के प्रवक्ता अरविंद कुमार के अनुसार, साकिब नाचन को 22 जून को तबीयत खराब होने के बाद जेल की डिस्पेंसरी में ले जाया गया। वहां से स्थिति गंभीर होने पर उसे डीडीयू अस्पताल और फिर 25 जून को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। साकिब नाचन महाराष्ट्र के ठाणे जिले के पधगा का निवासी था। वह प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का पूर्व पदाधिकारी था।




# मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का निधन

कांटा लगा गर्ल के नाम से मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला ने अचानक इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत की खबर से उनके फैंस और इंडस्ट्री में गहरा सदमा है। शेफाली मात्र 42 साल की थीं। उनके निधन की पुष्टि विक्की लालवानी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेफाली को अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल उनकी मौत की वजह सामने नहीं आई है और इसे लेकर जांच जारी है। अस्पताल स्टाफ के मुताबिक, शेफाली जरीवाला को जब अस्पताल लाया गया, तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया था। बताया जा रहा है कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उनके पति पराग त्यागी उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। अब शेफाली हमारे बीच नहीं रहीं।

### डॉक्टर की पुष्टि

विक्की लालवानी की सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी दावा किया गया है कि उन्होंने अस्पताल के डॉ. सुशांत से बातचीत की थी। डॉक्टर ने शेफाली जरीवाला के निधन की पुष्टि करते हुए कहा, "हम शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज रहे हैं।" अब सबकी निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे पता चल सकेगा कि उनकी मौत की असली वजह क्या थी। शेफाली जरीवाला ने अपने करियर की धमाकेदार शुरुआत 'कांटा लगा' गाने से की थी, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। हालांकि ये गाना लंबे समय तक विवादों में भी रहा। दिलचस्प बात ये है कि करियर के शुरुआती दौर में ही किसी ने उनकी मौत की झूठी अफवाह भी फैला दी थी।

